www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, रविवार, 12 नवंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 194 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु.

## शुभकामनाएं

दीप पर्व पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं एवं शुभचिंतकों को देशबन्धु परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं...

– संपादक

## अवकाश की सूचना

दीपावली पर्व पर देशबन्धु कार्यालय में 12 नवंबर को अवकाश रहेगा। पाठकों को देशबन्धु का अगला अंक मंगलवार, 14 नवंबर को प्राप्त होगा।

– प्रबंधक

## दीयों से जगमगाया सरयू घाट

अयोध्या के सरयू घाट पर आज दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान 22 लाख से ज्यादा दीये सरयू नदी के घाट पर जलाए गए हैं। जिसके बाद एक बार फिर सरयू घाट पर रिकॉर्ड बन गया है। इसके अलावा रेजर शो, आतिशबाजी भी की गई। इससे पहले सुबह श्रीराम के अयोध्या आगमन को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाते हुए भव्य शोभा यात्रा निकली गई। दोपहर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी सभी का स्वागत किया।



# प्रदेश में महतारी वंदन योजना संचालित नहीं : अकबर

## चुनाव के समय प्रलोभन दे रही भाजपा

**रायपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस घोषणा-पत्र समिति के संयोजक व मंत्री मो. अकबर ने भाजपा के महतारी वंदन योजना को लेकर कहा कि प्रदेश में ऐसी कोई योजना संचालित नहीं हो रही है। भाजपा गलत तरीके से फॉर्म भरा कर जनता कोप्रलोभन दे रही है। भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। कौन सा विभाग संचालित कर रहा है, सक्षम अधिकारी कौन है ।फार्म में इसकी कोई जानकारी नहीं है ।उन्होंने कहा भाजपावोट के लिए जनता को ठगने में जुटी हुई है ।यदि यह योजना पूरे प्रदेश के लिए है तो पहले चरण की 20 सीटों पर जहां मतदान हो गया है ।वह पर भाजपा यह फॉर्म क्यों नहीं भरवा रही है।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि 2018 में हमने जो वादें किये थे सभी हमने पूरे किए हैं. 2018 में जिस तरह से किसानों का कर्जा माफ किया था, उसी तरह आगे भी करेंगे ।किसानों को न्याय योजना का लाभ पहले की तरह मिलता रहेगा। सरकार केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देगी। इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई भी मुफ्त होगी ।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा फार्म भरने को लेकर हम जनता को केवल समझाइश दे सकते हैं। घोषणा पत्र की नकल करने को लेकर कहा हम किसी की नकल नहीं करते है। पिछली बार अपने दम पर 68 सीटों पर जीतकर आए थे ।इस बार 75 सीटो पर जीतेगे ।गिरीश देवांगन ने कहा भाजपा ने धोखा देने का काम किया है। महतारी योजना के नाम पर महिलाओं को भरमाने का काम किया जा रहा ही ।उन्होंने कहा यह महिलाओं को धोखा देने व ठगी करने का इरादा है। पत्रकार वार्ता मेंसंचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला, महामंत्री मलकीत सिंह, महेंद्र सिंह छाबड़ा भी मौजूद थे।



## महतारी वंदन योजना फॉर्म भराये जाने पर भाजपा प्रत्याशी को नोटिस


छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का प्रथम चरण 7 नवंबर को हो गया है। दूसरे चरण के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है ।इस बीच कांग्रेस नेता की शिकायत पर भाजपा प्रत्याशी को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। कांग्रेस नेता पवन अग्रवाल ने निवाचन आयोग में किया था कि भाजपा महिला वोटरों को लुभाने की कोशिश में महतारी वंदन योजना के फॉर्म भरावा रही है ।जिसमें प्रति महीने 1 हजार रुपए देने की बात कही जा रही है। कांग्रेस की शिकायत पर चुनाव आयोग ने एक्शन लिया है ।चुनाव आयोग ने दो जिलों में भाजपा प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया है।

कांग्रेस ने फॉर्म भराये जाने के संबंध में केंद्रीय चुनाव आयोग से भी शिकायत की थी। जिसमें कांग्रेस ने कहा था कि भाजपा द्वारा प्रदेश भर में महिला वोटरों को लुभाने के लिये फर्जी तरीके से फार्म भरवाया जा रहा है ।यह फार्म पूरी तरह से अवैध है और महिला मतदाताओं को प्रलोभन देने का प्रयास है ।भाजपा के इस फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया को चुनाव आयोग ने गलत मानते हुए जिला निर्वाचन अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिये है ।इसी संबंध में सारंगढ़ प्रत्याशी को रिटर्निंग ऑफिसर ने नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर किया पलटवार

# जुमलेबाजों पर भरोसा नहीं करना चाहिए नगरनार नहीं बेचेंगे, इसकी क्या गारंटी?

**रायपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विधेयक को रोकने पर चीफ जस्टिस ने जो टिप्पणी की है वो बहुत गंभीर है ।पंजाब, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ में भी एक दर्जन बिल अटके पड़े हैं ।ये राजभवन में अटका हुआ है। भारतीय जनता पार्टी राज्यपाल राजभवन के माध्यम से सब कुछ कंट्रोल करना चाहती है ।ये प्रजातंत्र के लिए नुकसानदायक है।



पत्रकारों से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल ने अमित शाह द्वारा रोड शो में दिए बयान को लेकर कहा कि विष्णुदेव साय आदिवासी नेता हैं उसको आदिवासी दिवस के दिन पद से मुक्त किये थे। कद जीरो कर दिए थे। इनकी बातों पर भरोसा नहीं करना चाहिए ।अमित शाह ने कहा नगरनार नहीं बेचेगा इसकी क्या गारंटी है ।नगरनार बेचने वाली सूची में हैं। ये सब चुनाव के लिए जुमलेबाजी है और भाजपा में जुमले बाज लोग हैं ।इनकी बातों पर छत्तीसगढ़ की जनता विश्वास नहीं करती है। पहले देख चुके हैं।

दरअसल, अमित शाह जहां जा रहे हैं वहां प्रत्याशियों को कह रहे हैं आप जीत के दिखाओ आपका कद बढ़ा देंगे इस सवाल पर मुख्यमंत्री ये बात कही है ।राजनाथ सिंह के दौरे को लेकर भूपेश ने कहा पाटन पावन धरती है, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती है, राजनाथ सिंह का स्वागत है आएं अच्छी बात है ।उन्होंने कहा कि आज बिंद्रानवागढ़, राजिम, नगरी, सिहावा, उसके बाद धमतरी कुरुद विधानसभा का दौरा है। कल सभी विधानसभा में लोगों में जबरदस्त उत्साह था। सभी लोग कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए तैयार बैठे हैं।

### मध्य प्रदेश में भाजपा का संकल्प पत्र जारी

# लाडली बहनों को पक्के मकान का वादा

**भोपाल**, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आज जारी किए गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र (संकल्प पत्र) में महिलाओं, गरीबों, किसानों, युवाओं और विद्यार्थियों के साथ ही अन्य वर्गों को ध्यान में रखकर अनेक लोकलुभावन वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे रखकर मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा, मध्यप्रदेश का संकल्प पत्र 2023 दिया गया है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां पत्रकारों के समक्ष संकल्प पत्र के नाम से 90 से अधिक पेज का घोषणापत्र जारी किया। भाजपा ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी का चेहरा सामने रखकर राज्य के मतदाताओं से वादे किए हैं।



- आईआईटी की तर्ज पर एमआईटी खोलेंगे
- हर वर्ग के लिए किए लोकलुभावन वादे

**छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा**

गरीब, किसान लगभग हर वर्ग को साधा गया है। लाडली बहनों को पक्के मकान, गरीब परिवार के छात्रों को केजी से 12वीं तक तो छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का वादा किया गया है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की तर्ज पर मध्यप्रदेश के हर संभाग में मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खोलेंगे। इसी तरह हर संभाग में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की तर्ज पर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस शुरू करेंगे। सीनियर सिटीजन और दिव्यांग नागरिकों को 1500 रु. मासिक पेंशन दी जाएगी। अभी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# बीमार पत्नी से मिलने पहुंचे सिसोदिया

**नई दिल्ली**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बीमार पत्नी सीमा से मिलकर फिर से तिहाड़ जेल रवाना हो गए। सिसोदिया शनिवार 11 नवंबर को सुबह 10 बजे घर पहुंचे थे। कोर्ट ने उन्हें शाम 4 बजे तक यानी कुल 6 घंटे का वक्त दिया था।

सिसोदिया ने 9 नवंबर को राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दाखिल कर बीमार पत्नी से मिलने के लिए 5 दिनों का समय मांगा था। कोर्ट ने उन्हें केवल एक दिन के लिए पत्नी सीमा से मिलने की इजाजत दे दी थी। कोर्ट ने मनीष को निर्देश दिया था कि घर जाने के दौरान वे मीडिया या किसी अन्य राजनेता से नहीं मिलेंगे, ना ही कोई बयान जारी करेंगे। इससे पहले वे जून 2023 में गिरफ्तारी के 103 दिन बाद घर आए थे।


# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी

**देहरादून**, 11 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जल्द ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता हो सकता है। सूत्रों की मानें तो रंजना देसाई के नेतृत्व में बनी समिति दिवाली बाद अगले एक या दो दिन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंप सकती है। इसे लेकर राज्य में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी भी की जा रही है। माना जा रहा है नवंबर के अंत या दिसंबर के पहले हफ्ते तक विशेष सत्र बुलाकर यूसीसी को कानून का रूप दे दिया जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा जहां पर छ्ष्ट लागू होगा।

उत्तराखंड सरकार लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में यूसीसी को कानूनी रूप दे देगी। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पुष्कर सिंह धामी ने वोटिंग से एक दिन पहले ही उत्तराखंड में भाजपा सरकार आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। इसके बाद 27 मई 2022 को जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। इसमें चार सदस्य शामिल हैं। समिति ने प्रदेशभर में तकरीबन ढाई लाख लोगों से बात कर यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार किया है।

# भारत में दुनिया के मुकाबले 3 गुना तापमान बढ़ा

**नई दिल्ली**। नवंबर 2022 से अक्टूबर 2023 तक हर महीना इतिहास का सबसे गर्म महीना रहा है। ये 12 महीने दुनियाभर में 1890-1900 के औसत तापमान से 1.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म रहे। क्लाइमेट सेंट्रल नाम की एक अंतरराष्ट्रीय संस्था ने वेदर एट्रीब्यूशन एनालिसिस में ये जानकारी दी है। दुनिया के 170 देशों का औसत तापमान बढ़ा है, जिसके चलते 780 करोड़ लोग औसत से अधिक गर्म माहौल में रहने को मजबूर हुए।






# व्यय प्रेक्षक ओमप्रकाश व सुगेन्द्रन ने निर्वाचन व्यय निगरानी को लेकर एनफोर्समेंट एजेंसीज के नोडल अधिकारियों की ली बैठक

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023**

## व्यय निगरानी को बढ़ाने और कार्यवाही में प्रगति लाने के साथ आयोजनों की अनुमति की जांच के दिए निर्देश

### गाड़ियों की बारीकी से जांच के साथ रेलवे स्टेशनों में कड़ी रखने अधिकारियों को किया निर्देशित

**रायगढ़,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के चार विधानसभाओं के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक ओमप्रकाश एवं पी.सुगेन्द्रन ने आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में जिले में व्यय निगरानी व कार्यवाही के संबंध में एनफोर्समेंट एजेंसी के नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमें उन्होंने अब तक की कार्यवाहियों की समीक्षा की और आगामी कार्ययोजना को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय भी उपस्थित रहे। बैठक में व्यय प्रेक्षक श्री ओमप्रकाश ने व्यय निगरानी कार्य में संलग्न एनफोर्समेंट एजेंसी के नोडल अधिकारियों को व्यय निगरानी संबंधी कार्यवाही में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संलग्न विभाग आपसी समन्वय करते हुए आयोजित सभा तथा अन्य आयोजनों के अनुमति की जांच करें, जिससे संबंधित दल के खर्चों में व्यय को संधारित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए आबकारी विभाग को उनके चेक पोस्ट, मुखबिरो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी चेक पोस्ट में एक्टिव मोड़ में कार्य करते हुए, शराब तस्करी पर नजर रखें। इसके साथ ही होने वाले विक्रय की जानकारी उपलब्ध करवाए। स्थैतिक निगरानी दल को वाहनों की नियमित रूप से सघनता से जांच के निर्देश उन्होंने दिए। संदिग्ध वाहन एवं ऐसी गाडियां जिनके माध्यम से किसी भी प्रकार के अवैध परिवहन की आशंका हो उसकी बारीकी से जांच करें। उन्होंने जीआरपी को सभी स्टेशन के साथ ही ओडिशा से आने वाले गाडियों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने सीजी जीएसटी को जिले में स्थित गोदाम की जानकारी लेते हुए, जांच करने एवं आयकर विभाग को भी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यय प्रेक्षकों ने एफएसटी, एसएसटी तथा वीएसटी को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की कही भी सीज की कार्यवाही होने पर तत्काल इसकी जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने वाहनों की जांच हेतु गति नियंत्रण के लिए बेरीकेट के साथ फोर्स लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### व्यय प्रेक्षकद्वय से प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक कर सकते हैं मुलाकात, इन नंबर पर भी कर सकते हैं संपर्क

विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र के लिए 2 व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा एवं 16-रायगढ़ के लिए (आईआरएस) ओमप्रकाश को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। जिनका मोबा.नं.75870-16557 है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 18-खरसिया एवं 19 धरमजयगढ़ के लिए पी.सुगेन्द्रन (आईए एण्ड एएस) को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। जिनका मोबा.नं.75870.16558 है। दोनों व्यय प्रेक्षक पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक कलेक्टोरेट सृजन सभाकक्ष के आब्जर्वर कार्यालय, रायगढ़ में उपस्थित रहेंगे। जिले के राजनैतिक दल, मीडिया, प्रतिनिधि एवं आम जनता उनसे नियत समय में मिल सकते है।

# प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला

## अंतिम समय में योगेश अग्रवाल ने जमा किया नामांकन पत्र

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन जमा करने के आज अंतिम दिन योगेश अग्रवाल ने दावेदारी पेश की है। जिससे अब चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। नामांकन की अंतिम तिथि शुक्रवार को शाम 5 बजे तक थी। समय खत्म होने के पहले सवा चार बजे अपने समर्थकों के साथ पहुचकर निर्वाचन अधिकारी दिलीप अग्रवाल के समक्ष नामांकन पत्र जमा किया। अब चुनाव में देवेंद्र भृगु भाटापारा, परमानंद जैन रायपुर व योगेश अग्रवाल मैदान में है।



योगेश अग्रवाल प्रदेश एसोसिएशन के 2000-2018 तक अध्यक्ष रहे ।वर्तमान में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑल इंडिया राइस मिलर एसोसिएशन, अध्यक्ष अंतराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन छत्तीसगढ़ अध्यक्ष व्यापार मंडल है।

आज नामांकन जमा करने के अवसर पर प्रमुख रूप से विजय शर्मा, शबीर भाई ,प्रमोद जैन, शेख निरुदीन नरु भाई ,मनोज अग्रवाल, ईश्वर ललवानी,विवेक कुमार अग्रवाल, मोहम्मद शरीफ, लाल बहादुर गुप्ता, कुलदीप कुमार,संजय अग्रवाल, विकी शर्मा, अमित अग्रवाल टीनू अग्रवाल राहुल टांटिया दीपक अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल महेश अग्रवाल सत्यवान अग्रवाल के साथ ही बड़ी संख्या में मिलर उपस्थित थे।

प्रत्याशियों के द्वारा जमा नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। सभी के नामांकन सही पाए गए। नाम वापसी की अंतिम तिथि 15 नवंबर शाम 5 बजे तक है। 26 नवंबर रविवार को समय सुबह 10 बजे से शाम 5 तक मतदान का समय है ।प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन में 2290 सदस्य हैं। मतदान स्थल सरस्वती शिशु मंदिर का भवन ,सेक्टर 4 देवेंद्र नगर है। मतदान के पश्चात मतगणना उसी दिन कर विजयी प्रत्याशी की घोषणा कर दी जाएगी।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### लाड़ली बहनों को ...

यह 600 रु. है। 100 रु. में 100 यूनिट बिजली देंगे। सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील के साथ नाश्ता भी देने की बात कही है। भोपाल-इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में भी कमिश्नरेट सिस्टम लागू करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी के चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। संकल्प पत्र के वादे- गेहूं 2700 रु., धान 3100 रु. प्रति क्विंटल पर खरीदेंगे, हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोजगार, आयुष्मान योजना में 5 लाख रु. से ज्यादा खर्च होने पर प्रदेश सरकार खर्च उठाएगी, हर लोकसभा में मेडिकल कॉलेज, 5 साल में 2000 सीटें और जोड़ेंगे, बघेली, बुंदेली, गोंडी और भीली साहित्य अकादमियों की स्थापना, भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का नया कैम्पस बनाएंगे, जबलपुर और ग्वालियर में कमिश्नर प्रणाली लागू करेंगे, 7500 करोड़ का निवेश, 2 लाख युवाओं को इसमें रोजगार-स्वरोजगार देंगे।

# त्योहारी सीजन में रेलवे ने नहीं बढ़ाया अतिरिक्त कोच

**रायपुर,** 11 नवंबर। दीवाली और छठ दोनों बड़े पर्व नजदीक होने से इन दिनों महाराष्ट्र उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, अंबिकापुर,कोरिया समेत अन्य राज्यों की ओर जाने वाली अधिकांश ट्रेनें पूरी तरह से ठसाठस चल रही हैं। रेलवे का यह सबसे पीक यात्री सीजन है। बावजूद इसके किसी ट्रेन में अतिरिक्त कोच नहीं लगाया गया है। इसके कारण यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। हालात यह है सभी ट्रेनों में रिजर्वेशन टिकट की वेटिंग 100 के आसपास है। वहीं दुर्ग.साउथ बिहार एक्सप्रेस और सिकंदराबाद.दरभंगा जैसी ट्रेनों में नो रूम की स्थिति बन गई है। इन ट्रेनों में 15 से 17 नंवबर के बीच वेटिंग 200 पार हो गया है। ऐसे स्थिति में यात्रियों का सफर करना मुश्किल हो गया है। रायपुर स्टेशन होकर आने.जाने वाली एक्सप्रेस,मेल,सुपरफास्ट किसी भी ट्रेन में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। दुर्ग.सारनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर.पटना एक्सप्रेस किसी में भी टिकट कंफर्म होने की कोई उम्मीद नहीं है। दीवाली, धनतेरस और छठ पर्व पर सपरिवार अपने गृहग्राम जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों के बीच लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में कंफर्म टिकट पाने के लिए मारामारी मची हुई है। दूसरे दिनों की अपेक्षा इन दिनों रेलवे स्टेशन में सुबह से लेकर देर रात तक यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई है। हालात यह है कि जितनी भीड़ ट्रेनों में रहती हैए उतनी ही प्लेटफार्म पर ट्रेन आने का इंतजार करने वालों की रहती है। खासकर बिहार,उत्तरप्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली, ओडिशा की ओर जाने वाली अधिकांश एक्सप्रेस, मेल, सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की मारामारी मची है।



**दीवाली से छठ तक ट्रेनों में पैर रखने तक जगह नहीं**

**इन ट्रेनों में मची मारामारी**

दीवाली के चार दिन बाद से छठ पर्व है। ऐसे में दुर्ग.सारनाथ एक्सप्रेसए दुर्ग.साउथ बिहार एक्सप्रेसए सिकंदराबाद.दरभंगा और बिलासपुर.पटना एक्सप्रेस किसी में भी टिकट कंफर्म होने की कोई उम्मीद नहीं है। इन प्रमुख ट्रेनों के हर श्रेणी के कोच पूरी तरह से पैक हो चुके हैं। यहां तक की वेटिंग इतनी अधिक हो चुकी है कि नीचे बैठने तक की जगह यात्रियों को मिल पाना मुश्किल है।

**एकमात्र पूजा स्पेशल ट्रेन दौड़ रही**

सबसे बड़ा त्योहार दीवाली और छठ पूजा के दौरान सबसे अधिक आवाजाही होने के बावजूद भी अभी तक रेलवे प्रशासन केवल एक पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन हटिया.पुणे के बीच चलाना शुरू किया है। जबकि सबसे अधिक बिहार और उत्तरप्रदेश के बीच चलने वाली ट्रेनों में वेटिंग है। यही हाल हावड़ा.मुंबईए हावड़ा.अहमदाबादए सूरत समेत छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का है। लोग धक्कामुक्की खाते हुए जनरल कोचों में सफर करने को मजबूर हैं। त्योहार पर घर जाने के लिए लोग ट्रेनों की लंबी वेटिंग देखकर बस में सफर करने को विवश हो रहे हैं।

**खिड़कियों से आ.जा रहे यात्री**

दीवाली और छठ पूजा नजदीक आते ही सभी ट्रेनें फुल हैं। हालत यह है कि दरवाजे में पैर रखने के लिए जगह नहीं है। स्टेशन में ट्रेन के पहुंचते ही यात्रियों के बीच आपाधापी मच जाती है। इस आपाधापी के बीच ट्रेन कहीं छूट न जाए यह सोचकर यात्री खिड़कियों से भीतर घुसने की मशक्कत करते देखे जा सकते हैं। रोज.रोज यह नजारा देखने के बावजूद न पूजा स्पेशल ट्रेन न चलाई जा रही है और न ही किसी ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

**नवंबर भर ट्रेनें पैक**

यात्रियों की आवाजाही इतनी तेजी से बढ़ी है कि अब सभी ट्रेनों में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। इसलिए सूची लंबी होती है। रेलवे के मुख्य रिजर्वेशन आफिस के कर्मचारियों का कहना है कि नवंबर तक लंबी दूरी की सभी ट्रेनें पूरी तरह से पैक हो चुकी हैं। ऐसा कोई कोच नहींए जिसमें वेटिंग सूची 100.200 पार न कर गया हो। ऐसे में दिसंबर के प्रथम सप्ताह के बाद ही कंफर्म बर्थ यात्रियों को मिलेगी।

# कीमत बढ़ी, फिर भी मिट्टी का दीया पहली पसंद

- दुकान,घर के अलावा मंदिरों में भी दीपदान करने की परंपरा
- घर के मुख्य द्वार पर मिट्टी का दीपक प्रज्ज्वलित करना शुभ

**बिलासपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व में पांच दिनों तक घर.घर के मुख्य द्वार पर मिट्टी का दीपक प्रज्ज्वलित करना शुभ माना जाता है। यही कारण है कि बाजार में मिट्टी के दीये खरीदने के लिए लोग उमड़ पड़े। पिछले साल की अपेक्षा कीमत में बढ़ोतरी हुई है। फिर भी लोगों की पहली पसंद मिट्टी का दीया ही रहा। डिजाइनर दीपों की अपेक्षा मिट्टी के साधारण दीये ज्यादा बिके धनतेरस की पूर्व संध्या पर बाजार में डिजाइनर दीयों की अपेक्षा लोगों ने मिट्टी के दीयों को खरीदने में ज्यादा रुचि ली। आमापारा में खरीदारी करने आए मयूर कुमार ने बताया कि उनके घर में धनतेरस पर कम से कम 13 दीपक प्रज्वलित किया जाता है। इसके बाद रूप चौदस से लेकर भैया दूज तक प्रतिदिन 25 से 50 दीपक मुख्य द्वार से लेकर छत तक जलाते हैं। भले ही आकर्षक विद्युत साज.सज्जा क्यों ना हो।

मिट्टी का दीपक जलाने की परंपरा दादाए परदादा के जमाने से चली आ रही है। एक और ग्राहक गोविंद शर्मा ने बताया कि वे अपनी दुकानए घर के अलावा मंदिरों में भी दीप दान करने की परंपरा निभाते आ रहे हैं। वे 200 दीयों की खरीदारी करते हैं। घर के द्वार के अलावा रसोईघरए बाथरूम में भी दीया प्रज्वलित करके अवश्य रखते हैं।



**एक थाल में 51 से अधिक दीये**

महाआरती के लिए कई स्टैंड वाले दीये,लालटेन की आकृति का दीया और दीवार पर लटकने वाले अनेक खूबसूरत दीयों से दुकानें सजी हैं। सबसे आकर्षक दीये की कीमत 250 से 300 रुपये है, जो मिट्टी की बड़ी थाल में एक साथ 51 या 101 दीये रखकर बनाए गए हैं। आम लोग पारंपरिक दीये ही पसंद करते हैंए लेकिन उच्च वर्ग के लोगों में डिजाइनर दीयों की मांग है। खासकर टेराकोटा का दीया विशेष रूप से पसंद किया जा रहा है।

**20 से 25 हजार की कमाई**

दीया विक्रेता रामचरण प्रजापति ने बताया कि उनके परिवार के पांच सदस्य एक महीना पहले से ही दीयों को बनाने में जुट जाते हैं। दीपावली के सीजन में वे 20.25 हजार रुपये की कमाई कर लेते हैं। प्रत्येक कुम्हार इतने रुपये कमा ही लेता है। इसके लिए पूरे परिवार को जुटना पड़ता है। घर.घर में प्रज्ज्वलित किए जाने वाले परंपरागत साधारण मिट्टी के दीयों से लेकर डिजाइनर दीयों को भी पसंद किया जा रहा है।

**कई आकृति वाले दीये लुभा रहे**

जीई रोड में साइंस कॉलेज, कालीबाड़ी तिराहा, गांधी उद्यान के समीप फुटपाथ पर राजस्थान, गुजरात व मध्यप्रदेश से कुछ लोग डिजाइनर दीये लेकर आए हैं। उच्च वर्ग के लोग इन्हें पसंद कर रहे हैं, इनकी कीमत प्रति दीए 10 रुपए से लेकर 200 रुपए तक है। डिजाइनर दीयों में कमल फूल, गुलाब फूल, भगवान गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, स्वास्तिक, ओम की आकृति वाले दीये ग्राहकों को लुभा रहे हैं।

## टिकरापारा में साड़ियों से भरी वैन पकड़ाई

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के टिकरापारा इलाके में पुलिस ने वैन में भरी साड़ियां जब्त की है। यह पूरा माल हरदेव लाल मंदिर के पास से जब्त किया गया है। पुलिस को शक है कि ये साड़ियां चुनाव में खपाने के लिए लाई जा रही थी। हालांकि अभी इस मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 04 एमएच 6313 बताया है कार में सवार दो व्यक्ति पंकजवासी और शेषनारायण को पकड़ा गया है समूची कार्रवाई जीएसटी टीम के द्वारा की गई

**NECC**

| 12.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 550 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 195 |

डिलीवरी 565 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

फार्मेट सी-1

(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य

अभ्यर्थी का नाम और पता: विजय केशरवानी नर्मदा नगर बिलासपुर (छ.ग.)

राजनैतिक दल का नाम: इंडियन नेशनल कांग्रेस

**(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)**

निर्वाचन का नाम: विधानसभा छत्तीसगढ़

निर्वाचन क्षेत्र का नाम: 31 बेलतरा

मैं **विजय केशरवानी** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (1) | श्रीमान न्या.द.प्र. श्रेणी बिलासपुर श्रीमान गिरीश पाल साहब | खात्मा क्र. 50/20 30/10/20 | खात्मा लंबित पेशी ता. 29/04/24 | 147, 148, 186, 353, 294, भा.द.वि. |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (खे) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दंड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| | निरंक | निरंक | निरंक |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**फार्मेट सी-**

**आपराधिक मामलों के बा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिकी (सिविल) सं. 536 में मा

सितम्बर, 2018 के निर्णय अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउं

अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **रामकुमार यादव**, ग्राम- जमग

सक्ती।

राजनैतिक दल का नामः **इंडियन नेशनल कॉंग्रेस।**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय लिखें")

निर्वाचन का नाम : **विधानसभा सामान्य निर्वाचन।**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **36 चन्द्रपुर**

मैं रामकुमार यादव (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन

अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घ

| क्र. | लंबित आपराधिक मामले | | |
|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों की स्थिति |

# देश

**उवाच**

"जिस ड्राइवर के बयानों के आधार पर मुख्यमंत्री बघेल पर अनर्गल आरोप लगाए गए हैं वह भाजपा का कार्यकर्ता है। वह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पांडे के अन्य सहयोगी पीयूष मिश्रा का सहयोगी है।

–प्रमोद तिवारी, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23° | 16° |
| मुंबई | 31° | 27° |
| कोलकाता | 27° | 2° |
| चेन्नई | 28° | 25° |

# छग चुनाव के दूसरे चरण में रायपुर के रण में सूरमाओं की अग्नि परीक्षा

- दूसरे चरण में कई नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर
- जिले की छह सीटों पर कांग्रेस व एक पर भाजपा का है कब्जा

**रायपुर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पहले चरण की 20 सीटों पर मतदान होने के बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इस दौर में कितनी सीटें किसके पाले में गईं। इसके साथ ही सबकी नजर बची हुई 70 सीटों पर है। दूसरे दौर में राजधानी के रण पर सबकी नजर होगी क्योंकि यहां प्रदेश की राजनीति में खासा दखल रखने वाले नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। जिले की छह सीटों पर कांग्रेस और एक पर भाजपा का कब्जा है।

रायपुर पश्चिम में भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है। जिले का सियासी गणित समझने के लिए शहर के रजबंधा मैदान स्थित किसी भी चाय की दुकान पर थोड़ा वक्त गुजारना पड़ेगा। एक दुकान पर मिले शिक्षक ने बताया लड़ाई इस बार कांटे की है। एक मतदाता ने रायपुर उत्तर में सिंधी समाज की नाराजगी से कांग्रेस को नुकसान बताया। रायपुर दक्षिण के कांग्रेस प्रत्याशी को मजबूत माना



लेकिन उनकी सफलता पर संशय भी जाहिर किया। शहरी मतदाता रेवड़ी संस्कृति से नाराज हैं तो ग्रामीण इसे बड़ी राहत मानते हैं। एक ढाबे पर एक फैक्टरी कर्मी ने कहा बताया कि शहर के सभी विकास कार्य भाजपा के समय हुए। कांग्रेस राज में कोई नया काम नहीं शुरू हुआ।

लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता ने कहा कि कांग्रेस ने गांव और किसान का ख्याल रखा। हालांकि, बिजली बिल माफी और बेरोजगारी पर उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर पाई। रायपुर दक्षिण सीट से 1990 से लगातार सातवीं बार विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को आठवीं जीत से रोकने के लिए कांग्रेस ने दूधाधारी मठ के मठाधीश महंत रामसुंदर दास को मैदान में उतारा है। शहर में दोनों नेताओं की अच्छी पकड़ होने के नाते मुकाबला दिलचस्प है। समर्थकों का मानना है कि इस बार मुकाबला काफी करीबी होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी महंत रामसुंदर दास वर्तमान में गोसेवा आयोग के अध्यक्ष हैं।

रायपुर ग्रामीण से कांग्रेस ने सात बार के विधायक 80 वर्षीय सत्यनारायण शर्मा की जगह बेटे पंकज शर्मा को यहां से उतारा है। 1985 में पहली बार चुने गए सत्यनारायण इस सीट से सिर्फ एक बार 2008 में हारे थे। उनके बेटे पंकज भी दो दशक से अधिक समय से संगठन से जुड़े हैं। भाजपा ने पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल साहू को उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। यहां ओबीसी मतदाता निर्णायक हैं। रायपुर पश्चिम से भाजपा के पूर्व मंत्री रहे राजेश मूणत और कांग्रेस से वर्तमान विधायक विकास उपाध्याय आमने-सामने हैं। पिछले चुनाव में मूणत की लगातार तीन जीत का क्रम तोड़ते हुए विकास ने सफलता हासिल की थी। संसदीय सचिव विकास क्षेत्र में सक्रियता के चलते लोकप्रिय हैं।

धरसींवा सीट से कांग्रेस ने विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा का टिकट काटकर पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा को उतारा है। उनके मुकाबले में भाजपा ने छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सितारे पद्मश्री अनुज शर्मा की लोकप्रियता को भुनाने की कोशिश की है।

### मंत्री शिवकुमार डहरिया की राह आसान नहीं

आरंग सीट से इस बार मंत्री शिवकुमार डहरिया की राह आसान नहीं है भाजपा ने उनके खिलाफ सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास के पुत्र गुरु खुशवंत सिंह को मैदान में उतारा है। गुरु बालदास पहले कांग्रेस में थे। वह इसी साल भाजपा के पाले में आए और बेटे को टिकट दिलाने में भी सफल रहे। क्षेत्र में सतनामी मतदाताओं का अच्छा प्रभाव है। रायपुर उत्तर से कांग्रेस ने लगातार तीसरी बार कुलदीप जुनेजा को टिकट देकर सिंधी समाज की नाराजगी मोल ले ली है। नाराज अजीत कुकरेजा बागी होकर मैदान में हैं। वहीं, भाजपा ने छत्तीसगढ़ सर्व उड़िया समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा पर दांव खेलकर जुनेजा को घेरने की कोशिश की है। समाजसेवी की छवि वाले पुरंदर के उड़िया समाज के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है।

# मिजोरम में वोट डालने में पुरुषों से आगे रहीं महिलाएं

**आइजोल,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। मिजोरम विधानसभा चुनाव में 7 नवम्बर को पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं में वोट डालने को लेकर ज्यादा उत्साह दिखा।



अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ चुनाव अधिकारी ने सभी 11 जिलों से अंतिम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मंगलवार को हुए शांतिपूर्ण मिजोरम विधानसभा चुनाव में कुल 8.57 लाख मतदाताओं में से लगभग 80.66 प्रतिशत (6,87,334) ने 174 उम्मीदवारों (16 महिला उम्मीदवार सहित) की किस्मत का फैसला करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पहाड़ी राज्य में महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 81.25 था जबकि 80.04 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। ईसाई बहुल मिजोरम में महिलाएं हमेशा पुरुष मतदाताओं से आगे रहती हैं। राज्य की गत 4 अक्टूबर को प्रकाशित अद्यतन मतदाता सूची में कुल 8,57,063 मतदाता हैं जिनमें 51.22 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। मतदाता सूची में कुल 4,39,026 महिलाएं और 4,13,062 पुरुष हैं। मिजोरम के 11 जिलों में से केवल ममित जिले के अल्पसंख्यक समुदाय में पुरुष मतदाताओं (32,723) की संख्या उनकी महिला मतदाताओं (32,064) से अधिक है।

# कमलनाथ के खिलाफ इंदौर में लगे विवादित पोस्टर

- कांग्रेस की शिकायत पर मामला दर्ज
- शिकायत के बाद हटा लिए गए पोस्टर

**इंदौर,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनावी माहौल में अब विवादित और आपत्तिजनक पोस्टर लगाने की राजनीति शुरू हो गई है। इंदौर के पाटनीपुरा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के खिलाफ विवादित पोस्टर लगे। जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज कराई और चुनाव आयोग को शिकायत की। इसके बाद एमआईजी पुलिस ने केस दर्ज किया है। पोस्टर पर पंजाब में आंतकियों की फंडिंग से जुड़े आरोप लगाए गए थे। होर्डिंग में लगाने वाले का नाम मध्य प्रदेश युवा मंच लिखा गया है। शिकायत के बाद पोस्टर हटा लिए गए। नगर निगम ने संपत्ति विरुपण अधिनियम के तहत भी एक्शन लिया है, क्योकि जिस गेंट्री पर पोस्टर लगा था। वह नगर निगम की संपत्ति है औरर पोस्टर लगाने की अनुमति भी नहीं ली गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से फुटेज भी खंगाले। पुलिस को पोस्टर लगाने वालों की जानकारी मिली है। पाटनीपुरा चौराहे के समीप गत शुक्रवार को कमलनाथ, आंतकवाद और पंजाब पर टिप्पणी करते हुए पोस्टर लगाया गया था। पोस्टर पर मध्य प्रदेश युवा मंच भी लिखा हुआ था। कांग्रेस की शिकायत के बाद सक्रिय हुए पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से पोस्टर लगाने वालों की जानकारी जुटाई। सूत्रों के अनुसार कुछ युवकों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के जरिए हुई है। पोस्टर रात के समय लगाए गए थे। इस मामले में कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश सिंह यादव का कहना है कि भाजपा बौखला



गई है, इसलिए कमल नाथ की छवि गलत आरोप लगाकर धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। इस तरह के पोस्टर से धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश की भी जा रही है। पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद नगर निगम ने विवादित पोस्टर हटा लिए है। वहीं दूसरी ओर कमलनाथ शनिवार को निवाड़ी जिले में पहुंचे। वहां उन्होंने अपने निवाड़ी विधानसभा और पृथ्वीपुर विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड आते हुए एक बात का बहुत दुख होता है, मैं केंद्र में मंत्री था और कांग्रेस की सरकार थी। हमने आठ हजार करोड़ का बुंदेलखंड पैकेज बनाया, आठ हजार करोड़ रुपए मध्य प्रदेश भेजे। लेकिन यह बुंदेलखंड पैकेज तो नहीं रहा, बुंदेलखंड घोटाला बन गया।

## सार संक्षेप

### मुंगेली में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे मोदी

**मुंगेली।** बिलासपुर संभाग क्षेत्र के मुंगेली विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवम्बर को जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम की रैली सुबह 11 बजे बछेरा (जमकुही) बायपास रोड के पास मे होने जा रही है। प्रोटोकॉल के हिसाब से 11 बजे से 11.4 तक समय निर्धारित है। उसके बाद चुनावी सभा के लिए महासमुद जाएंगे और वहा आम सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आम सभा में मुंगेली, लोरमी, तखतपुर, बिल्हा, और नवागढ़ के भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करेंगे। मुंगेली विधानसभा से पुन्नूलाल मोहले, लोरमी विधानसभा से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, तखतपुर विधानसभा से धर्मजीत सिंह, बिल्हा विधानसभा से धरमलाल कौशिक, और नवागढ़ विधानसभा से दयालदास बघेल चुनावी मैदान में हैं।

### पूर्व मंत्री अखंड प्रताप सिंह ने थामा भाजपा का दामन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के समक्ष शनिवार को यहां भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी नेता अखंड प्रताप सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली। नड्डा ने उन्हें पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ.राघवेन्द्र शर्मा मौजूद थे।

### भाकपा ने जारी किया संकल्प पत्र

**भोपाल।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी कर दिया। भाकपा के मध्य प्रदेश राज्य सह सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने यहां अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में संकल्प पत्र जारी किया। पार्टी ने घोषणापत्र में विधानसभा चुनाव के लिए जनता के बुनियादी हितों से जुड़े मुद्दों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। भाकपा ने 9 सीटों पर प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

### विभिन्न दलों के नेताओं ने चंद्र मोहन के निधन पर जताया शोक

**हैदराबाद/विजयवाड़ा।** अनुभवी तेलुगू अभिनेता चंद्र मोहन के निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी तथा तेलंगाना के मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के चंद्रशेखर राव ने अनुभवी फिल्म अभिनेता व सिल्वर स्क्रीन पर पहली पीढ़ी के नायक एम चंद्र मोहन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# नेहरू की गलती से चीन ने कब्जाई भारत की जमीन : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक पोस्ट के जरिए कांग्रेस नेता व देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा कि



नेहरू की गलत फॉरवर्ड नीति स्पष्ट रणनीतिक गलती थी। इसका उद्देश्य तो चीन द्वारा कब्जा किए गए जमीन को वापस पाना था, लेकिन भारत को और अधिक जमीन खोनी पड़ी थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपने चुने हुए जनरल पीएन थापर और लेफ्टिनेंट जनरल बृज मोहन कौल के नेतृत्व में कमजोर हथियारों से लैस और कम तैयार सशस्त्र बलों को आदेश दिया कि चीन-भारत सीमा पर विवादित क्षेत्रों में सैन्य चौकियां स्थापित करनी है। इससे चीनियों के साथ सीधा टकराव हुआ।

उन्होंने लिखा कि इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि यह सब एक सिद्धांत पर आधारित था कि चीन, भारत के खिलाफ युद्ध नहीं छेड़ेगा। यह भ्रामक हिंदी-चीनी भाई-भाई की नीति पर आधारित था। उन्होंने लिखा कि वास्तव में हुआ यह कि चीनियों ने चौतरफा युद्ध छेड़ दिया। लड़ाई के चलते भारत में 1300 से ज्यादा जवान शहीद हों गए और लगभग 38000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर चीन के कब्जे में चली गई।

# राजस्थान की 200 सीटों पर आप को नहीं मिले उम्मीदवार

- छोटे-बड़े नौ दल चुनावी मैदान में, बसपा से 185 प्रत्याशी मैदान हैं
- चुनाव आयोग ने जांच के बाद 396 नामांकन किए रद्द

**जयपुर,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के सत्ता संग्राम में 200 विधानसभा सीटों पर 1875 उम्मीदवार अपनी किस्मत अजाम रहे हैं। चुनाव लड़ने के लिए 3432 नामांकन भरे गए थे। कुछ प्रत्याशियों ने एक से ज्यादा नामांकन भी भरे थे। चुनाव आयोग ने जांच के बाद 396 नामांकन रद्द कर दिए, जबकि 490 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिए। अब 25 नवम्बर को मतदान के बाद 1875 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो जाएगा। तीन दिसंबर को मतगणना के बाद प्रदेश को 200 नए विधायक मिल जाएंगे।




### इन पार्टियों के प्रत्याशी चुनावी मैदान

इस चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की 199 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, भाजपा ने पूरी 200 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) से 185 प्रत्याशी मैदान हैं। प्रदेश की 200 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को उम्मीदवार नहीं मिले, वह महज 58 सीटों पर ही प्रत्याशी उतार सकी। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) 78, भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) 58 और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) से 47 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। आरएलपी से एक प्रत्याशी डॉ. सुभाष गर्ग भरतपुर से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने आरएलपी से गंठबंधन करते हुए इस सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा है। लाल डायरी का जिक्र कर राजस्थान की राजनीति में तहलका मचाने वाले राजेंद्र गुढ़ा शिवसेना के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा 730 उम्मीदवार निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

### जयपुर में सबसे ज्यादा उम्मीदवार

राजस्थान की राजधानी जयपुर में 19 विधानसभा सीटें हैं। इन 19 सीटों पर 199 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह अलवर जिले की 11 सीटों के पर 113 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सबसे कम सीट वाले जिले जैसलमेर और प्रतापगढ़ में दो-दो सीटों के लिए क्रमश 15 और 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। हांलाकि, ज्यादातर सीटों पर मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही माना जा रहा है।

### दीपावली बाद प्रदेश में बढ़ेगा चुनावी शोर

राजस्थान में 25 नवम्बर को मतदान होना है। नरेंद्र मोदी गत गुरुवार को उदयपुर में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। जानकारी के अनुसार अब एक दो दिन दीपावली के कारण भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं की सभाएं नहीं होंगी। क्योंकि, सभाओं में आने वाली भी त्योहार की तैयारियों में लगी हुई है। ऐसे में दीपावली के बाद पार्टियां प्रदेश में जोर-शोर से चुनावी प्रचार में लग जाएंगीं।

# राहुल गांधी ने पिछड़ी जाति के साथ किया विश्वासघात : भाजपा

- तेलंगाना उम्मीदवारों की सूची का विश्लेषण कर लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। देश की राजनीति अब पिछड़ी जाति के इर्द-गिर्द घूमने लगी है। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी जहां जितनी आबादी



उतना हक की बात करते हुए ने अपनी चुनावी राजनीति में पहली दफा पिछड़ों की खुलकर पैरोकारी कर रहे हैं, वहीं भाजपा ने उन पर पिछड़ी जाति के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी के बयान के वीडियो दिखाकर कांग्रेस के तेलंगाना उम्मीदवारों की सूची का विश्लेषण करते हुए कहा कि वाह कांग्रेसी युवराज राहुल गांधी वाह। कहते कुछ हो और करते कुछ हो। चुनाव से पहले झेठ का सहारा लेते हो और चुनाव आते ही यूटर्न लेकर पलट जाते हो। कम से कम जनता से तो झूठ मत बोलो। जितनी आबादी उतना हक का राग अलापने वाले राहुल गांधी, ऐसा क्या हो गया कि अपनी इस बात से तेलंगाना में मुकर गए। तेलंगाना में कांग्रेस उम्मीदवारों की तीन सूची में घोषित 114 सीटें देखने के बाद यह तो साफ हो गया कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बहुत फर्क है।

### कांग्रेस को बताया झूठ की दुकान

भाजपा ने जातिवार कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची का विश्लेषण करते हुए कहा कि कांग्रेस झूठ की दुकान से ज्यादा कुछ नहीं है। कांग्रेस ने तेलंगाना के टिकट बटवारे में 41 रेड्डी, 9 वेलामा, 3 कामा, 18 अनुसूचित जाति, 12 अनुसूचित जाति, 5 मुस्लिम और 23 सीटों पर पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों को टिकट दिया है। गौर करने वाली बात यह है कि जितनी आबादी उतना हक का नारा बुलंद करने वाले राहुल गांधी यहां अपनी ही बात से मुकर गए हैं। भाजपा ने कहा कि तेंलंगाना की आबादी में 51 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाली पिछड़ी जाति को कांग्रेस महत 20 फीसदी सीटों पर ही भागीदारी का मौका देकर उनके साथ विश्वासघात किया है।

# केसीआर ने दिवाली पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

**हैदराबाद,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने दिवाली के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक और अंधेरे को दूर करने वाले रोशनी के त्योहार के रूप में दिवाली का हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन के प्रतीक दीयों की रौशनी हमारे अंदर की अज्ञानता को दूर करेगी, चेतना को प्रज्वलित करेगी और हमें नई शक्ति के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारे अंदर आंतरिक ज्योति



जलती है, तो जीवन के बारे में स्पष्टता पैदा होती है और हर दिन एक उत्सव की तरह सामने आता है। मुख्यमंत्री केसीआर ने लोगों को उन नरकों से सतर्क रहने की सलाह दी, जो प्रगति की राह में हर कदम पर बाधा डालते हैं, जिसके लिए हम लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने लोगों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार पटाखे फोड़कर उत्साह के साथ दिवाली का त्योहार मनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री केसीआर ने कामना की कि देवी लक्ष्मी की कृपा तेलंगाना के लोगों पर बनी रहे और हर घर में देवी लक्ष्मी का आशीर्वाद और धन हो।

# तेलंगाना विस चुनावों के लिए 2,327 नामांकन दाखिल

**हैदराबाद,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा की 119 सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 10 नवम्बर तक 2327 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव अधिकारी 13 नवम्बर को नामांकन पत्रों की जांच करेंगे जबकि 15 नवम्बर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 30 नवम्बर को एक साथ मतदान होंगे तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। गौरतलब है कि इस चुनाव में तेलुगू देशम पार्टी और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) ने मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया है। वाईएसआरटीपी ने आधिकारिक तौर पर कांग्रेस का समर्थन किया है। कांग्रेस के साथ गठबंधन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कोठागुडेम से चुनाव लड़ रही है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट



पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस उम्मीदवारों ने 118 सीटों पर नामांकन दाखिल किया, और एक सीट भाकपा को दी है, जबकि भाजपा उम्मीदवारों ने 111 सीटों पर नामांकन दाखिल किया और आठ सीटें जनसेना को दी है। राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति सभी 119 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पिछले चुनावों की तुलना में कांग्रेस को इसबार बगावत का खतरा कम हुआ है।

## राजनीति — *राजस्थान में टिकट बंटवारे में महिला व युवा वर्ग घोर उपेक्षित*

# वादा 33 प्रतिशत आरक्षण का व टिकट 15 फीसदी भी नहीं

**जयपुर, 11 नवम्बर (एजेंसियां)। दो सौ विधायकों वाली राजस्थान विधानसभा के चुनावों में महिला और युवा वोटरों की हिस्सेदारी 8 फीसदी से ज्यादा होगी। टिकट बंटवारे में ये दोनों ही वर्ग घोर उपेक्षित हैं। कांग्रेस के सबसे ज्यादा टिकट 6 से ज्यादा उम्र के लोगों को बांटे गए हैं। ठीक यही स्थिति बीजेपी की भी है। काबिले गौर है कि पांच राज्यों में विधानसभा।**

चुनावों के एलान से पहले देश में महिला आरक्षण को संसद में विधेयक का क्रेडिट लेने को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में जबरदस्त तकरार देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी तक ने भाषण देकर बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनकी पार्टी की क्या सोच है, लेकिन विधानसभा चुनावों का एलान होते ही सियासी दावों और वादों की पोल खुल गई।



- 81 विस क्षेत्रों में एक भी महिला प्रत्याशी नहीं

महिलाओं की बात करें तो भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही कुल 15 प्रतिशत टिकट भी महिलाओं को नहीं दिए हैं। विधानसभा चुनावों से पहले संसद में महिला आरक्षण बिल पारित कराने वाली भाजपा ने राजस्थान में विधानसभा चुनावों के लिए सिर्फ 20 महिलाओं को टिकट दिए हैं। वहीं, कांग्रेस की बात करें तो इसने हालांकि 28 महिलाओं को टिकट दिए हैं।

राजस्थान की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल भले ही जोर-शोर से पास किया गया हो, लेकिन राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस की ओर से महिलाओं को 15 प्रतिशत टिकट भी नहीं दिए गए हैं। वहीं, ऐसा लग रहा है कि स्वयं महिलाएं भी अभी मुख्य धारा की राजनीति में सक्रिय होने की बहुत ज्यादा इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि राजस्थान में चुनाव लड़ रहे कुल प्रत्याशियों में से महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत से भी कम है। प्रदेश के 200 में से 81 विधानसभा क्षेत्र तो ऐसे हैं, जहां एक भी महिला प्रत्याशी नहीं है। देश में महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार ने हाल में ही नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित किया है।

भाजपा इसे जबरदस्त ढंग से भुना भी रही है। हाल ही में राजस्थान में पीएम मोदी की सभाओं इसका असर नजर भी आया, जहां महिलाओं को सभाओं की जिम्मेदारी दी गई। वहीं, कांग्रेस ने भी इस बिल का समर्थन किया और यह दावा भी किया कि इसकी शुरुआत हमने ही की थी। कांग्रेस ने इस बात के लिए भाजपा की आलोचना भी की कि इस बिल का लाभ दस साल बाद देने की बात क्यों कही जा रही है। नीयत ठीक है तो इसे तुरंत लागू किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ इस बार है। पिछले चुनावों में भी स्थिति लगभग यही रही है। भाजपा की बात करें तो 2008 में 22, 2013 में 19 और 2018 में सिर्फ 17 महिलाओं को टिकट दिए।

देशबन्धु संस्कारधानी
5 बिलासपुर
रविवार 12 नवंबर 2023

उल्टा पुल्टा

पुत्र : पिताजी मुझे कार चाहिए।
पिता : नहीं बेटा अभी तुम छोटे हो।
पुत्र : नहीं, मैं तो अंदर बैठकर चलाऊंगा।
पिता : तुम्हें अभी पैदल ही चलना चाहिए आखिर ईश्वर ने तुम्हें दो पैर दिए हैं।
पुत्र : ब्रेक और एक्सीलेटर दबाने के लिए

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने कटिबद्ध जिला प्रशासन

## वाहनों की जांच अभियान में और तेजी लाएं-कलेक्टर, बस, ट्रक जैसे बड़े वाहनों की भी करें सघन जांच

### बैंको से लेनदेन की रिपोर्ट नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

### बेहतर काम करने वाली निगरानी टीमों को मिलेगा पुरस्कार

### कलेक्टर ने ली खर्च निगरानी से जुड़े नोडल अफसरों की आकस्मिक बैठक




**बिलासपुर**, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने वाहनों की चेकिंग अभियान में और तेजी लाने को कहा है। कार्रवाई बढ़ाकर ज्यादा मात्रा में अवैध सामानों की बरामदगी के निर्देश दिए। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए गठित एसएसटी एवं एफएसटी सहित पुलिस एवं आबकारी टीमों की वर्तमान कार्रवाई को कलेक्टर ने नाकाफी बताया है। उन्होंने टीमों को छोटे वाहनों के अलावा बस, ट्रक जैसे बड़े वाहनों की भी सघन जांच करने की कड़ी हिदायत दी है। कलेक्टर आज चुनाव में अवैध सामग्रियों के वितरण एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए गठित टीमों के नोडल अधिकारियों की आकस्मिक बैठक लेकर इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावी कार्रवाई के लिए एसएसटी टीमों के वर्तमान स्थलों का युक्तियुक्तकरण कर बदलने को भी कहा है। अवैध सामग्रियों की बरामदगी में बेहतर काम करने वाली टीमों को पुरस्कार देने की घोषणा भी कलेक्टर ने की है।

कलेक्टर श्री शरण ने बैठक में कहा कि मतदान के लिए अब 5-6 दिन ही बच गए हैं। जांच एवं कार्रवाई की गति अब हमें बढ़ानी होगी। चुनाव आयोग की अपेक्षा के अनुरूप और ज्यादा मात्रा में बरामदगी की कार्रवाई करना होगा। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में आबकारी विभाग के नियंत्रण में कई डिस्टलरी एवं बॉटलिंग यूनिटें हैं। निगरानी बढ़ाकर प्रकरण दर्ज किये जाएं। गांवों में शराब वितरण की शिकायतें मिल रही हैं। आबकारी एवं पुलिस गश्त बढ़ाकर कार्रवाई सुनिश्चित करे। एयरपोर्ट एवं रेलवे ऑथरिटी को भी सघन चेकिंग कर तत्काल रिपोर्टिंग करने को कहा है। बैंकों द्वारा बड़े रकम की निकासी के संबंध में रिपोर्टिंग नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर की। खातों से पूपीआई के जरिए भुगतान पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। एसपी संतोष सिंह ने भी कार्रवाई की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। टीम में मौजूद सुरक्षा अधिकारी भी जांच में मदद करेंगे। जांच प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत ने भी निगरानी टीमों को बेहतर काम के लिए टिप्स दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी ने प्रतिदिन हुई कार्रवाई की एकीकृत रिपोर्ट शाम 5 बजे उपलब्ध कराने को कहा है ताकि जानकारी आयोग को भेजी जा सके। जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, एडिशनल एसपी अर्चना झा भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

# बिलासपुर पुलिस ने सेंट्रल फोर्स के साथ शहर में किया फ्लैग मार्च




### फ्लैग मार्च कर पुलिस ने दिया भयमुक्त मतदान का संदेश

**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव तथा दीपावली त्यौहार के मद्देनजर शहर में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ अपराधी घटनाओं को रोकने तथा शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने तथा अपराधिक तत्वों को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से लोकल पुलिस टीम के साथ फ्लैग मार्च करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेंद्र कुमार जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) श्रीमती पूजा कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाइन) संदीप पटेल के नेतृत्व में शहर के मुख्य क्षेत्रों गोल बाजार, सदर बाजार, मध्य नगरी चौक, पुराना बस स्टैंड, सी एम डी चौक से 500 से अधिक पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ जिला पुलिस द्वारा पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। टीम के द्वारा भीड़भाड़ वाले स्थान तथा क्षेत्र में आने वाले पोलिंग बूथ के आसपास वाले एरिया में पैदल मार्च किया गया पैदल मार्च करने से आम जनों में शांति का माहौल व्याप्त हुआ तथा आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कारवाई करने के संबंध में मैसेज दिया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण चुनाव कराना है।



## सार-संक्षेप

### कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार





**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। जिले मे चल रहे निजात अभियान एवं अगामी चुनाव को मददेनगजर रखते हुये थाना चकरभाठा को मुखबिर से सूचना मिला कि शनि कुमार बंजारे नाम का व्यक्ति अपने घर के बाडी मे भारी मात्रा मे कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु छिपा कर रखा है कि सूचना मिलने पर तथा मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा कृष्ण कुमार पटेल के निर्देशन मे थाना प्रभारी अभय सिंह बैस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम बनाकर ग्राम नगाराडीह पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहा शनि कुमार बंजारे अपने बाडी मे उपस्थित मिला जिसके बाडी से अलग अलग स्थानो मे जमीन मे गडडा कर रखे 29 नग 15-15 लीटर वाले प्लास्टिक जेरिकेन मे भरा कुल 435 लीटर कच्ची महुआ शराब कीतमी 87000 रुपये को बरामद किया गया आरोपी से पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा उक्त शराब को बिक्री करने हेतु रखना स्वीकार किया आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 498 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अभय सिंह बैस, प्र.आर प्रभाकर सिंह, कन्हैया अंचल, आरक्षक सतीष यादव, मिथलेश साहू, महिला आरक्षक प्रियंक सिंह, आशा साहू का विशेष योगदान रहा।

### खोंगसरा स्टेशन में नर्मदा एक्सप्रेस का ठहराव आज से

**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के खोंगसरा स्टेशन में गाड़ी संख्या 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस का दिनांक 11 नवंबर 2023 से प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। दिनाँक 11 नवंबर 2023 से गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर, खोंगसरा स्टेशन में ठहरेगी व 13.02 बजे आगमन तथा 13.03 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार दिनाँक 12 नवंबर 2023 से गाड़ी संख्या 18233 इंदौर- बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस, खोंगसरा स्टेशन में ठहरेगी व 12.01 बजे आगमन तथा 12.02 बजे रवाना होगी।

### श्रुति जनकल्याण फाउंडेशन ने गरीबों के साथ दीवाली मनाई



**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली की पूर्व संध्या पर श्रुति जनकल्याण फाउंडेशन द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों के साथ मिलकर दिवाली मनाई गई। साथ ही उनको लाई, बताशा, दिया, बाती, तेल और मिठाई का वितरण किया गया, संस्था की संस्थापिका चुन्नी मौर्य ने बताया कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंद और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की सेवा मुख्य ध्येय रहा है, हम समय-समय पर हमेशा जरूरतमंदों की सेवा के लिए तत्पर रहे हैं, साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमे लोगों से वोट डालने की अपील की गई, और मतदान जरूर करे इस बात की भी लोगों को जानकारी दी गई, इस कार्य में सरबजीत कौर, अन्नपूर्णा तिवारी, जसमीत कौर, अंजलि गोवर्धन, आरती अनंत, सरिता सोनी, रीता मौर्य, मोना बोडखे, निरंजना मौर्य, पिंकी दीक्षित, हर्ष यादव का सहयोग रहा।

# भाजपा जिलाध्यक्ष और पार्षद को शोकाज नोटिस

### महतारी वंदन योजना का फार्म भराए जाने पर रिटर्निंग आफिसर ने की कार्रवाई

**बिलासपुर**, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में बिलासपुर के भाजपा जिला अध्यक्ष एवं एक पार्षद को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर बिलासपुर डॉ. सुभाष सिंह राज ने प्राप्त शिकायत के आधार पर दोनों को नोटिस जारी कर 24 घण्टे के भीतर जवाब तलब किया है।

शिकायत के अनुसार निगम के वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद अशोक विधानी द्वारा हेमू नगर स्थित भाजपा कार्यालय में अपने भाई राजू विधानी से महतारी वंदन योजना से संबंधित फार्म भराया जा रहा है। जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रूपये की सहायता दी जायेगी। फार्म भरने के एवज में अशोक विधानी द्वारा प्रथम किश्त के रूप में एक-एक हजार रूपये की राशि भी कार्यालय से दी जा रही है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (2) एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 सी के तहत चुनाव में इस तरह का प्रलोभन देना प्रतिबंधित एवं दण्डनीय अपराध है। इसलिए शिकायत एवं आवेदन प्रारूप के संबंध में अपना स्पष्टीकरण 24 घण्टे के भीतर रिटर्निंग अफसर के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय सुरक्षा बलों और जिला पुलिस की आयोजित की गई को आर्डिनेशन मीटिंग




**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए बिलासपुर जिले को चुनाव के शांतिपूर्ण संचालन हेतु एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विभिन्न केंद्रीय तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों की कंपनियां उपलब्ध कराई गई हैं। उक्त सुरक्षा वालों की कंपनियां बिलासपुर पहुंच चुकी है। आज पुलिस लाइन में इन सुरक्षा एजेंसी के अधिकारियों की पुलिस प्रेक्षक सतीश गजभिये तथा सामान्य प्रेक्षक उदयन मिश्राके नेतृत्व में तथा पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह सर द्वारा ज़िले की मूलभूत जानकारी के साथ, विभिन्न स्थानों जैसे पोलिंग बूथ, एफ एस टी, एस एस टी, पेट्रोलिंग पार्टी आदि पर बल की तैनाती के संबंध में सामान्य जानकारी दी गई, साथ ही निर्वाचन के संचालन के संबंध में सामान्य दिशा निर्देश दिए गए। प्रेक्षक महोदयों द्वारा भी बैठक को संबोधित करते हुए सुरक्षा संबंधी निर्देश दिये गये। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाईन) संदीप पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) श्रीमती पूजा कुमार, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) उदयन बेहार, उप पुलिस अधीक्षक कृष्णा पटेल सहित जिला पुलिस के अन्य अधिकारी तथा विभिन्न सुरक्षा बलों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शांता फाउंडेशन ने किन्नरों के साथ मनाई दीवाली



**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। शांता फाउंडेशन बिलासपुर हमेशा से सबसे अलग अंदाज में कुछ न कुछ सामाजिक कार्य को संपादित करते आ रहे है।

इसी क्रम में शांता फाउंडेशन ने दीपावली का पर्व किन्नरों के साथ मनाते हुए जमकर आतिशबाजी की। मिठाई और उपहार किन्नरों को भेंट किया। इस दौरान शांता फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी नीरज गेमनानी, डी विनीता रॉव, रूपाली पांडेय, दि निहारिका रॉव, जसमीत टूटेजा, सौरभ पांडेय उपस्थित रहे।

# सकरी पुलिस ने शराब बेचते तीन को पकड़ा

### आरोपियों से कुल 260.6 लीटर शराब बरामद




**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भा.पु.से.) के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं जिले को नशामुक्त करने हेतु "निजात अभियान चलाया जा रहा है एवं आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अवैध नशे के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

जिसके परिपालन में अतिपुलिस अधीक्षक शहर बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (सिविल लाईल) संदीप पटेल के निर्देशन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में सकरी पुलिस के द्वारा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है कि अभियान के दौरान मुखबिर सूचना पर सकरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम लाखासार, बस स्टेण्ड पुराना बाजार के पास मेन रोड सकरी एवम ग्राम काठाकोनी से आरोपियों राकेश राजपूत ऊर्फ टिब्बल पिता राजू राजपूत उम्र 19 साल साकिन ग्राम लाखासार थाना सकरी, अवधेश वर्मा ऊर्फ दउवा पिता रामनारायण उम्र 28 साल साकिन बस स्टेण्ड के पास सकरी, टील्ली उर्फ राजेश यादव पिता हरप्रसाद यादव उम्र 24 साल निवासी काठाकोनी थाना सकरी के कब्जे से अवैध रूप से शराब रखे पाये जाने पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्वाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि उदयभान सिंह, सउनि उमेश उपाध्याय, हेमंत आदित्य, आरक्षक कलेश्वर यादव, संजय बंजारे, रूपेश कौशिक, पवन सिंह ठाकुर, इंद्रावन मरकाम, मालिक राम साहू एवं समस्त थाना स्टाफ की भूमिका रही।

### कुदुदण्ड पहुंची निवार्चन टीम

**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु) हेमू नगर के बाद अब कुदुदंड में महिलाओं से 12000 की राशि के महतारी वंदन योजना के फॉर्म भरने का मामला तथा मतदाताओं को लुभाने के मामले में कुदुदड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिकायत की है। और निर्वाचन की टीम आज कुदुदड मे भाजपा पदाधिकारी के निवास पहुंच गई है। नेता प्रतिपक्ष अशोक अशोक विधानी के यहां कल भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए महिलाओं को 12 हजार की राशि का देने के लिए प्रत्येक महिला को एक हजार की राशि दी जा रही थी। जिसकी शिकायत निर्वाचन कार्यालय को जावेद मेमन तथा शैलेंद्र जायसवाल ने की थी।

### दुर्ग-पटना के मध्य एक फेरे के लिए छठ पूजा स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा

**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। छठ पूजा के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग एवं पटना के मध्य एक फेरे के लिए छठ स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन व्हाया राउरकेला, रांची, गया के मार्ग से चलाई जा रही है। यह ट्रेन 08793 नंबर के साथ दुर्ग से दिनांक 15/11/2023 (बुधवार) को दोपहर 14.45 बजे दुर्ग से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का रायपुर आगमन 15.40 बजे एवं प्रस्थान 15.45 बजे, भाटापारा आगमन 16.27 बजे एवं प्रस्थान 16.29 बजे, बिलासपुर आगमन 17.35 बजे एवं प्रस्थान 17.44 बजे, चाम्पा आगमन 18.23 बजे एवं प्रस्थान 18.25 बजे, रायगढ़ आगमन 19.18 बजे एवं प्रस्थान 19.20 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 20.40 बजे एवं प्रस्थान 20.42 बजे तथा यह ट्रेन राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो, चंद्रपुरा, गोमो, कोडरमा, गया, जहानाबाद स्टेशन होते हुए अगले दिन दिनांक 16/11/2023 (गुरुवार) को सुबह 09.30 बजे पटना पहुँचेगी। इसी प्रकार यह ट्रेन 08794 नंबर के साथ दिनांक 16/11/2023 (गुरुवार) को प्रात: 10.30 बजे पटना स्टेशन से दुर्ग के लिए प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन जहानाबाद, गया, कोडरमा, गोमो, चंद्रपुरा, बोकारो, मुरी, रांची, हटिया, राउरकेला स्टेशन होते हुए झारसुगुड़ा आगमन 00.58 बजे एवं प्रस्थान 00.10 बजे (17/11/2023), रायगढ़ आगमन 02.10 बजे एवं प्रस्थान 02.12 बजे, चाम्पा आगमन 03.23 बजे एवं प्रस्थान 03.25 बजे, बिलासपुर आगमन 04.35 बजे एवं प्रस्थान 04.45 बजे, भाटापारा आगमन 05.28 बजे एवं प्रस्थान 05.30 बजे, रायपुर आगमन 07.10 बजे एवं प्रस्थान 07.15 बजे एवं दिनांक 17/11/2023 (शुक्रवार) को दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 22 कोच उपलब्ध रहेंगी।

# निर्वाचन कार्यालय में प्रत्याशियों ने दिया चुनावी खर्च का ब्यौरा

### व्यय लेखा की तीसरी जांच 15 नवम्बर को

**बिलासपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने 10 नवंबर को आयोजित व्यय लेखा जांच में अब तक किए गए चुनावी खर्च का ब्यौरा निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराया है। निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कोटा विधानसभा से इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव ने 10 लाख 76 हजार 328 रूपए अब तक खर्च किए हैं। वहीं इसी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप जूदेव ने 12 लाख 49 हजार 305 रूपए, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की प्रत्याशी श्रीमती रेणु जोगी ने 7 लाख 49 हजार 261 रूपए खर्च करने की जानकारी दी है।

इसी प्रकार तखतपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी धर्मजीत सिंह ने अब तक 3 लाख 63 हजार 132 रूपए खर्च कर लिए हैं। बसपा प्रत्याशी मोहन मिश्रा ने एक लाख 54 हजार 667 रूपए और इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने 9 लाख 33 हजार 740 रूपए खर्च करने की जानकारी दी है। बिल्हा विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी जसबीर सिंह चांवला ने 4 लाख 86 हजार 744 रूपए, भाजपा के धरमलाल कौशिक ने 7 लाख 74 हजार 636 रूपए, इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी सियाराम कौशिक ने 2 लाख 74 हजार 430 रूपए व्यय करने की जानकारी प्रस्तुत की है। इसी प्रकार बिल्हा विधानसभा से ही बसपा के हेमचंद मिरी ने 2 लाख 36 हजार 665 रूपए और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की प्रत्याशी सुश्री नेहा भारती ने 1 लाख 45 हजार 690 रूपए अब तक खर्च किया है।


बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अमर अग्रवाल ने 12 लाख 98 हजार 445 रूपए, आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी डॉ. उज्वला कराडे ने 3 लाख 61 हजार 623 रूपए वहीं इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी शैलेष पाण्डेय ने 6 लाख 8 हजार 323 रूपए खर्च किया है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से बसपा के प्रत्याशी इंजि. रामकुमार सूर्यवंशी ने 4 लाख 74 हजार 642 रूपए, भाजपा के प्रत्याशी सुशांत शुक्ला ने 8 लाख 4 हजार 488 रूपए एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी विजय केशरवानी ने 8 लाख 10 हजार 382 रूपए खर्च का ब्यौरा दिया है। इसी प्रकार मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने 14 लाख 60 हजार 103 रूपए खर्च किए है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की प्रत्याशी चांदनी भारद्वाज ने 2 लाख 29 हजार 165 रूपए, बसपा प्रत्याशी दाऊराम रत्नाकर ने 11 लाख 81 हजार 460 रूपए खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया है। इसी विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी दिलीप लहरिया ने 8 लाख 42 हजार 207 रूपए अब तक खर्च किया है। उल्लेखनीय है कि प्रत्याशियों के व्यय लेखा की तीसरी जांच 15 नवम्बर को जिला पंचायत सभाकक्ष में की जाएगी।

### विधानसभा चुनाव लड़ रहे 16 प्रत्याशियों ने नहीं दिया खर्च का ब्यौरा रिटर्निंग अफसरों ने थमाया शो कॉज नोटिस

विधानसभा चुनाव लड़ रहे पांच विधानसभा क्षेत्र के 16 प्रत्याशियों ने 10 नवंबर को आयोजित जांच में चुनावी खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत नहीं किया है। संबंधित रिटर्निंग अफसरों द्वारा उन्हें नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब तलब किया गया है। उन्हें हर हाल में 15 तारीख की तीसरी जांच में लेखा जोखा के साथ उपस्थित रहने कहा गया है। तखतपुर के सभी प्रत्याशियों ने 10 तारीख को अपने व्यय लेखा का जांच कराया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन्हें नोटिस जारी किया गया है, उनमें मस्तूरी, कोटा, बिल्हा, बिलासपुर और बेलतरा विधासनसभा क्षेत्र के 16 प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यय लेखा प्रस्तुत नही करने पर ये कार्यवाही की गई है। ये सभी प्रत्याशी 10 नवम्बर को व्यय लेखे के मिलान के लिए व्यय प्रेक्षक के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी धरम दास भार्गव और अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के अभिषेक सोनी, बेलतरा विधासभा क्षेत्र के प्रत्याशी आनंद राम साहू हमर राज पार्टी, खोरबहरा राम साहू, मुकेश चन्द्राकर निर्दलीय और कोटा विधानसभा से पंकज जेम्स आम आदमी पार्टी, मनोज कुमार खाण्डे, राजेन्द्र साहू निर्दलीय, बिल्हा क्षेत्र के प्रत्याशी उदय शंकर भार्गव, कलेशर बारमते, पवन राज मसीह, राजपाल टंडन, रंजीत बंजारे, सूरज कुमार अनंत निर्दलीय तथा बिलासपुर विधानसभा से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से जीवन लाल पटेल, निलेश विश्वास निर्दलीय शामिल हैं।

## सार-संक्षेप

### पहले चरण में 14 सीट जीत रही है भाजपा- डॉ. रमन सिंह



**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शनिवार को कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के प्रवास पर रहे और चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की लहर है। पहले चरण में हुए 20 विधानसभा सीटों के चुनाव में भाजपा लगभग 14 सीटों पर जीत रही है। दूसरे चरण के चुनाव में भी हम अच्छी स्थिति में रहेंगे और पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और 15 साल की सरकार में किए गए कार्य और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दी गई गारंटी का व्यापक प्रभाव है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ के द्वारा छत्तीसगढ़ के 75 पार के नारे पर डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस बार कांग्रेस का सफाया हो रहा है। इस दौरान डॉ. रमन सिंह के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य जोगेश लाम्बा आदि भी उपस्थित रहे।

### राखड़ और रेत की समस्या से कोरबा वासियों को दिलाएंगे छुटकारा



**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान श्री देवांगन ने वार्डवासियों से अपील किया कि विधानसभा चुनाव में एक बार उन्हें सेवा करने का मौका दें। वे पहले भी जनता की सेवा कर चुके हैं और फिर से यह अवसर चाहते हैं ताकि पिछले 10 वर्षों के नगर निगम और 15 साल के विधायक कार्यकाल में व्याप्त समस्याओं से जनता को छुटकारा दिला सके। श्री देवांगन ने कहा कि उन्होंने कोरबा विधानसभा के लिए तैयार अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट किया है कि राखड़ और रेत की समस्या से कोरबावासियों को छुटकारा दिलाएंगे। श्री देवांगन ने कहा कि कोरबावासियों को राखड़ की गंभीर समस्या रोड में उड़ती धूल से मुक्ति दिलाकर शहर को स्वच्छ एवं साफ रखेंगे। रेत घाट को खुलवाया जाएगा ताकि उचित कीमत में कोरबावासियों को रेती मिल सकें। अवैध उत्खनन अवैध वसूली को रोका जाएगा। शहर की सडक़ों पर लगने वाले जाम की समस्या का समाधान व यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में विद्युतीकरण बिजली की समस्या का समाधान व यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा। हर घर में नल-जल योजना को पहुंचाया जाएगा। हर गली मोहल्ले में रोड, नाली, सिवरेज का निर्माण एवं मरम्मत कराया जाएगा। सभी समाज के लोगों के लिए सर्वसुविधायुक्त सामाजिक भवन का निर्माण एवं निर्मित भवन का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। सभी वार्डों में सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। हर वार्ड में शुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में महिला व पुरूष कार्यकर्ता एवं समर्थक भी घर-घर और वार्ड-वार्ड जाकर पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

### प्रेक्षक की उपस्थिति में अतिरिक्त वोटिंग मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन

**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत जिले में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों के कमीशनिंग उपरांत सभी रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त मशीनों की मांग पर आवश्यक वोटिंग मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रेक्षक सी के जमातिया और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। अतिरिक्त ईव्हीएम व व्हीव्हीपेट मशीनों के द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में आवश्यक कंट्रोल यूनिट, बेलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपेट यूनिट का सभी रिटर्निंग अधिकारियों की मांग संख्या के अनुसार रेंडमाइजेशन किया गया। कलेक्टर कार्यालय में हुई इस रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, एवं चारों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी सहित राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी थे।

गौरतलब है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 अंतर्गत विगत 7 से 9 नवम्बर तक ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों के कमीशनिंग कार्य पूर्ण किया गया। जिसके उपरांत सभी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा मतदान कार्य पूर्ण कराने हेतु अतिरिक्त वोटिंग मशीनों की मांग पर आवश्यक बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व व्हीव्हीपेट मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन आज किया गया।

### परंपरागत धान के झूमर की बढ़ी डिमांड

कोरबा, 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व में परंपरागत धान के झूमर (धान की बालियों) की पूजा भी की जाती है। माता लक्ष्मी का स्वरूप माने जाने वाले धान से बने झूमर की मांग बाजार में बनी हुई है। शहर में 50 रूपये से लेकर 150 रुपए में धान झूमर की बिक्री हो रही है।

छत्तीसगढ़ के गांवों में घरों-घर धान की बालियों के आकर्षक झूमर बनाकर दरवाजों पर सुख-समृद्धि और लक्ष्मी आगमन की कामना के साथ लटकाये जाते हैं। बड़ी दीपावली पर मां अन्नपूर्णा स्वरूपा धान की मां लक्ष्मी के रूप में पूजा करते हैं। यह परंपरा आज भी चली आ रही है और शहर में रह रहे लोग भी इसे भले ही सजावट के तौर पर लेकिन अपने घर लाने लगे हैं। हालांकि वर्तमान समय में अब लोग धान का झूमर नहीं बना पाते। आज का पीढ़ी इस तरह की पारंपरिक चीजों को भूलती जा रही है।

### टाटा शोरुम के सर्विस सेंटर में आग, दो कार खाक



**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। सीएसईबी पुलिस सहायता केन्द्र अंतर्गत टीपी नगर में संचालित टाटा शोरुम के सर्विस सेंटर में आग लग गई। आग कैसे और क्यों लगी इस बात का पता नहीं चल सका है। सर्विस सेंटर में आग लगते ही अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई और मौके पर मौजूद लोगों ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने के प्रयास में जुट गई। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में सर्विस सेंटर में रखे दो कार पूरी तरह से जल गई।

# मृत नवजात का शव हाथ में लेकर पिता पहुंचा पुलिस चौकी

## जिला अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का गंभीर आरोप

**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली त्यौहार की खुशियों के बीच परिवार में नन्हे मेहमान के आने की तैयारी में पलकें बिछाए परिवार को शोक में डूबना पड़ गया। नवजात शिशु की मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। नाराज परिजन नवजात शिशु का शव लेकर न्याय के लिए पुलिस चौकी पहुंच गए। प्रकरण में आवश्यक जांच का आश्वासन उन्हें दिया गया है।



यह घटनाक्रम बालको थाना अंतर्गत बालको निवासी राहुल सिंह के साथ घटित हुआ। मृत नवजात के पिता राहुल सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12-30 बजे नॉर्मल डिलीवरी से बेटे का जन्म हुआ था और सब कुछ ठीक था। अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया था कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इसके बाद देर रात शिशु को बुखार चढऩा शुरू हुआ तब पत्नी इसे लेकर बच्चों के वार्ड में गई। नर्स से कहा कि बच्चे को बुखार आ रहा है, जिस पर उपस्थित नर्स ने उसे दवा पिला दिया और वापस जाने के लिए कहा। नवजात की मां ने कहा कि बच्चे को भर्ती कर लीजिए, लेकिन नर्स ने यह कहते हुए वापस लौटा दिया कि सुबह 9 बजे जब डॉक्टर आएंगे तब पर्ची काटने के बाद ही बच्चे को भर्ती किया जा सकता है। नर्स द्वारा दवा देने के बाद शनिवार तडक़े 4-30 बजे नवजात ने दम तोड़ दिया। इस घटना से परिजनों में शोक मिश्रित नाराजगी व्याप्त हो गई और अस्पताल प्रबंधन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया। राहुल सिंह नवजात शिशु के शव को हाथों में लेकर चौकी पहुंचा तो स्टाफ भी हड़बड़ा गए।

**मामले में हो रही जांच:** मेडिकल कॉलेज अस्पताल की पुलिस चौकी में उपस्थित एएसआई राकेश गुप्ता ने बताया कि मृत नवजात के पिता ने शिकायत की है। मार्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही की जा रही है। रिपोर्ट मिलने के उपरांत की आगे की कार्यवाही संभव होगी। इधर दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सहायक अधीक्षक डॉ.अनमोल सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी होते ही तत्काल जांच टीम का गठन कर दिया गया है। रात को बच्चे की बुखार आना बताया गया है इसके बाद नर्स ने उसे दवा भी दी थी। इसके बाद जब दूसरी बार बच्चे को एसएनसीयू वार्ड में लेकर आए, तब वह मृत था। परिजनों ने लापरवाही की शिकायत की है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद हम ठोस कार्रवाई भी करेंगे।

### पेड न्यूज पर कार्यवाही के लिए एमसीएमसी की बैठक 14 को

**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति की बैठक 14 नवम्बर को आयोजित होगी। समिति में एक बार फिर मीडिया अनुवीक्षण इकाई द्वारा प्रस्तुत पेड न्यूज के मामलों को रखा जाएगा। अनुवीक्षण इकाई द्वारा विगत सप्ताह में समाचार पत्रों में प्रकाशित पेड समाचारों और वेबपोर्टल न्यूज़ सहित अन्य माध्यमों में किसी प्रत्याशी विशेष के पक्ष में बनाये जा रहे माहौल और विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मामलों को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही एक ही जैसे समाचारों को भी प्रकरण में शामिल करते हुए प्रस्तुत किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर है और उनकी अध्यक्षता में यह बैठक 14 नवम्बर को रखी गई है। गौरतलब है कि जिला स्तरीय कमेटी द्वारा हाल ही में अनेक समाचार पत्रों और वेबपोर्टल न्यूज़ के पेड न्यूज को चिन्हित कर प्रकरण आगे बढ़ाया था। जिसके आधार पर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी ने कोरबा और कटघोरा विधानसभा अंतर्गत प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने अन्यथा सभी पेड न्यूज पर निर्धारित राशि व्यक्तिगत व्यय में शामिल करने की बात कही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पेड न्यूज सहित भ्रामक समाचारों के प्रकरणों पर कार्यवाही के निर्देश है। प्रेक्षकों द्वारा भी प्रतिदिन समाचारों पर नजर रखी जा रही है।

# ऊर्जाधानी में आज धूमधाम से मनेगी दीपावली

### समय की पाबंदियों के बीच फोड़े जाएंगे पटाखे

**कोरबा, 11 नवंबर (देशबन्धु)। चौदह वर्ष का वनवास पूर्ण करते हुए भगवान राम-लक्ष्मण-जानकी के अयोध्या वापसी पर दीपों से जगमग दीपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। त्रेतायुग से चली आ रही यह परंपरा हिन्दू धर्मावलंबी हर वर्ष दीपावली के अवसर पर निभा रहे हैं। रविवार को बड़ी दीपावली ऊर्जाधानी में भी धूमधाम से मनाई जाएगी जिसे लेकर बच्चों से लेकर बूढ़ों तक उत्साह है।**

दीपावली त्यौहार के लिए तैयारियां लोगों के द्वारा लगभग पूरी कर ली गई है। धनतेरस पर लोगों ने जमकर खरीददारी की और रूप चौदस के दिन आज यम के देवता को स्मरण किया गया। उनके नाम से दीए जलाए गए। बड़ी दीपावली की खरीददारी और घरों के साज-सज्जा के सामानों से लेकर परिजनों के लिए कपड़े व अन्य सामानों के खरीदने का सिलसिला आज भी चलता रहा। बाजारों में अच्छी-खासी रौनक बनी रही। बड़ी दीपावली पर सोमवार को मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, मां सरस्वती एवं कुबेर देवता की पूजा विधि-विधान से घरों-घर एवं प्रतिष्ठानों में की जाएगी।




### पूजा का शुभ मुहूर्त

पं. महेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि दीपावली पूजन का शुभ मुहूर्त अलग-अलग राशि लग्न के अनुसार है- मेष लग्न 4.4 से 5.41, वृष लग्न 5.41 से 7.37, मिथुन लग्न 7.37 से 9.36, कर्क लग्न 9.36 से 12.9 व सिंह लग्न 12.9 से 2.23 बजे तक है। इसी तरह स्याही घोलने का मुहुर्त दिन 11.18 से 1.5 बजे तक, गद्दी बिछाने का मुहुर्त दोपहर 1.5 से 3.36 तक है। श्री पाण्डेय ने बताया कि सामान्य रूप से पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 4 बजे से देर रात्रि तक है और इस अवधि में हर कोई मां लक्ष्मी की आराधना कर सकत है।

### सांसद, महापौर, कलेक्टर, एसपी ने दी शुभकामनाएं

कोरबा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर सौरभ कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने दीपोत्सव के महान पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं क्षेत्र के नागरिकों को दी है। बधाई देते हुए कहा है कि दीपावली का यह महान पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, आरोग्य, शांति, ऐश्वर्य एवं ढेरों खुशियॉं लेकर आएं, सभी स्वस्थ रहें, जीवन धन-धान्य से परिपूर्ण हो, सबके लिए दीपावली का यह महान पर्व अत्यंत शुभकारी व सुख-शांति प्रदाता हो। आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि दीपावली के इस महोत्सव को पूरी गरिमा व उत्साह के साथ मनाएं। गोबर व मिट्टी से बने दीयों को उपयोग करें, ज्वलनशील पदार्थो से बच्चों को दूर रखें, तेज आवाज पैदा करने वाले पटाखों से दूरी बनाएं, उनके उपयोग से बचें। शासन-प्रशासन द्वारा इस संबंध में जारी गाईड लाईन का पालन करें।


### मेंटनेंस के लिए डेढ़ महीने से बंद इकाई में फिर आई खराबी

**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। हसदेव ताप विद्युत परियोजना की 4 नंबर इकाई को मेंटनेंस के लिए डेढ़ महीने के लिए बंद रखा गया था। मेंटनेंस के बाद यूनिट को तीन दिन पहले ही चालू किया गया था। एक बार फिर यूनिट में खराबी आने के कारण उत्पादन प्रभावित हो गया है।



एचटीपीपी के साथ-साथ मड़वा संयंत्र की 500 मेगावाट क्षमता वाली एक और यूनिट भी तकनीकी खामियों से बंद है। एक साथ 710 मेगावाट क्षमता वाली यूनिटों के बंद रहने से बिजली उत्पादन पर असर पडऩे लगा है। हालांकि अभी ठंड के सीजन में बिजली की डिमांड में कमी आ रही है। अभी औसत डिमांड चार हजार से 4500 मेगावाट के बीच डिमांड आ रही है। इस वजह से सेंट्रल सेक्टर पर निर्भरता नहीं बढ़ी है। उत्पादन कंपनी द्वारा दोनों संयंत्रों के यूनिटों में आई खराबी को दूर करने का प्रयास कर रही है। बिजली की डिमांड चार हजार मेगावाट के करीब है, जबकि उत्पादन कंपनी के संयंत्रों से कुल 1900 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। जबकि सेंट्रल से 2100 मेगावाट तक बिजली की खरीदी की जा रही है। डीएसपीएम के दोनों यूनिट, एचटीपीपी के चार यूनिट और मड़वा संयंत्र की एक यूनिट से बिजली का उत्पादन हो रहा है।

### अमित शाह 15 को कोरबा आ रहे, घंटाघर में सभा



कोरबा, 11 नवंबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृहमंत्री व भाजपा के स्टार प्रचारक अमित शाह 15 नवंबर को कोरबा जिला प्रवास पर रहेंगे। वे दोपहर 1 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर घंटाघर मैदान में आमसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ कोरबा विधानसभा के प्रत्याशी लखनलाल देवांगन भी उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपा के द्वारा अमित शाह के आगमन और सभा के संबंध में आवश्यक तैयारियां की जा रही है। अमित शाह के प्रवास को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित हैं।

### अमित जोगी रहे कटघोरा प्रवास पर



**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी शनिवार को कोरबा प्रवास पर रहे और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान कोरबा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों सहित बड़ी संख्या में जनता कांग्रेस के कार्यकर्ता व सदस्यगण भी उपस्थित रहे। अमित जोगी ने पार्टी के घोषणा पत्र का भी जिक्र किया और पार्टी के पक्ष में माहौल होना बताया।

## कुसमुंडा खदान से कोयला उत्पादन बढ़ाने पर जोर

### सीएमडी ने किया खदान का निरीक्षण

**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल सीएमडी डॉ.प्रेम सागर मिश्रा शुक्रवार दोपहर कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट पहुँचे। वे व्यू पॉइंट गये तथा माईन प्लान के जरिए खदान के कार्य संचालन का अवलोकन किया। कैट शॉवेल पैच, नीलकंठ, बरकुटा पैच पहुँचे तथा खनन गतिविधियों का अवलोकन लिया। डिस्पैच के लिहाज़ से बेहद महत्वपूर्ण, फर्स्ट माईल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के तृतीय चरण अंतर्गत कुसमुंडा में विकसित किए जा रहे इन-पिट बेल्ट कन्वेयर की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने मेगा प्रोजेक्ट में जल छिडक़ाव के लिहाज से विकसित किए जा रहे उच्च क्षमता के वाटर रिजर्वायर की कार्य के प्रगति का भी निरीक्षण किया। सीएमडी डॉ.मिश्रा ने एरिया के कार्यसंचालन की समीक्षा करते हुए दैनिक कोयला उत्पादन में वृद्धि हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एरिया महाप्रबंधक संजय मिश्रा उपस्थित थे।



### मतहारी वंदन योजना की एआरओ से शिकायत

कोरबा, 11 नवंबर (देशबन्धु)। कटघोरा क्षेत्र के अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सुधीर मिश्रा ने सहायक चुनाव अधिकारी, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के समक्ष महतारी वंदन योजना के तहत भाजपा के द्वारा विवाहित महिलाओं का फार्म भराकर चुनाव को प्रभावित करने के संबंध में शिकायत किया है। शिकायत पत्र में बताया गया है कि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दीपका, कुसमुंडा, बांकीमोंगरा, कटघोरा तथा ग्रामीण क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र में प्रति विवाहित महिला 1000 रुपए प्रति महीना एवं एक वर्ष का 12000 रुपए का प्रलोभन देकर आधार कार्ड, बैंक खाता व पेन कार्ड की फोटोकॉपी लेकर पंजीयन फार्म भरवाया जा रहा है। जो विवाहित महिलाओं को प्रलोभन देकर वोट को प्रभावित व लोगों को गुमराह किया जा रहा है। इस संबंध में शीघ्र ही दिशा-निर्देश जारी कर फार्म भरवा रहे व्यक्तियों के ऊपर उचित कार्यवाही का आग्रह किया गया है।

## शासकीय सेवकों, वाहन चालकों और मतदान दलों के कर्मचारियों ने किया मतदान

**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो कि कोरबा जिले के निवासी हैं और कोरबा जिले से बाहर कार्यरत् हैं तथा जिनकी मतदान कार्यों में ड्यूटी लगाई गई है एवं जिन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से डाक मतपत्र हेतु आवेदन किया है, उन्होंने आज प्रशिक्षण स्थल पर डाकमत पत्र से मतदान किया। शासकीय इव्ही पी जी कॉलेज कोरबा में रायगढ़ से मतदान करने आए प्रमोद जांगड़े, जांजगीर-चाम्पा जिले से मतदान करने आई संगीता यादव और कोरबा जिले में वाहन चालक प्यारेलाल यादव ने बताया कि आज उन्होंने डाकमत पत्र से मतदान किया।




मतदान दल में शामिल माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी एवं वाहन चालकों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल में की गई है। वे भी 14 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज कोरबा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा के प्रशिक्षण स्थल में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रशिक्षण स्थल में विधानसभा क्षेत्र रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार के अभ्यर्थियों तथा राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधि भी अपनी उपस्थिति दे सकते हैं।

# शिव औषधालय में मनाई गई धन्वंतरी जयंती

**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। धन्वंतरी जयंती के अवसर पर शिव औषधालय में भगवान धन्वंतरी की पूजा संपन्न हुई। विधि-विधान से भगवान धन्वंतरी की पूजा कर आरोग्य की कामना की गई। इस अवसर पर शिव औषधालय, आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद एवं पतंजलि चिकित्सालय के सयुंक्त संयोजकत्व में वैद्य निर्मल अवस्थी राष्ट्रीय समन्वयक, लोक स्वास्थ्य परंपरा संवर्धन अभियान के मुख्य



आतिथ्य में डॉ. प्रदीप जैन जिला आयुर्वेद अधिकारी की अध्यक्षता एवं रणधीर पांडे नमामी हसदेव अभियान प्रमुख, शिव जायसवाल अध्यक्ष लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट तथा वैद्य दुर्जन यादव परंपरागत वैद्य संघ के संरक्षक के विशिष्ट अतिथ्य में श्री शिव औषाधालय राजेन्द्र प्रसाद नगर, फेस-2 में कार्यक्रम हुए।

भगवान धन्वन्तरी का षोडशोपचार पूजन कर आरती की गई। पूजन शिव औषाधलय के संस्थापक नाड़ी वैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा एवं पंडित सत्यम शर्मा द्वारा कराया गया। रमाशंकर त्रिवेदी द्वारा धन्वन्तरी वंदना का पाठ किया गया। अतिथियों का स्वागत पं. शिव कुमार शर्मा, डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, डॉ. युगेश नारायण शर्मा, डॉ. जितेंद्र नारायण शर्मा एवं श्रीमती प्रतिभा शर्मा द्वारा तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर किया गया। स्वागत पश्चात जांजगीर-चाम्पा जिले से आये गायक डॉ. सराफ एवं जिले के संदीप शर्मा ने गीतों की प्रस्तुति दी। डॉ.प्रदीप जैन ने सभी को निरोगी जीवन हेतु आयुर्वेद जीवनशैली अपनाने की सलाह देते हुये कहा कि आयुर्वेद सर्वश्रेष्ठ निरापद एवं दैवीय चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद चिकित्सा करना, आयुर्वेद का प्रचार-प्रसार करना पवित्र एवं महान कार्य है जिसके लिए शिव औषाधलय परिवार साधूवाद का पात्र है।

# सार-संक्षेप

## ढाई लाख के 19 नग मोबाईल के साथ चोर पकड़ाया

**रायगढ़** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कल रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास साइबर सेल और कोतवाली पुलिस द्वारा मूखबीर सूचना पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से करीब डेढ दर्जन चोरी की मोबाईल जब्त की है।

पुलिस टीम द्वारा संदेही से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अजय राय निवासी साहिबगंज (झारखंड) का मूल निवासी तथा वर्तमान में किरोड़ीमल नगर में किराया मकान लेकर रहना बताया जिसे क्षेत्र में चोरी की गतिविधियों में शामिल होने की मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने बीते 5 नवंबर के सुबह इतवारी बाजार रायगढ़ में एक व्यक्ति के जेब से रेडमी 10 मोबाइल की चोरी करना और उस मोबाइल में लगे 2 सिम कार्ड को फेंक कर चोरी मोबाइल को अपने घर में छुपा कर रखना बताया। चोरी रेडमी 10 मोबाइल के संबंध में थाना कोतवाली में धारा 379 आईपीसी दर्ज था। कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा संदेही के किराया मकान किरोड़ीमल नगर में संदेही को ले जाकर दबिश दिया गया। जहां चोरी की रेडमी 10 मोबाइल के अलावा 18 और विभिन्न कंपनियों के मोबाइल जिसमें वनप्लस, रेडमी, रियलमी, नारजो वन, सैमसंग, वीवो कंपनी के मोबाइल मिले। संदेही अजय राय से अन्य मोबाइल के संबंध में पूछताछ करने पर अजय राय गोल-गोल जवाब देने लगा। कोतवाली स्टाफ द्वारा अजय राय को नोटिस देकर मोबाइल के कागजात की मांग किया गया।

## स्कूटी पर शराब की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 11 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर विभिन्न चेक पॉइंट पर एसएसटी टीम के साथ थाना एवं साइबर सेल की टीम द्वारा वाहनों की जांच में सहयोग किया जा रहा है। इसी दरमियान कल शाम पालीघाट चैंक पर वाहन चेकिंग के दौरान साइबर सेल स्टाफ को सूचना मिली कि एक व्यक्ति उड़ीसा की ओर से स्कूटी पर अवैध बिक्री के लिए भारी मात्रा में उड़ीसा में बेची जाने वाली अंग्रेजी शराब और महुआ शराब लेकर आ रहा है।

वरिष्ठ अधिकारियों को साझा की गई मुखबीर सूचना पर तत्काल तमनार पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा हमीरपुर यात्री प्रतीक्षालय के पास वाहनों की जांच में लग गए। इस दौरान प्लेजर स्कूटी आ रहे संदिग्ध युवक को रोक कर पूछताछ किया गया जिसे अपना नाम रोहित निषाद पिता हरिश चंद निषाद उम्र 26 साल निवासी बाजार पारा तमनार जिला रायगढ़ का बताया जिसके स्कूटी के पैरदानी के पास रख दो प्लास्टिक के थैले में अंदर विभिन्न प्रकार के अंग्रेजी ब्रांड के शराब और एक-एक लीटर क्षमता वाली पानी बोतल रखा हुआ महुआ शराब मिला। युवक रोहित निषाद से शराब परिवहन के संबंध में पूछताछ कर विधिवत रोहित निषाद को नोटिस देकर अवैध बिक्री के लिए ले जा रहे उड़ीसा राज्य में विक्रय वाली अंग्रेजी शराब- ऑफिसर्स चॉइस, ब्लेंडर प्राइड, रॉयल स्टेज इत्यादि की 4 बोतल, 8 अद्धी, 49 पाव और 1-1 लीटर वाली 6 प्लास्टिक बॉटल में भरा महुआ शराब अनुमानित 29 हजार रूपये की अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त प्लेजर स्कूटी को जप्त किया गया।

## क्रेटा कार से 8 लाख कैश जब्त

**रायगढ़** 11 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त कराने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर एसएसटी एफएसटी टीम के साथ थानों का पुलिस बल निर्वाचन व्यय, संदिग्ध रकम तथा चुनाव प्रभावित वस्तुओं की आवाजाही पर निगाह रखे हुए है। इसी क्रम में कल दोपहर वाहन चेकिंग दौरान ढिमरापुर चैक पर कोतवाली पुलिस द्वारा एक सफेद रंग की हुंडई क्रेटा कार अंदर रखा लाल रंग के बैग में 500-500 के 16 बंडल कुल 8 लाख रुपए नकद रखा पाया गया। वाहन में उपस्थित ओम प्रकाश गुप्ता पिता आलेख गुप्ता उम्र 32 साल निवासी केसला थाना जूटमिल से बैग में रखे रकम के संबंध में पूछताछ कर विधिवत नोटिस देकर नोटिस का अनुकूल जवाब प्राप्त नहीं होने पर अनावेदक ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन करना पाये जाने पर कोतवाली पुलिस द्वारा संदिग्ध रकम की धारा 102 सीआरपीसी के तहत जप्ती की कार्रवाई कर जिला निर्वाचन कार्यालय को कार्यवाही से अवगत कराया गया है। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, दिलीप भानु, आरक्षक कोमल तिवारी की अहम भूमिका रही है। कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब, जुआ सट्टा तथा चुनाव प्रभावित सामग्रियों की आवाजाही पर निगाह रखकर कार्यवाही किया जा रहा है।

## दीपावली के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने अधिकारियों की लगी ड्यूटी

**अम्बिकापुर** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली का पर्व 12 नवम्बर 2023 को मनाया जाना है, पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिसमें अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल को अनुभाग क्षेत्र अम्बिकापुर का संपूर्ण प्रभार, अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीतापुर श्री रवि राही को अनुभाग क्षेत्र सीतापुर का संपूर्ण प्रभार, अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी उदयपुर श्री बीआर खांडे को अनुभाग क्षेत्र उदयपुर का संपूर्ण प्रभार, अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी लुण्ड्रा श्री राम सिंह ठाकुर को अनुभाग क्षेत्र लुण्ड्रा का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी अम्बिकापुर श्री उमेश्वर सिंह बाज को थाना सिटी कोतवाली, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी श्री कमलेश कुमार मिरी को थाना गांधीनगर, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी अम्बिकापुर श्री अजय गुप्ता को मणिपुर थाना क्षेत्र हेतु ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी अम्बिकापुर श्री कृष्ण कुमार कवंर, श्री सर्वेश प्रसाद पटेल एवं श्री चंदन दुबे को पटाखा बिक्री केन्द्र, राजमोहिनी देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्राउंड हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 3 साल से बचे हुए खाने को जरूरमंदों में बांट रहा है कार्डिनल रोटी बैंक

**रायगढ़** 11 नवंबर (देशबन्धु)। बीते सालों की तरह इस बार भी कार्डिनल रोटी बैंक दीवाली त्यौहार को गरीब-जरूरतमंदो-अनाथ आश्रम-वृद्धा आश्रम में मना रही है। 3 साल से कार्डिनल ग्रुप सामाजिक सहयोग से हर घर दीवाली मना रहा है। लोग स्वस्फूर्त पटाखे, मिठाइयां और कपड़े संस्था में दे रहे हैं जिसे कार्डिनल रोटी बैंक दीवाली के पहले जरूरतमंदों में वितरित करेगा। इसके लिए संस्था ने लोगों से सहयोग की अपील की है। ताकि वह अधिक से अधिक लोगों के चेहरे पर दीवाली के दिन खुशियां बिखेर सकें। दीवाली के अलावे शहर में कोई आयोजन जैसे जन्मदिन, विवाह, दशकर्म व ऐसा कार्यक्रम जहां भोजन की व्यवस्था हो और वह बच गया हो तो लोग अब उसे फेंकते नहीं गरीब और जरूरतमंदों के बीच बांटकर उनके चेहरों पर खुशी और जरूरत को पूरा कर रहे हैं। उन्हें इस अन्नदान के पुण्य का भागी बना रहे हैं रोटी बैंक जो शहर के युवाओं का समूह कार्डिनल चार्जर्स की मुहिम है। रोटी बैंक ने बीते तीन सालों से बचे हुए खानों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है।

# दिव्यांगजन व अस्सी प्लस मतदाताओं ने सशक्त लोकतंत्र के लिए घर से किया मतदान



**सूरजपुर** 11 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के 80 प्लस एवं मतदान केंद्र जाने में असमर्थ दिव्यांगजनों को आज घर बैठे मतदान की सुविधा दी गई। जिसमें विधानसभा प्रेमनगर (04) से 17, भटगांव (05) से 18 और प्रतापपुर (06) से 09 मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से कुल 44 मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान दिव्यांगजनों एवं 80 प्लस मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।अस्सी प्लस के वृद्धजन एवं दिव्यांगजन लोकतंत्र के पावन पर्व से जुड़ सके। इसके लिए जिला निर्वाचन द्वारा प्रेमनगर (04) के अतंर्गत 04, भटगांव (05) के अंतर्गत 08 व प्रतापपुर (6) के अंतर्गत 03 रूट के निर्धारण किया गया था। इसी प्रकार प्रेमनगर के लिए 04 मतदान दल, भटगाव के लिए 08 और प्रतापपुर के लिए 03 मतदान दल निर्धारित किये गये थे ताकि सुगमता पूर्वक डाक मतपत्र द्वारा सम्पन्न कराया जा सकें। निर्धारित समय में मतदान के कार्य पूर्ण हो इसके लिए मतदान दल तय समय 09 बजे से पूर्व ही अपने स्थान से निकल चुके थे। जिसके परिणाम स्वरूप मतदान दल द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से की गई।

**ठण्डीराम, इंद्रासो व चन्द्रवती ने किया मतदान**

88 वर्षीय ठण्डीराम मित्तल डाक मतपत्र द्वारा मतदान के पूर्व काफी उत्साहित नजर आये। होम वोटिंग के लिए मतदान दल जैसे ही नगर पालिका परिषद के पास स्थित उनके घर पहुंचा, तो उनके घर के सदस्यों ने मतदान दल का स्वागत किया और अपने परिवार के मुखिया ठण्डीराम मित्तल को इसकी सूचना दी। श्री मित्तल आज अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सुबह से ही इंतजार कर रहे थे और इसके लिए उत्साहित भी थे। इसके साथ ही बड़कापारा मे रहने वाली 85 वर्ष की श्रीमती इंद्रासो राजवाड़े के घर भी मतदान दल पहुंचा था। जहाँ श्रीमती इंद्रासो राजवाड़े का पूरा परिवार मतदान दल की प्रतिक्षा कर रहा था। यहां भी मतदान दल ने अपना सेटअप तुरंत स्थापित कर डाक मत पत्र के माध्यम से श्रीमती इंद्रासो राजवाड़े का मतदान करवाया। शहर के वार्ड क्रमांक 03 पंचमंदिर वार्ड में 80 वर्ष से अधिक की श्रीमती चन्द्रवती अग्रवाल ने मतदान किया। मतदान के बाद मतदाता व परिजनों ने निर्वाचन आयोग का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने अंतिम तैयारियों का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**अम्बिकापुर** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में 17 नवम्बर 2023 को मतदान किया जायेगा तथा 03 दिसम्बर 2023 को मतगणना का कार्य सम्पन्न होगा। मतदान दलों को प्रदाय करने के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीन को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रांग रूम, सामग्री वितरण, सामग्री प्राप्ति, मतगणना आदि का कार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर से किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने शनिवार को मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दिवस की तैयारियों, मतदान कराने मतदान दलों की रवानगी, मतदान संपन्न कराने, एवं वापसी सहित मतगणना दिवस के संबंध में की जा रही आवश्यक अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान सबसे अधिक आवागमन, ट्रैफिक एवं वाहनों की पार्किंग की समस्या होगी, उन्होंने कार्ययोजना बनाकर ड्यूटी में लगे अधिकारी- कर्मचारियों वाहनों की पार्किंग हेतु कला केंद्र मैदान में व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए, इसके साथ ही कहा कि मतदान दलों के वाहनों हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे का स्थल चिन्हांकित कर पार्किंग की व्यवस्था करें, ताकि उन्हें मतदान सामग्री लाने-ले जाने में सुविधा हो। उन्होंने पर्याप्त लाइटिंग, भोजन हेतु स्थल, पेयजल, स्वच्छता, टेंट, बैठक व्यवस्था आदि व्यवस्थाएं को सुनिश्चित करने हेतु सर्वसम्बन्धितो को आवश्यक-दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पूरी प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतने और मतदान दलों हेतु अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पेट्रोल पंप संचालकों एवं गैस एजेंसियों के संचालकों की ली बैठक



विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने शनिवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में पेट्रोल पंप संचालकों एवं गैस एजेंसियों के संचालकों की बैठक ली। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन ने कहा आगामी 17 नवम्बर को जिले में विधानसभा निर्वाचन होना है, विभिन्न कार्यों के सम्पादन हेतु पर्याप्त मात्रा में ईंधन की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन को सुचारू रूप से सम्पादित करने हेतु पेट्रोल-डीजल ईंधन के अतिरिक्त खपत को देखते हुए प्रत्येक पम्पों को नियमानुसार प्रतिदिन 2 हजार लीटर का स्टॉक आरक्षित रखना होगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनों को निर्वाचन शाखा से जारी पर्चियों के माध्यम से पेट्रोल डीजल उपलब्ध कराया जाए, इसमें किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो। इसके साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि वास्तविक ग्राहकों को ही पेट्रोल डीजल प्रदान किया जाए तथा वास्तविक भुगतान करने वालों के ही नाम से बिल जारी किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालकों को कहा कि प्रत्याशी द्वारा ईंधन से सम्बंधित व्यय की जानकारी भी व्यय शाखा में दी जानी है। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की संलिप्तता पाए जाने पर सम्बन्धित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने सभी गैस एजेंसियों के संचालको को कहा कि निर्वाचन के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों एवं अन्य जिलों के सुरक्षा बलों के लिए आवश्यक व्यवस्था हेतु गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने हेतु भी स्टॉक सुरक्षित रखें।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, जिला कोषालय अधिकारी श्री अनिल सिन्हा, जिला खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी, डिप्टी कलेक्टर श्री डी एस उइके, सम्बन्धित अधिकारी सहित जिले के समस्त पेट्रोल पम्पों के संचालक एवं गैस एजेंसियों के संचालक उपस्थित थे।

## मतपत्र से 3,654 कर्मियों ने किया मतदान

**अम्बिकापुर** 11 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिले के मतदान कर्मियों, दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता, सुरक्षा कर्मियों, ईटीपीबीएस, अन्य जिले के मतदाताओं द्वारा मतदान किया जा रहा है। जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से अब तक होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल 3 हजार 654 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। विशेष मतदान दलों द्वारा चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में होम वोटिंग के माध्यम से 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं में कुल 166 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा से कुल 52, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर से 69, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर से 45 वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग किया है। लुण्ड्रा विधानसभा में 54 में से 52 वोटिंग की गई, इसमें 02 मतदाता मृत हो चुके है, जिससे 09 नवंबर को ही यहां वोटिंग पूर्ण हो गई। अम्बिकापुर विधानसभा में 72 मतदाताओं में से 69 द्वारा वोटिंग की गई है। इनमें दो मतदाता अनुपस्थित रहे और एक मृत हो चुके हैं।

## निर्वाचन कार्य में बरती लापरवाही, दो पुलिस कर्मचारी निलंबित

निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने पर दो पुलिस कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि गत शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर. कश्यप द्वारा विधानसभा चुनाव-223 के तारतम्य में मनेन्द्रगढ़ रोड कालीघाट अम्बिकापुर के स्थैतिक निगरानी दल-9 की चेकिंग के दौरान दो पुलिस कर्मचारी थाना अम्बिकापुर के प्रधान आरक्षक 262 प्रवीण चंद तिवारी एवं थाना गांधीनगर के आरक्षक 674 रिजयुस कुजूर द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर अनुशासनहीनता, लापरवाही बरती गई। पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 64 के नियम (2) व (4) व सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-2 के उपनियम (1) के (एक) (दो) (तीन) का उल्लंघन करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र अम्बिकापुर जिला सरगुजा संबद्ध किया गया है।

## समस्त श्रमिकों को मिलेगा सवेतन अवकाश



*बलरामपुर 11 नवंबर (देशबन्धु)। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला बलरामपुर-रामानुजगंज में विधानसभा निर्वाचन-223 हेतु 17 नवंबर 223 को मतदान के दिन बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के समस्त औद्योगिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों एवं अन्य व्यवसाय या किसी अन्य स्थान में नियोजित कर्मचारियों व श्रमिकों को सवेतन अवकाश स्वीकृत किया जाना है। यह आदेश उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें मतदान दिवस को विधानसभा निर्वाचन-223 से संबंधित किसी भी कार्य के लिए ड्यूटी लगाई गई है।पोजिट बिल्डिंग में बने सुविधा केंद्र मतदान कर सकते हैं।*

## सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में द्वितीय पूरक रेंडमाइज़ेशन सम्पन्न

**मनेन्द्रगढ़** 11 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक श्री ललीत मोहन रयाल तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में ईव्हीएम मशीनों की कमीशनिंग एंव सीलिंग के उपरान्त ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का द्वितीय पूरक रेण्डमाईजेशन किया गया। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 01 भरतपुर-सोनहत के लिए बीयू 11, सीयू14 तथा व्हीव्हीपैट 34 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ के लिए बीयू 11, सीयू 06 तथा 15 व्हीव्ही पैट मशीनों का रेण्डमाईजेशन प्रत्याशी तथा प्रत्याशी के अभिकर्ता की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। रेण्डामईजेशन पश्चात उक्त सूची की प्रति देकर उपस्थित प्रत्याशी तथा उनके अभिकर्ताओं से पावती ली गयी।

रेण्डमाईजेशन के दौरान कांग्रेस से ऋषि तिवारी, जेसीसीजे से शिरीष नायर, आर्य राज डेविड, गोंड़वाना से जगजीवन सिंह उईके, आर.एस.मरकाम उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल कुमार सिदार, रिटर्निंग आफिसर श्रीमती अभिलाषा पैकरा एवं श्री मूलचंद चोपड़ा, श्री प्रीतेश राजपूत एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। रेंडमाइजेशन की समस्त कार्यवाही डीआईओ श्री उपेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

# राज्य में भ्रष्टाचार चरम-सीमा पर- राजनाथ



**कोरिया** 11 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को कोरिया जिले के सोनहत ग्राम सलगवांकला पहुँचे। हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज मैं यहां आया हूं तो रेणुका सिंह के लिए आया हूं। भारतीय जनता पार्टी ने इन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर यहां प्रत्याशी बनाया है?, जो आपके बीच यहा चुनाव मैदान में है। आप सभी का आशीर्वाद इन्हें प्राप्त होगा इसका मुझे पक्का विश्वास है। छत्तीसगढ़ के पहले चरण के चुनाव में 20 विधानसभा सीटों में दो तिहाई सीट पर भाजपा को जीत मिल रही है यह बात सारी सर्वेक्षण एजेंसियां कह रही हैं। यह शुरुआत बहुत अच्छी हुई है और मैं आज आपसे यही अपील करने आया हूं इस अच्छी शुरुआत को हम ऐतिहासिक विजय में बदल डालेंगे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनाएंगे। अटल जी ने बहुत हसरत के साथ आज से 25 वर्षों पहले छत्तीसगढ़ का गठन किया था। उनकी इच्छा थी कि छत्तीसगढ़ जब तक मध्य प्रदेश का भाग रहेगा,जहां अधिकांश गरीब वर्ग रहते हैं इसका पूर्ण विकास संभव नहीं है। इसे अलग राज्य का दर्जा देना होगा। 15 साल यहां भाजपा की सरकार थी और बीच में 5 वर्षों के लिए कांग्रेस की सरकार आई। 5 वर्षों की कांग्रेस सरकार ने क्या किया है और क्या नहीं किया है यह हमसे बेहतर आप जानते हैं। लेकिन जिस उम्मीद से आपने कांग्रेस की सरकार यहां बनाई थी। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आपके दावे और विश्वास की कसौटी पर यह कांग्रेस की सरकार खरी नहीं उतरी। मैं देख रहा हूं कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर है। हत्या, मारपीट, जघन्य अपराध बढ़े हैं। मानव तस्करी हो रही है। नशे का कारोबार बढ़ा है और तमाम छत्तीसगढ़िया अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मैं यही कहने आया हूं कि आप सब यहां पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना दीजिए। कुछ ही वर्षों के अंदर आप देखेंगे किसी की यह हिम्मत नहीं होगी कि किसी मां बहन के ऊपर उंगली उठा सके। यह क्षेत्र प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है, छत्तीसगढ़ बहुत ही सुंदर राज्य है। फिर भी यहां उद्योग धंधे और कारोबार नहीं पनप पा रहे हैं। मजबूरी में यहां के लोगों को बाहर कमाने के लिए जाना पड़ रहा है। कांग्रेस की सरकार ने यहां ऐसे ही हालात पैदा कर दिए हैं। भ्रष्टाचार का बुरा हाल है। 30 टका तो सीधे ऊपर जाता है और जो बचता है वह नीचे बंदर बांट हो जाता है। यह भूखी भ्रष्ट सरकार जीवन में आपने नहीं देखा होगा। पिछले 5 सालों में सट्टा बहुत बड़ा धंधा बन गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री के ऊपर भी सट्टे के घोटाले के आरोप है।

# मतदाताओं को प्रलोभन देकर भाजपा कर रही आचार संहिता का उल्लंघन

## महतारी वंदन योजना का फॉर्म केवल मतदाताओ को ठगने का फॉर्म



**मनेंद्रगढ़** 11 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन किए जाने पर कांग्रेस ने प्रेस वार्ता कर संबोधित किया। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि जिले के विभिन्न इलाक़ों से शिकायतें मिली हैं कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से महतारी वंदन योजना का पंजीयन फॉर्म भरवाया जा रहा है. इस फॉर्म में महिला मतदाता का नाम, पता सहित सभी व्यक्तिगत जानकारियां भरवाई जा रही हैं. इस पंजीयन फॉर्म में प्रधानमंत्री की तस्वीर सहित यह कहा जा रहा है कि इस फॉर्म को भरने से परिवार की महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह और सालाना 12,000 रुपए देने का प्रलोभन दिया जा रहा है. नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत भ्रष्ट आचरण और निर्वाचन अपराध के प्रावधानों की धारा 123 की उपधारा (अ) रिश्वत में जो दिशा निर्देश है उसके तहत मतदाता को रिश्वत देने की श्रेणी में आता है

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी ने कहा कि अभियान के ज़रिए भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट रूप से मतदान करने पर हर परिवार की महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए देने का प्रलोभन दे रही है, चूंकि इसकी शिकायतें अलग अलग क्षेत्रों से आई हैं इससे स्पष्ट है कि यह अभियान पूरे जिले में चल रहा है. इस अभियान के फॉर्म को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की ओर से सोशल मीडिया पर भी प्रचारित किया जा रहा है. इसके लिए बाकायदा अख़बारों में विज्ञापन देकर फॉर्म भी प्रकाशित किए गए हैं जो आचार सहिता के उलंघन का मामला है ब्लाक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को आयोग की ओर से तत्काल निर्देश दिए जाएं कि वे इस अभियान को रोकें. आप के आदेश के बाद यदि यह अभियान जारी रहता है तो इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से हम पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करवाने को बाध्य होंगे. एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव में पूरी तरीके से मुद्दा विहीन है इसलिए इस तरीके से मतदाताओं को दिग भ्रमित कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है यदि जिला निर्वाचन आयोग इस पर कार्यवाही नहीं करता है तो राज्य निर्वाचन आयोग और केंद्रीय निर्वाचन आयोग तक कांग्रेस पार्टी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### फूल सूपा नारियल से स्वीप बनाकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**सारंगढ़** 11 नवंबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बिहान महिला समुहों और कैडर्स द्वारा अलग अलग प्रकार से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसमे फूल, सूपा, नारियल, मेहंदी, दिया, सब्जी आदि के माध्यम से स्वीप, वोट, मतदान लिखते हुए शपथ लिया गया, और दूसरों को भी जागरूक किया गया।

### बाईक से गिरकर युवक की मौत

**सारंगढ** 11 नवंबर (देशबन्धु)। माधोपाली में रेडा के जीवनदास महंत के लड़के की मोटरसाइकिल से गिरकर मौत होना बताया जा रहा है कि दनदन दास महंत, रेडा के निवासी कल दीपावली के उपलक्ष्य में नई गाड़ी खरीदा था जिसे आज चलाते हुए दिनेश लोहार को बैठाकर माधोपाली की ओर जा रहा था मोटर सायकल माधोपाली के पास के पुल से टकरा गयी जिससे गिर कर दनदन उर्फ भीमा महंत का दुखद निधन हो गया है जिससे रेडा क्षेत्र में गहरा दुख व्याप्त है।

### अस्थाई फटाका दुकानों किया गया औचक निरीक्षण



**जांजगीर**, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। अस्थाई फटाका दुकान हाई स्कूल मैदान जांजगीर, वार्ड क्रमांक 3 नैला, कृषि उपज मंडी बलौदा, आरके मैदान अकलतरा मे जिला सेनानी एवं जिला अग्नि शमन अधिकारी जांजगीर की टीम द्वारा औचक निरिक्षण किया गया। अग्नि सुरक्षा मानकों में पाए गए कमी को सुधार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया साथ ही साथ ही साथ फायर इस्टिंग यूजर द्वारा आग बुझाए जाने के संबंध में फटाका दुकान संचालको को डेमो दिया गया एवं संक्षिप्त प्रशिक्षण भी दिया गया ताकी अग्नि दुर्घटना से होने वाले जान माल की हानि को रोका जा सके अस्थाई पंडाल में अग्निशमन वाहन का पहुंच पंडाल के चारो तरफ खुला मैदान पंडाल निर्माण सामग्री प्राथमिक सहायक अग्नि सुरक्षा अग्निशमन हेतु जल रेत भंडारण पंडाल में लगे विधुति कारण की ब्यौस्थ अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों की ब्यौस्थ उपरोक्त सभी बिंदुओं पर अस्थाई पंडालो फटका दुकान एवम् अन्य संरचनाओं का निरीक्षण किया गया।

### जिले में अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**जांजगीर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि दो अलग अलग प्रकरण में 04 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 40 नग देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम अमोदा निवासी महेंद्र यादव के संज्ञान आधिपत्य में अपने स्कूटी से 40 नग देशी शराब प्लेन का अवैध परिवहन, धारण करने पर धारा 34 (2) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। ग्राम पेंड्री निवासी धनपत पटेल के संज्ञान आधिपत्य से 04 लीटर महुआ शराब बरामद होने से 34 (1) के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में जिला आबकारी अधिकारी (प्रशिक्षु) दीपक ठाकुर आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर, मुख्य आरक्षक नेतराम बंजारे, आरक्षक राजेश पांडेय, गणेश,चेलकर एवं बसंती का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जुआ खेलने वाले 9 जुआरी गिरफ्तार

जांजगीर, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। नवागढ़ पुलिस को मुखबिर सूचना मिला कि ग्राम गोधना में कुछ लोग रूपयें पैसा का दांव लगाकर, हार-जीत का काट पत्ती नामक जुआ खेल रहें है कि सूचना पर नवागढ़ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी सत्य नारायण कस्यप , शेषनाग साहू ,वाचेश कश्यप, देवेन्द्र साहू, बलदाऊ कर्ष , पंकज कश्यप , अक्षय कश्यप चन्द्रशेखर कश्यप , दिलीप कुमार साहू सभी निवासी ग्राम गोधना थाना नवागढ़ को काट पत्ती नामक जुआ खेलते पाया आरोपियों के कब्जे से जुमला नगदी रकम 5200 / रूपया एवं 52 पत्ती तास को समक्ष गवाहन के बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 328 / 2023 धारा 3 (2) जुआ प्रतिषेद अधिनियम के तहत कायम कर विधिवत् गिरफ्तार किया जाकर जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरी. निरी. कमलेश सेण्डे थाना नवागढ़ एवं नवागढ़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# जमीन विवाद पर टांगी मारकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। टंगिया से मारकर निर्मम हत्या करने वाला आरोपी एवं आरोपी को भगाने में सहयोग करने वाला आरोपी को मुलमुला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कल खेत जमीन विवाद को लेकर आरोपियों द्वारा एक राय होकर टांगिया से प्राण घातक हमला कर मृत्यु कारित कर घटना को अंजाम दिया था। आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 34, 212 भादवि के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि 10.नवम्बर को सूचक दीप्ती राठौर उम्र 38 साल निवासी नरियरा थाना मुलमुला जो थाना मुलमुला उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दोपहर 03.30 बजे के आस-पास अपने घर पर थी तभी गली में हल्ला सुनाई दी कि धरम लाल राठौर को पटेल लोग मारपीट कर रहें थे, तब पटेल बस्ती तरफ दौड़ते गई देखी तो मेरे ससुर धरम लाल राठौर को खेत जमीन विवाद के कारण तिरिथ राम पटेल एवं उसके पुत्रो के द्वारा हाथ मुक्का एवं टांगिया से मारपीट कर रहें थे, मारपीट से ससुर के जमीन में गिरने और टंगिया से मारने से मृत्यु हो गई सूचना पर थाना मुलमुला में मर्ग धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मर्ग जांच दौरान मृतक धरम लाल राठौर निवासी नरियरा के शव का पीएम कराया गया पीएम कर्ता डाक्टर से शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया जो गंभीर चोट लगने से मृत्यु



होना पीएम रिपोर्ट में लेख किये जाने तथा मर्ग जांच दौरान गवाहो के कथन शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध सदर धारा का कारित करना सबूत पाये जाने से थाना मुलमुला में धारा 302, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मुखबीर सूचना मिला कि आरोपी तिरीथराम पटेल एवं उसके पुत्र रामकुमार पटेल अपने घर में छिपा की सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया। आरोपीगण द्वारा अपने मेमोरण्डम कथन में बताया कि मृतक धरम लाल राठौर से हम लोगो का खेत जमीन विवाद चल रहा इसी बात को लेकर उसको जान से मारने की नियत से हम लोग पटेल मोहल्ला अपने घर के सामने गली में इंतजार कर रहे थे तभी धरमलाल राठौर आया जिसको एक राय होकर हाथ मुक्का से मारपीट एवं टंगिया से उसके गले को मारकर हत्या करना बताये। आरोपी लक्ष्मीराम पटेल जो आरोपी तिरिथ राम पटेल का रिस्तेदार है जिसने एक अन्य आरोपी को अपने घर ग्राम परसाही बाना में यह जानते हुए भी कि उसने हत्या किया है उसे अपने घर में आश्रय देकर अपने मोटर सायकल में बैठाकर भगाने में सहयोग किया है जिस पर से आरोपी लक्ष्मीराम पटेल को घटना के संबंध में पूछताछ किया जो जुर्म स्वीकार करने से उसके विरूद्ध प्रकरण में धारा 212 भादवि जोड़ी गई।

विवेचना दौरान आरोपी तिरिथ राम पटेल उम्र 65 साल निवासी नरियरा थाना मुलमुला, रामकुमार पटेल उम्र 28 साल निवासी नरियरा थाना मुलमुला, लक्ष्मी नारायण पटेल उम्र 32 साल निवासी परसाही बाना थाना अकलतरा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है*। प्रकरण के एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी जारी है मिलने पर शीघ्र गिरफ्तारी कार्यवाही की जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी सागर पाठक थाना प्रभारी मुलमुला, सउनि प्रमोद महार, प्रआर बलदेव, रेमन सिंह राजपूत, आर. नफिस खान एवं सायबर सेल टीम सराहनीय योगदान रहा।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने नवागढ़ में भरी हुंकार

### बस्तर से सरगुजा तक परिवर्तन की लहर का दावा

**जांजगीर**, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने शनिवार को जांजगीर चांपा विधानसभा के नवागढ़ में चुनावी सभा ली। उन्होंने कॉलेज ग्राउंड में आम सभा को सम्बोधित करते हुए बस्तर से सरगुजा तक परिवर्तन की लहर दिखने का दावा किया। वहीं शराब बंदी और घोषणा पत्र को लेकर भूपेश सरकार पर कई आरोप भी लगाए।

चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ सिंह ने भूपेश बघेल की सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि जन घोषणा पत्र का सभी वादा अधूरा है। शराब बंद करने के बजाय घर घर में शराब पहुंचाया गया।



डॉ सिंह ने कहा सडक, बिजली और भवन बनाने में काम डॉ रमन का है। भूपेश बघेल को नरवा, गरुआ, घुरुवा, बारी से ज्यादा कुछ नहीं दिख रहा। लालू प्रसाद यादव ने चारा घोटाला किया और जेल पहुच गए। अब भूपेश ने गोबर घोटाला किया है। केंद्र की योजनाओं पर भी भूपेश सरकार ने अड़ंगा लगाया। जिसके कारण 16 लाख आवास का निर्माण रुक गया। डॉ सिंह ने कहा हमारी सरकार बनेगी तो पहला काम 18 लाख मकान बनाने का होगा।

धान का बोनस चार किस्त में नहीं बल्कि एक बार में ही पूरा एक साथ देंगे।

पी एस सी घोटाले की जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। डॉ सिंह ने प्रथम चरण के चुनाव में 20 विधानसभा में से 14 में बीजेपी के जीतने का दावा किया। उन्होंने कहा कि बस्तर से सरगुजा तक परिवर्तन की लहर दिख रही है।

इस मौके पर जांजगीर चाम्पा सांसद गुहाराम अजगले, विधानसभा प्रत्याशी नारायण चंदेल, भाजपा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मनेन्द्रगढ़**, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक श्री शिव सोनी सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री राज कुमार खाती के द्वारा ली गयी।

बैठक में पोषण ट्रेकर एप्प में नियमित एन्ट्री नहीं होने एवं कम एन्ट्री होने की जानकारी लेते हुए सही एन्ट्री करने की समझाईश एवं सुझाव दिये गये। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री खाती के द्वारा दी गयी।

## पीडब्ल्यूडी स्कूल में बच्चों को बांटे मिठाई और दिए

**कोरबा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला पीडब्ल्यूडी रामपुर में डॉ.जेके लहरे जेके हॉस्पिटल के संचालक द्वारा प्रतिवर्षानुसार दीपावली पूर्व मिठाई एवं दीए का वितरण सभी बच्चों एवं शिक्षकों को किया गया। वार्ड 33 से श्रीमती ममता यादव, हेमलता यादव, राजकुमारी रात्रे, सुनीता रात्रे, पूजा खांडे, तृप्ति सरकार, गीता महंत, अनुष्का जयसिंह एवं अस्पताल स्टाफ डा. श्रीमती सुलेखा कुर्रे, श्रीमती सुनी जैन एवं मनीराम जांगड़े, दादू मनहर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### टीम में तैनात अधिकारी कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने तिथि निर्धारित

**मनेन्द्रगढ़**, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु पूर्व में जारी आदेश के संशोधन में निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत (अजजा) एवं निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ (सामान्य) अंतर्गत पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किये जाने वाले निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी जो डाक मतपत्र से मतदान नहीं दे पाये हैं एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी को डाक मतपत्र से मतदान कराये जाने हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी 14 नवम्बर 2023 को सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान सुविधा केन्द्र स्वामी आत्मानन्द शासकीय इंग्लिश

# दीपावली त्यौहार पर जिला पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था

**जांजगीर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर चाम्पा दीपावली त्यौहार के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था की है।

जिला पुलिस द्वारा साराफा बाजार भीड़ भाड़ जगह दुकानों में पर्याप्त सुरक्षा हेतु शस्त्र गार्ड लगाया जाकर लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है, केन्द्रीय पुलिस बलों के द्वारा भीड़ भाड़ इलाको में पैदल फ्लेग मार्च किया जा जाकर संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही है, साथ ही यातायात पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन करने हेतु नियमित रूप से वाहनों का चेकिंग की जा रही है। 10 नवम्बर से 12 नवम्बर तक दीपावली का त्यौहार मनाया जायेगा, जिसको दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून सुरक्षा व्यवस्था बनायें रखने के लिए जिला पुलिस द्वारा पर्याप्त पुलिस ड्यूटी के लिए लगाया गया है। 11 नवम्बर को छोटे दीपावली एवं 12 नवम्बर को दीपावली पर्व है।



### संपूर्ण व्यवस्था पुलिस अधीक्षक को

इस दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र में अनिल सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुये उप पुलिस अधीक्षक 03, निरीक्षक - 07, उप निरीक्षक -07 सउनि प्रआर-13, आरक्षक 116 की ड्यूटी लगाई गई है।

### प्रत्येक थाना चौकी क्षेत्र में पेट्रोलिंग पार्टी

दीपावली के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा बनाये रखने हेतु सघन रूप से पेट्रोलिंग करने हेतु प्रत्येक थाना चौकी क्षेत्र में 01- 01 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई, एवं जिले के थाना चौकी क्षेत्र के प्रत्येक देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकानों के सामने 02-02 आरक्षक मय सशस्त्र गार्ड तैनात किया गया है।

### कुल 19 फिक्स पाईट

थाना / चौकी क्षेत्र में कुल 19 फिक्स पाईट बनाया गया है, जिसमें जांजगीर 03- कचहरी चौक, नेताजी चौक, बीटीआई चौक, नैला 1-01 रेलवे स्टेशन नैला, चांपा 04 सदर बाजार चांपा, मोदी चौक चांपा, बरपाली चौक चांपा, मेमन पेट्रोल पंप चांपा, अकलतरा 03 शास्त्री चौक, आजाद चौक, रेलवे स्टेशन अकलतरा, पामगढ़ -02 अंबेडकर चौक, चंडीपारा चौक, बलौदा -01 गांधी चौक, शिवरीनारायण -01 बाम्बे मार्केट, नवागढ 01 राछाभांठा,बम्हनीडीह - 01 बम्हनीडीह बस स्टैण्ड, बिर्रा - 01 बस स्टैण्ड बिर्रा,सारागांव 01 बाजार चौक सारागांव में फिक्स पाईट बनाते सशस्त्र गार्ड तैनात किया गया है।

साथ ही थाना चौकी क्षेत्र में भीड़ भाड़ इलाकों में केन्द्रीय बलों के द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

एवं यातायात द्वारा नियमित रूप से चेकिंग की जा रही है सराफा बाजार, बैंक, भीड़ भाड़ इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर निगाह रखने हेतु सादी वर्दी में भी बल तैनात किया गया है।

### त्योहारी सीजन में साइबर ठग सक्रिय

जांजगीर, 11 नवंबर (देशबन्धु)। त्योहारी सीजन में साइबर क्राइम की घटना लगातार बढ़ रही है। आनलाइन ठग एक्टिव हो गए हैं। आए दिन लोगों को लुभावने आफर्स देकर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। इस समय आपको कई तरह की स्कीम आनलाइन देखने को मिलेंगी। ऐसा लगेगा कि फेस्टिव सीजन होने की वजह से आफर मिल रहा है। लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता।

# सेक्टर अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनिवार्यतः करें पालन

**मनन्द्रेगढ़,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक श्री ललीत मोहन रयाल तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने आज जिला कलेक्टेऱ्ट कार्यालय के सभा कक्ष में मतदान के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने एजेण्डा वार जानकारी देते हुए बताया कि जिले में जितने भी मतदाता है। उनको वोटर ईन्फोर्मेशन स्लिप बांट दिया गया है। उनकी जानकारी बीएलओवार जानकारी बना कर प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने समस्त बीएलओ को घर-घर जाकर डोर-टू-डोर वोटर ईन्फोर्मेशन स्लिप शत-प्रतिशत वितरण करने के निर्देश दिये। उसके बाद चिन्हित प्रति तैयार किया जाएगा। उन्होंने एएसडी लिस्ट की तैयार करने के निर्देश दिये। एएसडी लीस्ट का मतलब होता है। अनुपस्थित, शिफ्टेड तथा डेथ हुए मतदाताओं की जानकारी। उन्होंने बताया कि समस्त मतदान केन्द्रों में बीएलओ अल्फाबेटिकल मतदाता सूची लेकर 100 मीटर की दूरी पर बैठेंगे। उनकी बैठने की व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र में जनपद सीईओ तथा नगरीय क्षेत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के द्वारा की जानी है। जिन मतदान केन्द्रों में दो या दो से अधिक मतदान केन्द्र हैं उन स्थानों में बेरिकेटिंग की जानी है। जिले के 194 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की जानी है। सेक्टर अधिकारियों को इन मतदान केन्द्रों की सूची रखनी है। वेब कास्टिंग के लिए जरूरी व्यवस्थाएं देखनी है। वोटिंग कक्ष में कैमरा बीएलओ की उपस्थिति में ऐसे स्थानों पर लगाये जाये जिससे मतदान की गोपनीयता भंग न हो। इस बात का विशेष ध्यान रखें। किसी भी स्थिति में मतदान केन्द्र में वोटिंग कम्पार्टमेंट कैमरे में दिखाई नहीं देना चाहिए। कैमरा की स्थापना ऐसी हो जब मतदाता अन्दर आते हुए तथा मतदान के पश्चात जाते हुए दिखे।

### आदर्श, महिला, दिव्यांग व युवा मतदान केन्द्र

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केन्द्र में सेल्फी जोन, टेन्ट, बैलून लगाने, प्रवेश द्वार में एन्ट्री एवं एग्जिट पाईट लगवाना तथा रास्ते में मैट लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पानी, बिजली, छाया, टायलेट तथा मतदान केन्द्र में साफ-सफाई हो। मतदान केन्द्र में मतदाताओं प्रेरित किये जाने वाले कट ऑउट की व्यवस्था करना। सभी मतदान केंद्रों को थीम के आधार पर साज सज्जा कर आकर्षक बनाने कहा।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव संपन्न कराने पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**खरसिया** 11 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के द्वितीय चरण में रायगढ़ जिले की चार सीटों सहित प्रदेश की 70 विधानसभा सीटों में 17 नवंबर 2023 को मतदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग चुकी है। छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारी, गृह विभाग राज्य में चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए अपनी तैयारियों में लगा हुआ है। छत्तीसगढ़ का गृह विभाग और तमाम पुलिस अफसर भी इस चुनाव को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेय गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राकेश मिश्रा एवं चौकी प्रभारी निरीक्षक सौरभ द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा खरसिया शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया क्योंकि धारा 144 पूरे प्रदेश में लागू हो चुकी है, जिसका पालन करने के लिए निर्वाचन आयोग की गाईडलाइन के मुताबिक राजनीतिक दलों के अलावा आम जनता को समझाना जरुरी है। अधिकारी द्वय ने बताया



कि पुलिस को किस तरह से अपना काम करना है, इस बात की जानकारी अन्य अफसरों, सीआरपीएफ, पुलिस के जवानों को दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा ने सभी को विधानसभा चुनाव से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियां देते हुए कहा कि अपराधियों पर कड़ाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि खरसिया थाना क्षेत्र में जो भी गुंडे बदमाश असामाजिक तत्व हैं उनकी गिरफ्तारी की जा रही है, आदतन अपराधी जिनके द्वारा लगातार अपराधिक कृत्य किए गए हैं उनके विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस ने फ्लैग मार्च करके संपूर्ण खरसिया नगर का भ्रमण किया है, इसके माध्यम से आम जनता से चुनाव के दौरान सहयोग और शांति बनाए रखने की अपील की गई है। आगामी चुनाव एवं त्योहार को ध्यान में रखते हुए नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता है एवं चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव करवाना हमारी जवाबदारी और हमारी जिम्मेदारी भी है, जिसके लिए खरसिया का पूरा पुलिस प्रशासन लगा हुआ है।

# देश विदेश

## नेतन्याहू ने नुकसान के लिए हमास को बताया जिम्मेदार

**जेरूसलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की टिप्पणी के जवाब में कहा कि नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की जिम्मेदारी फिलिस्तीनी आंदोलन हमास की है, इजरायल की नहीं। इससे पहले मैक्रॉन ने कहा था कि गाजा पट्टी पर इजरायल के हमलों की कोई वैधता नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए। प्रधान मंत्री कार्यालय ने एक्स पर नेतन्याहू के हवाले से कहा, नागरिकों को होने वाले किसी भी नुकसान की जिम्मेदारी हमास की है न कि इजराइल की।

# गजा में 'कोई भी सुरक्षित नहीं है' : डब्ल्यूएचओ

**संयुक्त राष्ट्र,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (संरासुप) की आपात बैठक में



■ डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक बोले, यहां स्वास्थ्य प्रणाली 'अपने घुटनों पर'

कहा कि गजा में 'कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है' और यहां स्वास्थ्य प्रणाली 'अपने घुटनों पर' है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में कहा कि जमीनी स्तर पर स्थिति गंभीर है तथा अस्पतालों में बिना एनेस्थीसिया के ऑपरेशन करने से लेकर हर दस मिनट में एक बच्चे की मौत होने तक स्थिति अत्यंत गंभीर है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कर्मचारी 23 लाख लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का प्रबंधन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

श्री टेड्रोस ने कहा कि समर्थन दिखाने का सबसे अच्छा तरीका स्वास्थ्य कर्मियों को जीवन बचाने के लिए आवश्यक चीजें प्रदान करना है। लगभग 63 मीट्रिक टन ऐसी सहायता भेजी जा चुकी है, लेकिन उन नागरिकों तक पहुंचने के लिए निर्बाध पहुंच की आवश्यकता है जो संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएचओ लगातार युद्धविराम का आह्वान कर रहा है। इसके अलावा, मैंने दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करने का आह्वान किया है। श्री टेड्रोस ने बैठक समाप्त होने पर दोबारा बोलते हुए कहा, गजा में, कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने राजदूतों से पूछा, कल्पना कीजिए कि आप उस स्थिति में फंस गए हैं। उन्होंने कहा, इसलिए हम युद्धविराम और निर्बाध मानवीय पहुंच की मांग कर रहे हैं।

## गजा पर इजरायल के हमलों को रोका जाना चाहिए : मैक्रॉन



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा कि गजा पट्टी पर इजरायल के हमलों का कोई कारण या वैधता नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए। श्री मैक्रॉन ने इससे पूर्व मध्य पूर्व के देशों को फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष में शामिल होने से रोकने के लिए आर्थिक रूप से समर्थन देने की आवश्यकता बताई। श्री मैक्रॉन ने बीबीसी से कहा, वास्तव में - आज, नागरिकों पर बमबारी की जाती है - वास्तव में। इन बच्चों, इन महिलाओं, इन बूढ़े लोगों पर बमबारी की जाती है और उन्हें मार दिया जाता है। इसलिए इसका कोई कारण नहीं है और कोई वैधता नहीं है। इसलिए हम इजरायल से इसे रोकने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि गजा के लिए मानवीय विराम और युद्धविराम के अलावा कोई अन्य समाधान नहीं है। फिलिस्तीनी समूह हमास ने 07 अक्टूबर को गजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया।

## गजा के अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा'

**गजा।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बिजली कटौती के कारण अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा' है। स्थानीय मीडिया ने पहले फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला के हवाले से कहा था कि 39 शिशुओं की मौत हो गई है। बाद के एक बयान में, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शिशुओं को 'मृत्यु का खतरा' है। इससे पहले आई एक रिपोर्ट के मुताबिक गजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को आरोप लगाया कि घिरे एन्क्लेव की सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा में लगातार बिजली कटौती के कारण अल-शिफा अस्पताल में एक नवजात शिशु की मौत हो गई। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने एक बयान में कहा कि शिशु अस्पताल में समय से पहले जन्मे 37 बच्चों में से एक था। इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप पूरी तरह से बिजली गुल होने के कारण चिकित्सा कर्मचारी पिछले तीन घंटों से इनमें से कुछ बच्चों को मैन्युअल आर्टिफिशियल श्वसन दे रहे हैं। एक महीने से अधिक समय से अल-शिफा अस्पताल सहित गजा पट्टी में किसी भी ईंधन की अनुमति नहीं दी गई है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अल-शिफा अस्पताल परिसर के प्रांगण को इजरायल ने निशाना बनाया और परिसर में आग लग गई। अल-शिफा अस्पताल के पास इजरायली हमलों की खबरें आई हैं। कर्मचारी और अधिकारियों ने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें परिसर के आसपास के क्षेत्र में भारी बमबारी दिखाई दे रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अल-शिफा बमबारी की चपेट में आ रहा है। गजा पट्टी में 20 अस्पताल कार्रवाई से बाहर हैं।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 12 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 15**

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपके साथ है, इसलिए आज आप समाज और लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। आपका वैवाहिक और पारिवारिक जीवन संतुष्ट और सुखी रहेगा। आप मित्रों के साथ मौज-मस्ती और रोमांस का आनंद ले सकेंगे।

वृषभ - आज आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना पड़ेगा। किसी की हंसी उड़ाने से आप परेशान होंगे। गलतफहमी पैदा हो सकती है। मनोरंजन और मौज-शौक के पीछे खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा।

मिथुन - आज का दिन सभी तरह से लाभदायक है। आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। परिजनों के पीछे खर्च भी हो सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह के संयोग बन सकते हैं। नौकरी में आय बढ़ सकती है।

कर्क - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव नहीं करेंगे। सीने में दर्द या जलन जैसी तकलीफ से परेशान रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ संघर्ष हो सकता है।

सिंह - आज आप शारीरिक मानसिक रूप से अस्वस्थ रह सकते हैं। भाइयों के साथ सम्बंध मजबूत बनेंगे। अपने मन के अनुसार काम कर सकेंगे। कोई छोटी यात्रा हो सकती है। आज आपको कोई बड़ा अवसर मिल सकता है।

कन्या - आपको उलझन का अनुभव होगा। मन में नकारात्मक भाव बने रहने से डर बना रहेगा। परिजनों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। गलत खर्च होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे।

तुला - यह समय आर्थिक योजनाएं बनाने के लिए बहुत अच्छा है। आपकी कलात्मकता और सृजनात्मकता बहुत अच्छी रहेगी। शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। सभी कार्य आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल से आगे बढ़ेंगे।

वृश्चिक - आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। शारीरिक और मानसिक समस्याएं दूर हो सकेंगी। व्यावहारिक उग्रता के कारण बड़ा विवाद हो सकता है। परिजनों के साथ मतभेद होने की आशंका भी है।

धनु - आज का दिन आपके लिए लाभदायक हो सकेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात बहुत यादगार साबित होगी। मित्रों के साथ घूमने जा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन मिलने से मन खुश रहेगा।

मकर - आज आपके व्यापार में आय तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त होगा। पारिवारिक और संतान सम्बंधी चिंता दूर होगी। संतोष और खुशी मिलेगी। व्यापार में थोड़ा व्यस्त रहेंगे।

कुंभ - आज आप शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव होने से काम करने में उत्साह नहीं रहेगा। अधिकारियों से मनमुटाव होने की संभावना है। मौज-मस्ती या घूमने के पीछे खर्च हो सकता है।

मीन - स्वास्थ्य के विषय में आपको सजग रहना पड़ेगा। बीमारी के कारण खर्च में वृद्धि होगी। काम में थोड़ी कठिनाई आ सकती है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पूर्वी इंडोनेशिया में शक्तिशाली भूकम्प के झटके

**जकार्ता,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में शनिवार को 6.2 तीव्रता का एक और जोरदार झटका आया लेकिन इससे सुनामी नहीं आई। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि स्थानीय समय के अनुसार 03ः45 पर आये 6.2 तीव्रता वाले इस भूकंप का केंद्र समुद्र तल पर था। एजेंसी के मुताबिक भूकंप का केंद्र मालुकु तेंगारा बारात (तनिंबर द्वीप) जिले से 249 किमी उत्तर पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था। एजेंसी ने कहा कि 5.3 और 5.2 की तीव्रता वाले तीन और मध्यम झटके भी दर्ज किए गए तथा आधी रात के बाद से कमजोर ताकत वाले कई अन्य झटके भी आए हैं। एजेंसी के अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की क्योंकि भूकंप के झटकों से बड़ी लहरें नहीं उठेंगी। बुधवार को मालुकु प्रांत में 7.1 तीव्रता का एक शक्तिशाली मुख्य झटका आया, फिर भी इससे बड़ी लहरें नहीं उठीं या कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ। पेसिफिक रिंग ऑफ फायर कहे जाने वाले संवेदनशील भूकंप प्रभावित क्षेत्र पर स्थित होने के कारण, इंडोनेशिया, एक द्वीपसमूह राष्ट्र, अक्सर भूकंप से त्रस्त होता रहा है।



## म्यांमार में संघर्ष के कारण लगभग 90 हजार लोग विस्थापित हुए

**नाएप्यीडॉ,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन की सीमा के समीप म्यांमार के शान राज्य में सरकारी बलों और जातीय विद्रोहियों के बीच संघर्ष के कारण लगभग 50 हजार लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है, जबकि देश के उत्तर-पश्चिम में लगभग 40 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को दी। यह संघर्ष कथित रूप से देश के सशस्त्र बलों द्वारा शान के कोकांग क्षेत्र में सशस्त्र जातीय समूहों द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और गोला-बारूद निर्माण व्यवसायों को रोकने की कोशिश से हो रहा है।



50 हजार लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा

गत 27 अक्टूबर को, इन समूहों ने क्षेत्र में तैनात सरकारी बलों पर हमला किया था। ओसीएचए ने एक स्थिति रिपोर्ट में कहा कि नौ नवंबर तक, उत्तरी शान में लगभग 50 हजार लोगों को धार्मिक परिसरों में विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि कई लोग चीन से लगी सीमा की ओर बढ़ गए हैं और अन्य अभी भी पार करने की कोशिश कर रहे हैं। ओसीएचए ने कहा कि उत्तरी शान में कई समुदायों के बीच भीषण संघर्ष जारी है, जिसमें तोपखाने से गोलाबारी और हवाई हमले शामिल हैं। ओसीएचए ने यह भी कहा कि लैशियो शहर में टेलीफोन और इंटरनेट सेवाएं बाधित हो चुकी हैं और क्षेत्र के मुख्य हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों का आवागमन और मानवीय सहायता प्रभावित हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर की शुरुआत में उत्तर पश्चिम में भी संघर्ष बढ़ गया है और उत्तर-पश्चिम में सक्रिय संघर्ष होने के कारण लगभग 40,000 लोग विस्थापित हुए हैं।

## रूस ने पश्चिम के दावों को किया खारिज

**मास्को,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शनिवार को इन आरोपों से साफ इनकार किया कि उत्तर कोरिया के साथ रूस का सहयोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (संरासुप) के प्रस्तावों का उल्लंघन है। उन्होंने पश्चिमी देशों के बार-बार के दावों को भी साफ खारिज किया है कि उत्तर कोरिया कथित तौर पर रुस को हथियार हस्तांतरित कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय ने सुश्री जखारोवा के हवाले से कहा, रूस और उत्तर कोरिया के बीच 'अवैध' सैन्य-तकनीकी सहयोग के 'सामूहिक पश्चिम' द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और निराधार हैं। रूस सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों सहित अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार है। यह हमें उत्तर कोरिया सहित हमारे पड़ोसियों के साथ दोस्ती और सहयोग के पारंपरिक संबंधों को गहरा करने से नहीं रोकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान, जिन्होंने टोक्यो में



■ उ. कोरिया पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने से इनकार

जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान रूस के खिलाफ आरोपों को दोहराया है, के पास कोई जांच शक्तियां नहीं हैं। उन्होंने अमेरिका और उसके 'सैटेलाइट राज्यों' पर यूक्रेन को हथियार पहुंचाकर अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया।

## इटली में विस्फोट से 12 लोग घायल

**रोम,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। इटली के लाजियो क्षेत्र में एक प्रवासी स्वागत केंद्र में विस्फोट और उसके बाद इमारत के ढहने से कम से कम 12 लोग घायल हो गए हैं। इतालवी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। कथित गैस रिसाव शुक्रवार देर रात को हुआ। एडनक्रोनोस समाचार एजेंसी ने बताया कि सभी घायलों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। प्रवासी स्वागत केंद्र की मेजबानी करने वाले सैन लोरेंजो नुओवो शहर के मेयर मास्सिमो बाम्बिनी ने एडनक्रोनोस को बताया, वहां एक विस्फोट हुआ था। संभवत: गैस रिसाव के कारण। जो हुआ उसका सटीक कारण जांच से निर्धारित किया जाएगा। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक विस्फोट के समय नाबालिगों सहित कुल मिलाकर लगभग 30 लोग इमारत के अंदर थे लेकिन घटनास्थल पर काम कर रहे अग्निशामकों ने मलबे के नीचे अन्य लोगों की मौजूदगी से इनकार किया है।

## आज का इतिहास

1781 - अंग्रेजो ने नागापट्टनम पर कब्जा किया।

1841 - टेक्सास का शहर जॉन नेली ब्रायन द्वारा स्थापित किया गया।

1847 - ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने एनेस्थेटिक के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया।

1908 - बुलग़ारिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।

1927 - महात्मा गांधी ने सिलोन की अपनी पहली और आखिरी यात्रा की।

1930 - लंदन में भारत में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए पहले गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत।

1936 - केरल के मंदिर सभी हिंदुओं के लिए खुले।

1940 - भारतीय फिल्मों के अभिनेता अमज़द ख़ान का जन्म हुआ।

1946 - बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एंव भारत रत्न से सम्मानित पंडित मदन मोहन मालवीय का उत्तर प्रदेश में निधन हो गया।

1969 - प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेस से निष्कासित किया गया।

1974 - दक्षिण अफ्रीका नस्लीय नीतियों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा से निलंबित।

1984 - एक रूपए के ब्रितानी नोट गायब, सिक्के चालू किए गए।

1990 - जापान में सम्राट आकिहितो का परम्परानुसार राज्याभिषेक।

2001 - न्यूयॉर्क में अमेरिकी एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 260 यात्री मारे गए।

2006 - अंतराष्ट्रीय संधि %प्रोटोकॉल ऑन एक्सप्लोसिव रेमनेन्ट्स ऑफ वार% लागू हुई।

2008 - देश का पहला मानव रहित अंतरिक्ष यान चंद्रयान-1 चन्द्रमा की अन्तिम कक्षा में स्थापित हुआ।

2009 - भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के %अतुल्य भारत% अभियान को वर्ल्ड ट्रेवल अवार्ड-2009 से नवाजा गया।

**विरोध** काहिरा की सड़कों से लेकर अम्मान के चौराहों तक विरोध की आवाज

## अरब में शासन व लोगों के बीच खाई को उजागर कर रहा प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। दोहा इंस्टीट्यूट फॉर ग्रेजुएट स्टडीज में संघर्ष और मानवतावादी अध्ययन के एसोसिएट प्रोफेसर तारिक दाना के अनुसार, अरब दुनिया भर में हो रहे व्यापक विरोध प्रदर्शन शासन की पसंद और उनकी आबादी की भावनाओं के बीच मौजूद खाई की एक ज्वलंत तस्वीर पेश करता है। दाना न्यू अरब में लिखते हैं, काहिरा की सड़कों से लेकर अम्मान के चौराहों तक, मोरक्को और उससे आगे, लोग अपनी सरकारों के इजरायल के साथ फिर से जुड़ने के विरोध में आवाज उठाने के लिए एकत्रित हुए

लेख में कहा गया है कि सार्वजनिक सक्रियता का यह आधार न केवल अरब शासन और अरब लोगों के बीच असंगति को रेखांकित करता है, बल्कि फिलिस्तीनी मुद्दे के प्रति एक पुनरुत्थान वाली जमीनी स्तर की प्रतिबद्धता का भी संकेत देता है, जो इसे हाशिए पर धकेलने की कोशिश करने वाले ऊपर से नीचे के आख्यान को चुनौती देता है।

दाना ने लिखा, एक दशक से अधिक समय से, मुख्यधारा के टिप्पणीकारों और नीति निर्माताओं ने फिलिस्तीनी मुद्दे को मध्य पूर्व भू-राजनीति की परिधि में धकेल दिया है। जैसे-जैसे ईरान, सऊदी अरब और तुर्की जैसे प्लेयर्स के बीच क्षेत्रीय शक्ति प्रतिस्पर्धा प्रमुखता से बढ़ रही है, और सीरिया, यमन और लीबिया में गृह युद्ध जैसे मुद्दे सुर्खियों में छाए हुए



■ अपनी सरकारों के इजरायल के साथ फिर से जुड़ने के विरोध में एकत्रित हुए

हैं। फिलिस्तीनी संघर्ष को अक्सर प्रतीकात्मक कारणों से महत्वपूर्ण प्रदर्शन के रूप में देखा गया है, लेकिन व्यावहारिक भू-राजनीतिक गणनाओं के लिए ऐसा कम है।

लेख में कहा गया है, फिलिस्तीनी संघर्ष से खुद को दूर करने के लिए कुछ अरब शासनों की जानबूझकर की गई कार्रवाइयों से इस गलत धारणा को बल मिला है। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात, अब्राहम समझौते के अन्य हस्ताक्षरकर्ताओं के साथ, एक स्पष्ट उदाहरण के रूप में खड़ा है। इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य बनाकर, इन शासनों ने एक राजनीतिक संदेश दिया कि फिलिस्तीन अब अरब एजेंडे या मध्य पूर्व में शांति के केंद्र में नहीं है। इसमें फिलिस्तीनी प्राधिकरण की मिलीभगत भी शामिल है, जो एक भ्रष्ट संस्था है जो अक्सर इजरायल के एजेंडे को लागू करने का काम करती है। इसकी निष्क्रियता और शासन की विफलताओं ने अनजाने में फिलिस्तीनी संघर्ष की अप्रासंगिकता के मिथक को मजबूत किया है, एक प्रतिनिधि निकाय के बजाय एक संस्थागत बाधा के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत किया है।

## सुडोकू 6374


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 7 | | 6 | |
| 2 | | | 9 | 5 | 6 | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| 8 | | 2 | 4 | | | 6 | | 7 |
| 4 | | | | 6 | | | | 3 |
| 5 | | 1 | | | 3 | 2 | | 4 |
| | | | | | | 3 | 1 | |
| | | 4 | 8 | 1 | 9 | | | 6 |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6374



**बायें से दायें:-**

१. हानिकारक, अपकार करने वाला, अकल्याणकारी
४. 'एजेंट'
६. रुकना, ठहरना, चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरुता, भारीपन, गौरव, महत्व
१५. बंधुत्व
१६. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन, बगीचा
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन होकर नीचे की ओर झूलना, टंगना
२४. निर्माण-संबंधी, सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपाती (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी ऊंगली और बीच की ऊंगलियों में बीच की ऊंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब, भरोसा, मदद (उर्दू)
१३. संपूर्ण, समस्त (उर्दू)
१४. आकाश, नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८. लेखक, लिपिकार
१९. पूज्य, उपासना
२०. लालसा, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6373

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दो | ष | वे | च | क | ■ | वि | लं | ब | न |
| प | ■ | त | ■ | म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ह | न | न | ■ | ला | ■ | त्र | पा | ही | न |
| र | ■ | मा | ■ | स | म | ता | ■ | ■ | क्शा |
| ■ | अ | म | श | न | ■ | ■ | प्र | धा | न |
| ■ | र्ज | ■ | वा | ■ | सु | ल | भा | ■ | वी |
| बे | न | का | ब | ■ | गं | ■ | त | म | स |
| न | ■ | लो | ■ | अ | ध | र | ■ | ल | ■ |
| जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | खै | रि | य | त |
| र | ■ | र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | थ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6374 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 3 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 5 |

## दुनिया को जानें

### रूस के लंबी दूरी के परिवहन ड्रोन परीक्षण का पहला चरण पूरा

**मॉस्को,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के लंबी दूरी के परिवहन ड्रोन ट्रांसपोर्ट एविएशन मल्टीफंक्शनल प्लेटफॉर्म (ट्रैम्प ) ने उड़ान परीक्षण का पहला चरण पूरा कर लिया है। रूस की आरआईए नोवोस्ती ने शनिवार को यह जानकारी दी। ट्रैम्प 600 किमी से अधिक दूरी तक 250 किलोग्राम तक माल ले जाने में सक्षम है। इसका जमीनी परीक्षण किया जा रहा है। ड्रोन तीन-ब्लेड वाले प्रोपेलर के साथ मानक इंजन से सुसज्जित है और ग्राउंड टैक्सींग के लिए उपयोग किए जाने वाले तकनीकी के बजाय इसमे मानक लैंडिंग गियर लगा है। ड्रोन की खासियत 2,650 लीटर की मात्रा वाला एक बड़ा कार्गो कंपार्टमेंट है। यह आपको आयामी कार्गो को बोर्ड पर लोड करने की सहूलियत देता है, साथ ही इसे पैराशूट से किसी भी निर्धारित बिंदु पर बिना रुके गिराया सकता है। इस ड्रोन की क्रूज़िंग गति 195 किमी प्रति घंटा है और यह तीन हजार मीटर ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। ट्रैम्प एक क्लासिक हवाई जहाज योजना का एक उड़ने वाला उपकरण है जिसमें ऊंचे सीधे पंख और दो-वी-आकार की पूंछ होती है। इंजन धड़ के सामने वाले हिस्से में लगा है।

# खेल जगत

## एलिसा हीली ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी के लिए 100 प्रतिशत तैयार

**सिडनी,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। एलिसा हीली को भरोसा है कि वह भारत दौरे के लिए फिट होंगी और साथ ही उन्होंने यह भी साफ़ किया है कि वह मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद स्थाई तौर पर कप्तानी करना चाहती हैं। पिछले 12 महीनों में हीली ने भारत दौरे, एशेज और वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ सीरीज़ के लिए लैनिंग के स्थान पर कप्तानी की है। अब लैनिंग के जाने के बाद स्थाई कप्तान पर फ़ैसला लिया जाना है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के दौरे के बाद हीली ने कहा था कि विकेटकीपिंग और बल्लेबाज़ी के साथ कप्तानी का भी भार उठाना उनके लिए काफ़ी मुश्किल काम है। हीली ने कहा, मैं कप्तानी करती रही क्योंकि उम्मीद थी कि लैनिंग वापस आएंगी। अगला कप्तान कौन होगा इसका फ़ैसला ज़िम्मेदार लोग लेंगे। मुझे नहीं पता कि वे लंबी अवधि वाला कप्तान खोजेंगे या फिर कोई छोटी अवधि के लिए। अगर मुझे बुलाया जाता है तो निश्चित रूप से मैं इस मौके को स्वीकार करूंगी।



# विराट की निगाहें सबसे पहले दुनिया में वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में शतकों के अर्धशतक पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- नीदरलैंड से भारत के विजयक्रम को रोकने की आस बेमानी
- शमी व बुमराह की गेंद की धार से पार पाना एंजेलब्रेक्ट व एडवडर्स के लिए आसान नहीं



**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विराट कोहली की निगाहें अब अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर को भी पीछे छोड़ दुनिया में सबसे पहले वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतकों का अर्धशतक जड़ अपने दूसरे घर बेंगलुरू में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को आईसीसी क्रिकेट वन डे विश्व कप 2023 के आखिरी और नौवें राउंड रॉबिन लीग मैच में भी जीत दिला उसका अजेय क्रम बरकरार रखने पर है। बेशक नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को धर्मशाला में हरा कर बड़ा उलटफेर किया हो लेकिन उससे भारत के विजयक्रम को रोकने की आस बेमानी ही है। भारत और नीदरलैंड अब तक वन डे विश्व कप में दो भिड़े हैं और दोनों बार जीत उसके ही हिस्से आई। भारत की कोशिश नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम वन डे विश्व कप में लगातार तीसरी जीत के साथ उसके खिलाफ अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखने की होगी। भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट और केएल राहुल का चिन्नास्वामी मैदान से खास रिश्ता है और ये दोनों अपने चीफ कोच राहुल द्रविड़ को उनके गृह मैदान पर 'जीत' का तोहफा देने में कसर नहीं छोड़ेंगे। खासतौर पर विराट और केएल राहुल की हौसलाअफजाई के लिए उनके प्रशंसक चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

भारतीय टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी, धारदार गेंदबाजी और बेहद चुस्त फील्डिंग की बानगी पेश कर शुरू के आठों मैच जीत कर शीर्ष पर रह कर सबसे पहले सेमीफाइनल में स्थान बनाकर देशवासियों को दीवाली से पहले ही खुशियों के दीप जलाने का मौका दे दिया। भारत ने शुरू के पांच मैच बाद मे बल्लेबाजी करते हुए और इससे अगले तीनों मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते हैं। भारत की असली दिवाली तो तब ही मनेगी जब वह 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल जीत तीसरी बार वन डे विश्व कप खिताब जीतेगा लेकिन इससे पहले उसे सेमीफाइनल की अंतिम पूर्व बाधा को पार करना होगा। नीदरलैंड की बल्लेबाजी उसके लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दो-दो –दो अर्द्धशतक जडने वाले साइब्रेंड एंजेलब्रेक्ट (255 रन) और कप्तान स्कॉट एडवडर्स (242 रन) के साथ कॉलिन एकरमैन (कुल 181 रन) पर निर्भर करेगी। भारत के तेज गेंदबाज शमी(कुल 16 विकेट), जसप्रीत बुमराह(कुल 15 विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल दस विकेट) की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल 12 विकेट) और रवींद्र जडेजा(कुल 14 विकेट) से पार पा एंजेलब्रेक्ट और एडवडर्स के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा।

भारत के लिए नीदरलैंड के खिलाफ मैच में कुछ प्रयोग करने का मौका है क्योंकि इसके नतीजे से उस पर कोई फर्क नहीं पडने वाला है। भारत बावजूद इसके अपने विजयी संयोजन से छेड़छाड़ नहीं करेगा क्योंकि 15 नवंबर को सेमीफाइनल में जीत के साथ उतरना चाहेगा। भारत चेन्नै में ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही मैच में मात्र दो रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद ही सही मायनों में नींद से ऐसी जागा कि फिर पलट कर पीछे नहीं देखा। भारत ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैड के खिलाफ लखनउ में 229 रन बनाया लेकिन तब रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी के पंजे की बदौलत गेदबाजी इकाई के रूप मे धार दिखा कर उसे सौ रन से जीत दिलाई। भारत अपने शुरू के सभी आठ मैच जीत कर सबसे पहले शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका है। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित के शुरू से ही बल्ले से दे दनादन , विराट के जोश के साथ होश और मात्र चार मैच खेल कर रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी के दो %पंजो' सें कहर बरपा ताश की पत्तों की तरह प्रतिद्वंद्वी टीम के बिखेर विकेट ने भारत के विजयरथ को लगातार आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। विराट पर से कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बीते रविवार को शतक जडने के साथ दुनिया में वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 49 शतकों के सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करने के साथ एक बहुत बड़ा %बोझ' उतर गया। विराट कोहली का किसी भी फॉर्मेट में शतक अब उन्हें दुनिया में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट को मिलाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल सबसे ज्यादा शतकों के %शतक' जडने वाले इकलौते बल्लेबाज बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के रिकॉर्ड के औरकरीब और लाता जाएगा। विराट कोहली फिलहाल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट कुल मिलाकर 72 अंतर्राष्ट्रीय शतकों के साथ सचिन के बाद दूसरे नंबर पर है। विराट (कुल 543 रन) मौजूदा संस्करण में दो शतकों और चार अर्द्धशतकों के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने में सबसे ज्यादा चार शतक जडने वाले दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक(कुल 591 रन) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (कुल 565 रन) के बाद तीसरे भारत के लिए रन बनाने में पहले स्थान पर हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा (कुल 442रन)अपने ही अंदाज में दे दनादन कर एक शतक और दो अर्द्धशतक के साथ रन बनाने में दूसरे स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर(कुल 292 रन) तीन अर्द्धशतक , केएल राहुल (कुल 245 रन) एक अर्द्धशतक, दो अर्द्धशतक जडने वाले शुभमन गिल (कुल 219 रन) और हार्दिक पांडया के चोट के चलते बाहर होने से पिछले चार मैचों में मिले मौके को भुनाने वाले सूर्य कुमार यादव (कुल 85रन) और रवींद्र जडेजा (कुल 111 रन) जैसे ऑलराउंडर की मौजूदगी में भारत बड़ा लक्ष्य खड़ा करने और जीत के लिए बड़े लक्ष्य का पीछा करने में सक्षम हैं।

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को दिया 338 रन का लक्ष्य



**कोलकाता** 11 नवंबर (वार्ता) जो रूट (60) और बेन स्टोक्स (84) के बीच तीसरे विकेट के लिये 132 रन की साझीदारी की मदद से इंग्लैंड ने आईसीसी विश्वकप के अपने आखिरी लीग मुकाबले में शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 337 रन बनाये।

ईडन गार्डन मैदान पर डाविड मलान (31) और जॉनी बेयरस्टो (59) ने 82 रन की पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को मजबूत आधार दिया जबकि बाद में जो रूट और बेन स्टोक्स ने संयम का परिचय देते हुये अपनी टीम के स्कोर को बड़ा बनाने में महती योगदान दिया। शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर क्लीन बोल्ड होने से पहले स्टोक्स ने 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपनी टीम के लिये बेशकीमती रन जुटाये। मध्यक्रम की जान माने जाने वाले स्टोक्स का बल्ला भी आज खूब चला। वह अफरीदी की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़े शादाब खान के हाथों लपके गये।

आखिरी के आठ ओवरों में हैरी ब्रूक (30) और कप्तान जॉस बटलर (27) ने गियर बदलते हुये रनो की रफ्तार को तेज कर दिया। ब्रूक ने 17 गेंदो की संक्षिप्त पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े जबकि बटलर ने 18 गेंदो में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने 64 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि अफरीदी को 72 रन खर्च कर दो विकेट हासिल हुये। इफ्तिखार अहमद ने किफायती गेंदबाजी करते हुये 38 रन देकर एक विकेट झटका। डेविड विली (15) के रूप में मोहम्मद वसीम को एकमात्र विकेट 74 रन की कीमत पर हासिल हुआ। स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं विश्व कप का मजा।

## भारत के लिए कुछ डर हो सकते हैं : विव रिचर्ड्स



**दुबई,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। दो बार के विश्व कप विजेता सर विवियन रिचर्ड्स ने अजेय भारत से सकारात्मक रहने और हर कीमत पर आक्रमण करने का आग्रह किया है क्योंकि वे इस साल के आयोजन में अपना तीसरा खिताब जीतने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने इस साल विश्व कप के 13वें संस्करण में अगले सप्ताह सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए सभी आठ मैच जीते हैं।

रिचर्ड्स – जो अपने समय के सबसे तेजतर्रार और आक्रामक खिलाड़ियों में से एक के रूप में प्रसिद्ध हैं, उन्होंने 1975 और 1979 में वेस्टइंडीज को विश्व कप में सफलता दिलाई थी – वह चाहते हैं कि भारत अपनी ताकत के साथ खेलना जारी रखे और किसी भी नकारात्मक विचार से दूर रहे। रिचर्ड्स ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में कहा, भारत की मानसिकता है कि वे इसी तरह खेलते हुए आगे बढ़ सकते हैं।

यह निश्चित रूप से उनकी मानसिकता होनी चाहिए और अगर मैं उस ड्रेसिंग रूम में होता तो मेरी भी यही मानसिकता होती – आइए पूरी ताकत लगाकर बाहर निकलें। यह दृष्टिकोण अब तक काम कर चुका है और अगर यह बदलता है, तो चीजें भटक सकती हैं। मेरा मानना है कि वे हर तरह से अजेय रह सकते हैं, जिसके लिए वास्तव में प्रयास करना चाहिए। कुछ डर हो सकता है कि %हमने अब तक बहुत अच्छा खेला है, सेमीफाइनल में खराब खेल हो सकता है। उन्हें खत्म करने की कोशिश करनी होगी और किसी भी नकारात्मक विचार को खत्म करना होगा। जबकि विराट कोहली लंबे समय से रिचर्ड्स के पसंदीदा हैं, वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि उन्हें शुभमन गिल भी पसंद है क्योंकि भारत के सलामी बल्लेबाज उन्हें याद दिलाते हैं कि वह कैसे खेलते थे।

गिल पिछले हफ्ते वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी बन गए जब उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया, जबकि रिचर्ड्स ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में सर्वोच्च रेटिंग हासिल की जब उन्होंने 1985 के अंत में कुल 935 रेटिंग अंक दर्ज किए। रिचर्ड्स ने कहा, शुभमन गिल एक और खिलाड़ी हैं जो स्टाइल के साथ बल्लेबाजी करते हैं और वह उन खिलाड़ियों में से एक हैं जिनके पास सभी बड़े शॉट हैं। मैं बस यही उम्मीद कर रहा हूं कि कोई यह न भूले कि विवियन रिचर्ड्स नाम का एक लड़का बिना हेलमेट के था जो बाहर जाता था और कभी-कभी इसी तरह खेलता था!

आज खेले गए कुछ शॉट ऐसे हैं जिनके बारे में मुझे लगता है कि मेरे पास मेरे शस्त्रागार में थे, शायद रिवर्स स्वीप के अपवाद के साथ, लेकिन हेलमेट के बिना यह मूर्खतापूर्ण होता। मुझे लगता है कि मेरी स्कोरिंग दर आज खेल रहे खिलाड़ियों के बराबर है, हालांकि खेल काफी आगे बढ़ चुका है – एक

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | ` | ` | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | ` | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | ` | 14 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | ` | 1` |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | ` | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | ` | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | ` | 4 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | ` | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | ` | 4 |
| नीदरलैंड | 8 | 2 | 6 | ` | 4 |

## हेलमेट के मुद्दे पर अंपायरों को तुरंत सचेत करने पर मैथ्यूज टाइम आउट से बच जाते : एमसीसी

**लंदन,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा है कि बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट करार देने का अंपायर का फैसला सही था और साथ ही कहा कि अगर आलराउंडर ने अपने हेलमेट में समस्या के बारे में मैदानी अंपायरों को सचेत कर दिया होता तो आउट होने से बचा जा सकता था। 6 नवंबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मैथ्यूज सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। उन्हें गार्ड लेने में देरी का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया था और मैथ्यूज ने प्रतिस्थापन हेलमेट के लिए डगआउट को संकेत दिया। इसने बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को टाइम-आउट की अपील करने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद ऑन-फील्ड अंपायरों ने मैथ्यूज को उस मोड़ से आउट घोषित कर



दिया, जिससे इसके आसपास कई राय पैदा हुई, खासकर घटना के बाद। एमसीसी कानून 40.1.1 कहता है, विकेट गिरने या बल्लेबाज के रिटायर होने के बाद, आने वाले दूसरे बल्लेबाज को 3 मिनट के भीतर अगली गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए। यदि यह आवश्यकता पूरी नहीं होती है, तो आने वाला बल्लेबाज टाइम आउट हो जाएगा। लेकिन विश्व कप खेलने की परिस्थितियों के कारण प्रासंगिक समय तीन मिनट से दो मिनट हो गया। इस अवसर पर, कानून का मुख्य हिस्सा यह है कि बल्लेबाज को गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए। टाइम आउट होने से बचने के लिए मैदान पर या यहां तक कि विकेट पर होना भी पर्याप्त नहीं है। बल्लेबाज को निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी का सामना करने में सक्षम होने की स्थिति में होना चाहिए। अंपायरों ने निर्धारित किया कि मैथ्यूज दो मिनट के अंतराल के भीतर गेंद का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। बाद में उनके हेलमेट में एक समस्या आ गई, जिससे और देरी हुई।

एमसीसी ने अपने बयान में कहा, अगर अंपायरों को दो मिनट के भत्ते के भीतर एक महत्वपूर्ण, उचित, उपकरण-संबंधी देरी के बारे में सूचित किया गया होता, तो वे इसे एक नए प्रकार की देरी के रूप में मान सकते थे (जैसा कि वे तब करते हैं, उदाहरण के लिए, बल्ला टूट जाता है), संभवत: यहां तक कि टाइम को कॉल करना, बल्लेबाज को टाइम आउट होने के जोखिम के बिना उस देरी के समाधान की अनुमति देता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि दोनों अंपायरों ने निर्धारित किया कि देरी दो मिनट बीत जाने के बाद हुई, और अपील से पहले टाइम नहीं बुलाया गया था। मैच के बाद, मैथ्यूज ने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साक्ष्य पोस्ट किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके पास क्रीज पर अपनी स्थिति लेने के लिए पांच सेकंड और थे। लेकिन एमसीसी ने फैसले पर मैदानी अंपायरों का समर्थन किया। 30-यार्ड सर्कल तक पहुंचने में 90 सेकंड से अधिक समय लगने के बाद, मैथ्यूज ने देखा कि उनके पास समय की कमी थी, और अंतिम कुछ गज की दूरी पर विकेट के लिए दौड़ पड़े। यह दिखाया गया है कि उनके हेलमेट में खराबी पिछला विकेट गिरने के 1 मिनट 54 सेकंड बाद हुई थी। इस स्तर पर, उन्होंने बचाव करना शुरू नहीं किया था और गेंद प्राप्त करने की स्थिति में भी नहीं थे। जब हेलमेट टूटा, तो ऐसा प्रतीत होता है कि मैथ्यूज ने अंपायरों से परामर्श नहीं किया, जो एक खिलाड़ी से नए उपकरण मांगते समय करने की अपेक्षा की जाती है। बल्कि, उन्होंने ड्रेसिंग रूम को रिप्लेसमेंट के लिए सिर्फ इशारा किया। अगर उसने अंपायरों को बताया होता कि क्या हुआ था और इसे सुलझाने के लिए समय मांगा होता, तो शायद वे उसे हेलमेट बदलने की इजाजत दे देते, शायद टाइम को बुलाते और इस तरह टाइम आउट होने की कोई भी संभावना खत्म हो जाती।

## सार संक्षेप

### एक चीज जो हमने अच्छी की वह यह कि हमने कभी भी क्लस्टर में विकेट नहीं खोए : डुसेन

**अहमदाबाद।** 223 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में, दक्षिण अफ्रीका के लिए पहले बल्लेबाजी की तुलना में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना अच्छा नहीं रहा। पाकिस्तान पर एक विकेट से जीत को छोड़कर, दक्षिण अफ्रीका नीदरलैंड और भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए हार गया था। लेकिन शुक्रवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान के खिलाफ 245 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया और सेमीफाइनल से पहले अपने आखिरी लीग मैच में पांच विकेट से जीत हासिल की। सफल लक्ष्य का नेतृत्व रैसी वान डेर डुसेन ने किया, जिन्होंने 95 गेंदों में नाबाद 76 रन बनाए। इस मैच में आकर, हम खुद को उस स्थिति में रखना चाहते थे। इसलिए अगर हम टॉस जीतते तो हम वैसे भी गेंदबाजी करते, क्योंकि हम खुद को उस स्थिति में रखना चाहते थे, यह जानते हुए कि उनके पास विशेष रूप से एक मजबूत स्पिन आक्रमण है। मुझे लगता है कि यह काफी हद तक नियंत्रित था। एक या दो घबराहट वाले क्षण थे, लेकिन पीछा करने में ऐसा हमेशा होता है। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आपको बस आने वाले लोगों से अच्छी तरह से संवाद करना होगा। एक चीज जो हमने अच्छी तरह से की है वह यह है कि हमने कभी भी क्लस्टर में विकेट नहीं खोए। जो भी आया उसने थोड़ी-बहुत साझेदारी की और इसे करीब-करीब ख़त्म किया। ऐसा करने से, वे वास्तव में कभी भी मैच में नहीं थे। भले ही ऐसा लग रहा हो कि जब हमें लगभग 5-5 की जरूरत थी, हाथ में पांच विकेट होने पर, आप दस में से नौ बार वहां पहुंचने वाले हैं।

### लक्ष्य का पीछा करने से आत्मविश्वास में हुई वृद्धि : बावुमा

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि आज खेले गये मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत से आत्मविश्वास में वृद्धि,हुई है। बावुमा ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करना हमें काफ़ी आत्मविश्वास देगा और हम इसी आत्मविश्वास के साथ सेमीफाइनल में जा रहे है। हम इस पर भी विचार करेंगे कि खेल के किसी भी क्षेत्र में पिछड़े रहे है। इतनी बड़े मैदानों में दर्शकों की भारी संख्या के बीच खेलने का अनुभव अलग है। हम वापस इस मैदान में आकर फ़ाइनल खेलना चाहेंगे। वहीं अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने कहा कि एक कप्तान के तौर पर मुझे अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। हम हर मैच में अंत तक लड़े। यह हमारे लिए बड़ी सीख है। इस टूर्नामेंट में हमारे बल्लेबाज़ों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट से पहले हमारे बल्लेबाज़ संघर्ष कर रहे थे। हम भविष्य में इसी टूर्नामेंट के मोमेंटम को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे। हम ने अपने प्रदर्शन से दुनिया को एक संदेश दिया है।

## मार्श का तूफानी शतक, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को धो डाला

**पुणे,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। मिचेल मार्श (नाबाद 177) के तूफानी शतक और डेविड वार्नर (53) तथा स्टीव स्मिथ (नाबाद 63) के शानदार अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को शनिवार को विश्व कप मुकाबले में आठ विकेट से धो डाला।

बांग्लादेशी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच में 50 ओवर में आठ विकेट पर 306 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन ऑस्ट्रेलिया को रोक पाने का दम उसकी गेंदबाजी में नहीं था। ऑस्ट्रेलिया ने 44.4 ओवर में दो विकेट पर 307 रन बनाकर जीत अपने नाम की। मार्श को प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार मिला। मार्श ने विस्फोटक अंदाज में खेलते हुए 132 गेंदों पर 17 चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 177 रन ठोके और टीम को आसान जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। ट्रेविस हेड (10) को जल्दी गंवाने के बाद मार्श ने वार्नर के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन जोड़े। मार्श ने फिर तीसरे विकेट के लिए स्मिथ के साथ 175 रन की अविजित साझेदारी कर बांग्लादेश को ध्वस्त कर दिया।



वार्नर ने 61 गेंदों पर 53 रन में छह चौके लगाए जबकि विजयी चौका मारने वाले स्मिथ ने 64 गेंदों पर नाबाद 63 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने नौ मैचों में लगातार सात जीत के साथ लीग चरण अभियान समाप्त किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार विश्व कप में 300 या उससे अधिक रनों का स्कोर हासिल किया है। वह तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने एक शानदार जीत दर्ज की है। बांग्लादेश ने बल्लेबाज़ी में अच्छे हाथ दिखाए, लेकिन गेंदबाज़ों ने उतना सहयोग नहीं दिया। ट्रैविस हेड का विकेट काफ़ी जल्दी निकालने के बाद बांग्लादेश के पास मौका था, लेकिन डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापस लाने का काम किया। मार्श की पारी ने सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया के आत्मविश्वास को और बढ़ाने का काम किया है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश के शीर्ष और मध्य क्रम के सभी बल्लेबाजों ने क्रीज पर आने के बाद विकेट पर समय बिताया और टीम के 300 से ऊपर के स्कोर में अपना योगदान दिया।

तौहीद हृदोय ने 79 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से सर्वाधिक 74 रन बनाये। कप्तान नजमुल शान्तो ने 45, लिटन कुमार दास ने 36,तंज़िद हसन ने 36 और महमुदउल्लाह ने 32 रन बनाये जबकि मुशफिकुर रहीम ने 21 और मेहदी हसन मिराज़ ने 29 रन बनाये। बांग्लादेश के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। दूसरी ड्रिंक्स के समय लग रहा था कि बांग्लादेशी टीम 350 के स्कोर तक पहुंच सकती है, क्योंकि वे 6 से ऊपर के रन रेट से रन बना रहे थे और उनके सात विकेट शेष थे। लेकिन मार्नस लाबुशेन के दो बेहतरीन रन आउट ने पारी के मोमेंटम को पलटा और उन्हें 300 के ऊपर के ही स्कोर से संतोष करना पड़ा।

अधिकतर बांग्लादेशी बल्लेबाज़ों को अच्छी शुरुआत मिली थी, लेकिन तौहीद हृदोय को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज़ अर्धशतक पूरा नहीं कर सका। अपना पहला विश्व कप मैच खेल रहे शॉन एबट ने अंत में अपनी स्लोअर शॉर्ट गेंदों से बांग्लादेशी बल्लेबाज़ों को बांधे रखा, वहीं एडम ज़म्पा एक बार फिर से फ़ील्ड में बेहतरीन रहे।

## स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं विश्व कप का मजा

**मुबंई** 11 नवंबर (एजेंसियां)। दस लाख से अधिक क्रिकेट प्रेमी अब तक मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का स्टेडियम में बैठ कर लुफ्त उठा चुके हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच के दौरान दस लाखवां प्रशंसक टर्नस्टाइल के माध्यम से आया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अब तक के सबसे बड़े विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए प्रशंसक भारत भर के दस स्टेडियमों में उमड़ रहे हैं। आईसीसी को भरोसा है कि दर्शकों के मैदान की ओर रुख करने की यह रफ्तार 15 और 16 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल तक जारी रहने वाली है, जिसके बाद 19 नवंबर को फाइनल होगा। टीवी और मोबाइल फोन पर दर्शकों की संख्या पहले ही विश्व कप के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर चुकी है।
इस उपलब्धि पर आईसीसी के हेड ऑफ इवेंट्स क्रिस टेटली ने कहा, एक मिलियन से अधिक रिकॉर्ड-तोड़ दर्शकों के साथ विश्व कप ने दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को वनडे प्रारूप में समर्थन और रुचि की याद दिला दी है, जो इस पर प्रकाश डालता है। उन्होने कहा, विश्व कप क्रिकेट को कितना महत्व दिया जाता है. जैसा कि हम नॉकआउट चरण की ओर देख रहे हैं। हम आशा करते हैं कि यह आयोजन अधिक रिकॉर्ड तोड़ेगा और एक दिवसीय क्रिकेट के बारे में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा।

# साहित्य

पंजाबी कहानी

# मंदिर वाली गली

■ देवेन्द्र सत्यार्थी

राय साहिब का घर मंदिर वाली गली में नहीं बल्कि गंगा के किनारे था। बहुत ख़ुशहाली का ज़माना था। एक पैसे में तीन सौदे आ जाते थे। आठ दिन, नौ मेले वाली बात समझिए। एक रुपये के पंद्रह सेर बासमती आ जाती थी। दो रुपये का सोलह सेर दूध। रुपये की छः मन लकड़ी। रुपये का एक मन कोयला। छः आने गज़ लट्ठा। सात पैसे गज़ बढ़िया मलमल और यक़ीन कीजिए दस रुपये में बहुत बढ़िया रेशमी साड़ी मिल जाती थी। इसलिए राय साहिब बोले मज़े से रहिए। जब तक आपका दिल भर न जाये।

घर के सामने एक पीपल का दरख़्त खड़ा था जिसने सैंकड़ों बाहें फैला रखी थीं। राय साहिब की उम्र उस वक़्त तीस-पैंतीस के बीच में होगी। मैं अक्सर मंदिर वाली गली में घूमने निकल जाता, और वापस आकर कभी राय साहिब से उसकी तारीफ़ करता तो वो कहते, 'वहाँ क्या रखा है? आने-जाने वालों के धक्के तो हमें नापसंद हैं और वो भी भांत-भांत के पंछी मिलते हैं। भांत भांत के चेहरे, भांत-भांत के लिबास।'

'अब दूर दूर के यात्री अपना लिबास कहाँ छोड़ आएं, राय साहिब?' मैं संजीदा हो कर जवाब देता, 'और उन बेचारों के चेहरे मुहरे जैसे हैं वैसे ही तो रहेंगे।'

वो खिलखिला कर हंस पड़ते। किसी ने भानुमती का कुम्बा देखना हो तो मंदिर वाली गली का एक चक्कर लगा आए। वहां जगह-जगह के लोगों को एक साथ घूमते देखकर मुझे तो ये शक होने लगता है कि ये एक ही देस के लोग हैं।

'ये तो ठीक है राय साहिब!' मैं बहस में उलझ जाता, 'बंगाली, महाराष्ट्री, गुजराती और मद्रासी अलग-अलग हैं तो अलग-अलग ही तो नज़र आएँगे। अपना-अपना रूप और रंग-ढंग घर में छोड़कर तो तीर्थ यात्रा पर आने से रहे।'

राय साहिब के साथ बातें करने से ज़्यादा लुत्फ़ मुझे मंदिर वाली गली के छः सात चक्कर लगाने में आता था। यात्रियों के किसी कुन्बे की कोई नौजवान लड़की अपनी दो चोटियों में से एक को आगे ले आती या जिस्म सुकेड़ कर चलती या अंगड़ाई के अंदाज़ में महराब सी बना डालती, तो ये मंज़र देखकर मुझे महसूस होता कि मंदिर वाली गली की आप-बीती में ये तफ़सील भी बड़े ख़ूबसूरत अंदाज़ में दर्ज हो गई। इसी तरह कोई भिखारन निचला होंट दाँतों तले दबा कर किसी भागवान यात्री औरत का सिंगार देखती रह जाती और फिर अपनी मैली कुचैली साड़ी के बावजूद सीना तान कर किसी दुकान के आईने में अपना रूप देखकर मुस्करा उठती तो ये बात भी मंदिर वाली गली की दास्तान में कलमबंद हो जाती।

ये सब बातें मैं राय साहिब को सुनाता और वो कहते, 'चौखटा मंदिर वाली गली का है और तस्वीर आपके मन की। हम क्या बोल सकते हैं? ये तो कैमरे की आँख ने नहीं, आपके दिमाग़ की आँख ने देखा।'

राय साहिब की बहुत जायदाद थी। स्याह पत्थर के खरल में वो हाज़्मे की गोलियां बनाने की दवा बड़ा शौक़ से बैठे घोंटते रहे। इस दवा का नुस्ख़ा उनके पड़दादा छोड़ गए थे और ताकीद कर गए थे कि इनकी तरफ़ से हाज़्मे की गोलियां मंदिर वाली गली में यात्रियों को मुफ़्त तक़सीम की जाया करें। ये काम करते वक़्त राय साहिब स्याह पत्थर के उस खरल की कहानी सुनाने लगते। उसे उनके पड़दादा जगननाथपुरी से लाए थे। जिस कारीगर ने ये खरल बनाया था, उसने चारधाम की यात्रा कर रखी थी और राय साहिब के पड़दादा से उसकी पहली मुलाक़ात बनारस की इस मंदिर वाली गली में ही हुई थी।

शादीशुदा ज़िंदगी के सात बरस गुज़ारने के बाद राय साहिब के एक बेटा हुआ। उसका नाम उन्होंने रूपम रखा। पंजों के बल चलने वाला रूपम मेरे साथ ख़ूब हिल मिल गया। वो मुझे दूर से ही पहचान लेता। वाक़ई रूपम बहुत हँसमुख था। मैं उसे उठा लेता और उसके हाथ मेरी ऐनक की तरफ़ उठ जाते। राय साहिब कहते, 'बेटा! उन की ऐनक टूट गई तो पैसे हमें ही भरने पड़ेंगे।'

राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़्मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

> राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़्मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

रूपम की जन्मपत्री की बात छिड़ने पर राय साहिब कहते, 'सब ठीक ठाक रहा। उस समय, न आंधी आई, न गरहन लगा। समय आने पर वो दुनिया में अपना लोहा मनवा के रहेगा।' कहते-कहते वो एक दम जज़्बाती हो जाते। 'बड़ा होने पर रूपम को मैं एक ही नसीहत करूँगा कि जिस हांडी में खाए उसी में छेद न करे।'

मैं कहता, 'चलती का नाम गाड़ी है, राय साहिब!'

राय साहिब शोहरत के भूखे थे न दौलत के। बड़ी तेज़ी से बात करते थे और अपने नज़रिए पर डटे रहते। गंगा की अज़्मत के वो क़ाइल थे और बनारस की तारीख़ में सबसे ज़्यादा गंगा का हाथ देखते थे, गंगा की तारीफ़ में राय साहिब श्लोक पर श्लोक सुनाने लगते, जैसे कोई दर्ज़ी दुपट्टे पर गोटे की मग़ज़ी लगा रहा हो।

राय साहिब के घर मेहमान बने मुझे तीन हफ़्ते से ऊपर हो गए थे। मेरे लिए ये बात कुछ कम अहमियत नहीं रखती थी कि मैं राय साहिब का मेहमान हूँ क्योंकि हर ऐरा ग़ैरा नथ्थू-ख़ैरा तो उनका मेहमान नहीं हो सकता था, वाक़ई राय साहिब की मेहमान नवाज़ी के क़दम ज़िंदगी के ख़ुलूस में गड़े हुए थे।

एक रोज़ जब मुझे राय साहिब के यहां रहते हुए सवा महीना हो गया था, राय साहिब सवेरे-सवेरे मेरे कमरे में आए। मैंने देखा, उनका रंग उड़ा हुआ था।

'क्या बात है राय साहिब!' मैंने पूछा।

राय साहिब ने आज पहली बार मेरी आँखों में आँखें डाल कर कहा, 'बात ऐसी है कि बोलना भी मुश्किल हो रहा है। फिर भी बताना तो होगा।' 'नहीं नहीं, कोई बात नहीं। आप यहीं रहिए। अपने मेहमान से भला मैं ये बात कह सकता हूँ?'

'मैं समझ गया राय साहिब! मुझे यहां रहते सवा महीना हो गया। ये बहुत है। अब वाक़ई मुझे चला जाना चाहिए।'

राय साहिब मेरे सामने खड़े-खड़े कबूतर की तरह फड़फड़ाये। उनकी आँखों में बेहद हमदर्दी थी लेकिन उनके चेहरे पर बेबसी के आसार साफ़ दिखाई दे रहे थे। मुझे याद आया कि इससे पहले दिन-दोपहर के वक़्त जब मैं रूपम से खेल रहा था, रूपम की माँ ने नौकरानी को भेज कर रूपम को मंगवा भेजा था।

मैंने साफ़ साफ़ कह दिया, 'रूपम के माता जी को मेरे यहां रहने से कष्ट होता है तो मुझे वाक़ई यहां से चला जाना चाहिए।'

'नहीं नहीं, हम आपको नहीं जाने देंगे। ये मेरा धर्म नहीं कि मेहमान चला जाये, अपना काम पूरा किए बिना। वैसे अगर आप कुछ दिन के लिए हमारे मंदिर वाली गली के मकान में चले जाते तो ठीक था।'

'मेरा तो कोई ख़ास काम नहीं। मंदिर वाली गली को भी बहुत देख लिया। अब वाक़ई मुझे यहां से चले ही जाना चाहिए।'

'हम आपके रहने का इंतिज़ाम कल से मंदिर वाली गली में कर देते हैं, कल से आप मान जाईए। वहां भी हमारा अपना मकान है और उसकी तीसरी मंज़िल पर एक कमरा आपके लिए ख़ाली कराया जा चुका है।'

'नहीं मैं वहां जाकर नहीं रहूँगा। आप यक़ीन कीजिए। मेरी तबीयत तो बनारस से भर गई है, अब तो मैं एक दिन भी नहीं रुक सकता।'

'नहीं आपको रुकना पड़ेगा।'

राय साहिब बार-बार होंटों पर ज़बान फेर कर उनकी ख़ुशकी को चाटने लगते। वो बोले, 'आप चले गए तो हमें गंगा मय्या का श्राप लगेगा।'

'गंगा मय्या के श्राप की तो इसमें कोई बात नहीं राय साहिब! ये तो हमारी आपकी बात है।'

राय साहिब हंसकर बोले, 'माफ़ कीजीए! शायद आप मुझे दब्बू टाइप का पतिदेव समझ रहे होंगे। जिसे अंग्रेज़ी मुहावरे में मुर्ग़ी ज़दा ख़ाविंद कहते हैं।'

'मुझे ये बात ज़रा भी बुरी नहीं लगी। राय साहिब! मेरे ऊपर आपका एहसान है। ये और बात है कि हर चीज़ इतनी सस्ती है कि एक पैसे के तीन सौदे आ जाते हैं।'

'हाँ तो आराम से बैठ कर सुनिए। पूरे पच्चीस बरस बाद मुझे दुबारा बनारस जाने का मौक़ा मिला और अब बहुत महंगाई का ज़माना था। कहाँ एक रुपये की पंद्रह सेर बासमती और कहाँ सवा रुपये सेर। कहाँ दो रुपये मन गेहूँ और कहाँ सोलह रुपये मन। रुपये की पाँच सेर चीनी की बजाय पंद्रह आने सेर। ये महंगाई जैसे आज़ादी का सबसे बड़ा तोहफ़ा था। आज मैं एक अदबी बुलावे पर बनारस गया था। पहला घर मुझे याद था। जहां मैं पच्चीस बरस पहले ठहरा था।

मैं पूछता-पाछता वहां पहुंचा तो देखा कि वहां न वो घर है न वो पीपल का पेड़। पूछने पर पता चला कि वो घर और पीपल तो बहुत बरस पहले गंगा में बह गए। मेरे दिल-ओ-दिमाग़ में सनसनी सी दौड़ गई।

राय साहिब अब दूसरी जगह चले गए थे। उनके पुराने पड़ोसी से उनका पता चलते देर न लगी। मैं वहां पहुंचा तो राय साहिब बहुत तपाक से मिले। पता चला कि रूपम का ब्याह हुए साढ़े तीन बरस होने को आए। अब तो रूपम का दो बरस का बेटा है। 'देखिए हम पोते वाले हो गए।' राय साहिब हंसकर बोले।

राय साहिब मुझे खाना खिलाए बग़ैर न माने। उन के चेहरे पर इन्सानियत का जौहर साफ़ दिखाई दे रहा था। पुराने घर की बात चली तो राय साहिब ने ठंडी सांस भर कर कहा उसे तो गंगा मय्या ले गई और हमारे पड़दादा का लगाया हुआ पीपल भी गंगा में बह गया।

मैं उठने लगा तो राय साहिब बोले, 'अब तो पच्चीस बरस पुरानी याद ऐसे है जैसे किसी खण्डहर की दीवार, जिसका पूरे का पूरा पलस्तर झड़ गया हो।'

'मुझे तो आपकी मेहमान नवाज़ी में अभी तक नए पन की ख़ुशबू आ रही है, राय साहिब!'

'अरे भई छोड़ो। मौसम की तरह हालात भी बदलते रहते हैं।' राय साहिब ने तुर्श आवाज़ में कहा।

मैंने कहा, 'याद है न राय साहिब। उन दिनों एक पैसे के तीन सौदे आ जाते थे।'

जब मैं चला तो राय साहिब ने रूपम का पता लिखवा दिया जो उन दिनों मंदिर वाली गली में रहता था। 'लीजिए रूपम के नाम चिट्ठी लिख कर सारा वर्तमान हाल बता दूं उसे। नहीं तो वो कैसे जानेगा कि वो आपकी गोद में खेल चुका है।' राय साहिब ने संजीदगी से कहा, 'देखिए! मैंने चौदह सतरों में सारी बात लिख डाली।'

मैं मंदिर वाली गली में पहुंचा तो यूं महसूस हुआ कि महंगाई के बावजूद कुछ भी नहीं बदला और वो संस्कृत कहावत फिर से मेरे ज़हन को गुदगुदाने लगी, 'जिसे कहीं भी ठिकाना न मिले उसे काशी ही आख़िर ठोर!'

रूपम राय साहिब की चिट्ठी पढ़ कर अपनी बीवी को बुला लाया और माँ की गोद से निकल कर नन्हा शिवम झट मेरे पास चला आया।

रूपम बोला- 'आप तो मंदिर वाली गली के पुराने प्रेमी हैं ना। देखिए! यही वो कमरा है, जहां पच्चीस बरस पहले पिता जी आपको ठहराना चाहते थे। पिता जी ने लिखा है कि आपको ग़लतफ़हमी हो गई थी कि माताजी आपको हमारे गंगा घाट वाले घर में रखकर ख़ुश नहीं हैं। उन्होंने तो आपका मंदिर वाली गली के साथ गहरा प्रेम देखकर ही ये चाहा था कि आप कुछ दिन इस गली में आकर भी रह जाएं।'

'छोड़ो वो पुरानी बात है।' मैंने मुस्कराकर बात टाल दी, 'इस से भी कहीं ज़्यादा याद रखने वाली बात ये है कि तब मुझे नन्हा रूपम मिला था, अब नन्हा शिवम।'

शिवम के हाथ में विश्वनाथ मंदिर का लकड़ी का छोटा सा मॉडल था जिसे वो हवा में उछाल रहा था।

घर की बालकोनी में खड़े-खड़े मैं ज़रा पीछे हट गया। मुझे डर था कि कहीं शिवम अपना लकड़ी का खिलौना नीचे मंदिर वाली गली में न गिरा दे। नन्हे शिवम की माँ ने जल्दी-जल्दी अपने सुसर का ख़त पढ़ा और सर पर बनारसी साड़ी ठीक करते हुए वो बोली, 'अब देखिए! हम आपको यहां से जल्दी जाने नहीं देंगे। जो ग़लतफ़हमी आपको रूपम के माता जी के बारे में हुई वो शिवम के माता जी के बारे में तो नहीं हो सकती।'

मंदिर वाली गली में ऐसे ही उत्तर-दक्खिन और पूरब-पच्छिम का संगम हो रहा था जैसे मंदिर वाली गली भी किसी गंगा मय्या की तरह पुकार रही हो, 'आओ यात्री! मेरी नई पुरानी लहरों में उतरो!'

---


संदर्भ : 12 नवम्बर, शायर और डायलॉग राइटर अख़्तर-उल-ईमान का जन्मदिवस

# दुनिया के संकट को हल करने की चाबी इश्तिराकियत में है

■ ज़ाहिद ख़ान

अख़्तर-उल-ईमान अपने दौर के संज़ीदा शायर और बेहतरीन डायलॉग राइटर थे। अक्सर लोग उन्हें फ़िल्मी लेखक के तौर पर याद करते हैं, मगर यह भूल जाते हैं कि फ़िल्मों में आने से पहले वो एक नामचीन शायर थे, और ताउम्र बेहद संज़ीदगी से शायरी करते रहे। उन्होंने शायरी की। नज़्में लिखीं, मगर फ़िल्मों के लिए कोई गाना नहीं लिखा। नग़मा निगारी से उन्होंने एक दूरी बनाए रखी। जबकि उनके सभी साथी शायर साहिर लुधियानवी, कैफ़ी आज़मी, मजरूह सुल्तानपुरी, जांनिसार अख़्तर वग़ैरह फ़िल्मों के लिए गीत लिख रहे थे। अख़्तर-उल-ईमान का तरक़्क़ीपसंद तहरीक से भी वास्ता रहा और आख़िर तक 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' में सरगर्म रहे। वे एक आला नज़्म निगार थे। उर्दू अदब में जदीद नज़्मों की इब्तिदा उन्होंने ही की। उनकी नज़्मों में सीधी-सादी शायरी नहीं, बल्कि उनमें एक मुकम्मिल कहानी होती है, जो ख़त्म होते-होते पाठकों के ज़ेहन में अनगिनत सवाल छोड़ जाती हैं। वे एक यथार्थवादी और आधुनिक शायर थे। उनकी नज़्मों में सिर्फ़ इश्क़-मुहब्बत ही नहीं, आम आदमी की ज़िंदगी की जद्दोजहद भी साफ दिखलाई देती है।

12 नवंबर, 1915 को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज़िला बिजनौर की एक छोटी सी बस्ती क़िला पत्थरगढ़ में एक ग़रीब परिवार में जन्मे अख़्तर-उल-ईमान का बचपन बेहद ग़ुर्बत में बीता। उनकी शुरुआती तालीम अनाथालय के एक स्कूल में हुई। मैट्रिक के बाद उनका ग्रेजुएशन नई दिल्ली के ऐंगलो अरबिक कॉलेज में हुआ। अख़्तर-उल-ईमान एक जज़्बाती इंसान थे। सत्रह-अठारह साल की उम्र में ही उन्होंने शायरी का आग़ाज़ कर दिया था। थोड़े से ही अरसे में अपनी रूमानी नज़्मों की बदौलत वे कॉलेज में अलग से पहचाने जाने लगे। उनके ख़ास दोस्त उन्हें ब्लैक जापान अख़्तर-उल-ईमान कह कर पुकारते। पढ़ाई और शायरी के अलावा उनकी दिलचस्पी सियासत में भी थी। स्टूडेंट पॉलिटिक्स में वे खुलकर हिस्सा लेते थे। आगे चलकर उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी से फारसी में एमए किया। अलीगढ़ यूनीवर्सिटी में ही पढ़ाई के दौरान अख़्तर-उल-ईमान, तरक़्क़ीपसंद शायरों के संपर्क में आए और उनकी शायरी में एक अलग रुजहान पैदा हुआ। पढ़ाई मुकम्मल करने के बाद, एक बार फिर उनके सामने रोज़ी-रोटी का सवाल था। उन्होंने मेरठ और दिल्ली में छोटी-छोटी नौकरियां कीं। कुछ दिन दिल्ली रेडियो स्टेशन में भी रहे, मगर कहीं भी उनका स्थायी ठिकाना नहीं रहा। आख़िरकार, अख़्तर-उल-ईमान का लेखन ही काम आया। दोस्तों की मदद से उन्हें पूना के 'शालीमार पिक्चर्स' में बतौर कहानीकार और संवाद लेखक की नौकरी मिल गई। शालीमार पिक्चर्स में उस वक़्त जोश मलीहाबादी, सागर निज़ामी, कृश्न चंदर और भरत व्यास जैसे आला दर्जे के अदीब पहले ही इकट्ठा थे, अख़्तर-उल-ईमान भी उस गिरोह का हिस्सा हो गए। 'शालीमार पिक्चर्स' के जब सितारे गर्दिश में आए, तो वे मुंबई चले आए। अख़्तर-उल-ईमान ने बचपन से ही ख़ूब ग़रीबी झेली थी, करियर बनाने के लिए उन्होंने जी-जान लगा दी। कुछ ही दिनों में उन्होंने डायलॉग राइटर के तौर पर अपनी पहचान बना ली। एक ज़माना था, जब हिंदी सिनेमा के बड़े बैनर की फ़िल्में उन्हें ही मिलती थीं। और इन फ़िल्मों की कामयाबी में भी अख़्तर-उल-ईमान के धारदार डायलॉग का हाथ होता था। फ़िल्मों में लिखे उनके डायलॉग, थिएटर से निकलकर दर्शकों के घर तक जाते थे।



अख़्तर-उल-ईमान की एक तरफ फ़िल्मों में स्टोरी और डायलॉग राइटर के तौर पर धूम मची हुई थी, तो दूसरी ओर वे शायरी में भी मशगूल थे। तमाम मसरूफ़ियत के बाद भी उन्होंने शायरी से किनारा नहीं किया। शायरी में वे फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, मुईन अहसन जज़्बी, मजाज़, मख़दूम, और मीराजी से ज़्यादा मुतास्सिर थे। या यूं कहें, मीराजी का ही उन पर ज़्यादा असर था। यही वजह है कि उनकी शायरी भी व्यक्तिवादी और प्रतीकवादी है। आगे चलकर उनकी शायरी ने सामाजिकता को एक अलग एंगल से छुआ। उनकी बेहद चर्चित नज़्मों में से एक 'एक लड़का' नज़्म पर नज़र डालिए, ''मैं उस लड़के से कहता हूँ वो शोला मर चुका जिस ने/कभी चाहा था इक ख़ाशाक-ए-आलम फूँक डालेगा/ये लड़का मुस्कुराता है ये आहिस्ता से कहता है/ये किज़्ब-ओ-इफ़्तिरा है झूट है देखो मैं ज़िंदा हूँ।''

साल 1942 से 1947 तक बंबई में तरक़्क़ीपसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। अख़्तर-उल-ईमान भी अक्सर 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' के जलसों में जो सज्जाद ज़हीर के घर होते थे, शरीक होते। और बहस में हिस्सा लेते, अपनी नज़्में पढ़ते थे। 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' की 1949 की भिवंडी कॉन्फ्रेंस में भी उन्होंने न सिर्फ़ सरगर्मी से हिस्सा लिया, बल्कि इंतिहा पसंदआना क़रारदाद (प्रस्ताव) की शदीद मुख़ालफ़त भी की। अख़्तर-उल-ईमान ने ग़ज़ल की बजाय नज़्म ही ज़्यादा लिखीं। उर्दू अदब में उनकी पहचान नज़्म निगार की है। 'ज़िंदगी का वक़्फ़ा', 'आख़िरी मुलाकात', 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'बिंत-ए-लम्हात', 'यादें', 'तन्हाई में', 'नया आहंग', 'उम्र-ए-गुरेज़ा के नाम', 'अहद-ए-वफ़ा', 'ज़िंदगी के दरवाज़े पर' और 'मताअ-ए-राएगां' वगैरह उनकी मशहूर नज़्में हैं।

अख़्तर-उल-ईमान की शायरी में ज़िंदगी के छोटे-छोटे लम्हे, तअस्सुरात बड़े ही बारीकी से नुमायां होते हैं। कई मर्तबा इन नज़्मों में क़ुदरत का बयान भी तफ़सील से आता है। 'जाने शीरीं', 'मुहब्बत', 'अहद—ए—वफ़ा' आदि अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों में मुहब्बत के नाज़ुक-नाज़ुक एहसास हैं। अख़्तर-उल-ईमान अपनी शायरी पर ख़ुद तन्क़ीद करते थे। एक किताब की भूमिका में उन्होंने अपनी शायरी के बारे में लिखा है, ''यह शायरी मशीन में नहीं ढली, एक ऐसे इंसान के ज़ेहन की रचना है, जो दिन-रात बदलती हुई सामाजिक, आर्थिक और नैतिक मूल्यों से दो-चार होता है। जहां इंसान ज़िंदगी और समाज के साथ बहुत से समझौते करने पर मजबूर है, जिन्हें वो पसंद नहीं करता। समझौते इसलिए करता है कि उसके बिना ज़िंदा रहना मुम्किन नहीं और उनके ख़िलाफ़ आवाज़ इसलिए उठाता है कि उसके पास ज़मीर नाम की एक चीज़ है।'' ज़ाहिर है कि ये आवाज़ तन्हा अख़्तर-उल-ईमान के ज़मीर की ही आवाज़ नहीं, बल्कि उनके दौर के हर संवेदनशील शख़्स के ज़मीर की आवाज़ है। समाज में जो उन्होंने महसूस किया, उसे ही अपनी शायरी में ढाल दिया। यही वजह है कि अख़्तर-उल-ईमान की शायरी यथार्थ की बेहद खुरदुरी ज़मीन पर खड़ी दिखाई देती है। उनकी बाज़ नज़्में बड़ी तवील है, जिनमें वे एक कामयाब क़िस्सागो की तरह पूरे मंज़र को बयां करते चले जाते हैं। 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'दिल्ली की गलियां तीन मंज़र' इन नज़्मों की कटगरी में शुमार होती हैं।

अख़्तर-उल-ईमान ने अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत साल 1948 में फ़िल्म 'झरना' से की लेकिन 'कानून' वह फ़िल्म थी, जिसने उन्हें फ़िल्मी दुनिया में स्थापित कर दिया। डायरेक्टर बीआर चोपड़ा की इस फ़िल्म में कोई गाना नहीं था। फ़िल्म की कामयाबी के पीछे इसके शानदार डायलॉग का हाथ था। आगे चलकर उन्होंने बीआर चोपड़ा और उनके भाई यश चोपड़ा की अनेक फ़िल्मों के डायलॉग लिखे। अपने पचास साल के फ़िल्मी करियर में अख़्तर-उल-ईमान ने 100 से ज़्यादा फ़िल्मों के संवाद लिखे। जिनमें नग़मा, रफ़्तार, ज़िंदगी और तूफ़ान, मुग़ल-ए-आज़म, वक़्त, हमराज़, दाग़, आदमी, पाकीज़ा, पत्थर के सनम, गुमराह, मुजरिम, मेरा साया, आदमी और इंसान, चांदी-सोना, धरम पुत्र, और अपराध जैसी कामयाब फ़िल्में शामिल हैं। 'वक़्त' और 'धरमपुत्र' के लिए वो बेहतरीन संवाद लेखन के फ़िल्मफ़ेयर ऐवार्ड से नवाज़े गए। उन्होंने एक फ़िल्म 'लहु पुकारेगा' का डायरेक्शन भी किया, अलबत्ता यह फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर नाकामयाब साबित रही।

अख़्तर-उल-ईमान साल 1943 में अपने पहले ही मज्मूआ-ए-कलाम 'गिर्दाब' के प्रकाशन के साथ ही सफ़-ए-अव्वल के शायरों में शुमार किए जाने लगे थे। इस किताब का तब्सिरा करते हुए फ़िराक़ गोरखपुरी ने लिखा था, ''नये शायरों में सबसे घायल आवाज़ अख़्तर-उल-ईमान की है। उसमें जो चुटीलापन, तल्ख़ी और जो दहक और तेज़ धार है, वो ख़ुद बता देगी कि आज हिंदुस्तान के हस्सास नौजवानों की ज़िंदगी का अलमिया क्या है ?'' अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों के अनेक मजमूए शाया हुए। जिनमें ने से कुछ ख़ास किताबें हैं-'सब रंग', 'तारीक सय्यारा', 'आब-ए-जू', 'यादें', 'बिंत लम्हात', 'नया आहंग', 'सर-ओ-सामाँ', 'ज़मीन ज़मीन' और 'ज़मिस्ताँ सर्द-मेहरी का'। 'इस आबाद ख़राबे में' उनकी आत्मकथा है, तो वहीं 'सबरंग' एक गीति-नाट्य है, जिसमें मज़दूरों के शोषण की प्रतीकात्मक कहानी है। अपनी बेमिसाल तख़्लीक़ात के लिए अख़्तर-उल-ईमान कई एज़ाज़ और इनामात से भी नवाज़े गए। किताब 'यादें' पर उन्हें साहित्य अकादेमी ऐवार्ड, तो 'बिंत लम्हात' पर उ.प्र. उर्दू अकादेमी और मीर अकादेमी ने उनको इनाम दिया। महाराष्ट्र उर्दू अकादेमी ने किताब 'नया आहंग' को ऐवार्ड दिया। यही नहीं 'सर-ओ-सामाँ' के लिए वो मध्य प्रदेश सरकार के 'इक़बाल सम्मान' से नवाज़े गए। इसी किताब पर उनको दिल्ली उर्दू अकादेमी और ग़ालिब इंस्टीट्यूट ने भी इनामात दिए। शायरी हो, नस्र, तक़रीर हो या फिर इंटरव्यू अख़्तर-उल-ईमान निहायत बेबाकी, सच्चाई और दयानत से अपने ख़यालात का इज़हार करते थे। समाजवाद पर उनका यक़ीन आख़िर तक क़ायम रहा। अख़्तर-उल-ईमान जब साहित्य अकादेमी का इनाम लेने दिल्ली आए, तो अकादेमी के जानिब से 'इंडिया इंटरनेशनल सेंटर' में उनके ऐज़ाज़ में एक जलसा हुआ। जिसमें क़ौमी मीडिया के नामवर अख़बार नवेस भी आमंत्रित थे। उनमें से एक जर्नलिस्ट ने अख़्तर-उल-ईमान से सवाल किया कि ''दुनिया आज जिस तरह के आशोब (संकट) से दो-चार है, उसका हल उनके नज़दीक क्या है ?'' जवाब में अख़्तर-उल-ईमान ने कहा कि ''इस सवाल का जवाब एक तवील तक़रीर (लंबे भाषण) से भी दिया जा सकता है, लेकिन मैं सिर्फ़ इतना ही कहूंगा कि इस आशोब को हल करने की चाबी इश्तिराकियत (साम्यवाद) है।''

---

लघुकथा

## आधुनिक मालिक और नौकर

सेठ दीनानाथ को पिछले चार महीने के कठिन प्रयास के बाद यह युवा नौकर प्राप्त हुआ था। जिसने अत्यन्त अल्प समय में ही दुकान का सारा काम सीख लिया था। सौ मीटर कपड़े का थान वह पांच मिनट में नाप लेता था और ग्राहक पटाने की कला में उसे महारथ हासिल थी। सेठ दोपहर का खाना उसे अपने साथ खिलाते थे, जो सेठ के घर से आता था। आज केशव (नौकर) का मूड कुछ उखड़ा हुआ था। उसने सेठ से कहा, ''सेठ जी मेरी मां की तबियत बहुत खराब है आप मुझे दो-तीन दिन की छुट्टी दे दें। ताकि मैं मां का फायदे से इलाज करा सकूं।'' सेठ को लगा तीन दिन में तो उसका लम्बा घाटा हो सकता है। उन्होंने अपने शब्दों में मिसरी घोलते हुए कहा, ''बेटा तुम कोई डॉक्टर तो हो नहीं। मां को दवा लाकर के दे दो और दुकान का काम देखो। आखिर इस दुकान में तुम्हारा भी तो हक है। क्या मैं इसे छाती पर बांधकर ले जाऊंगा। अरे तुम तो मेरे लड़के जैसे हो।'' केशव ने गम्भीरता से कहा, ''सेठ जी मैं आपका लड़का कभी नहीं हो सकता। अगर अपका लड़का होता तो किसी अंग्रेजी स्कूल में आपके बेटे की तरह पढ़ रहा होता। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि यदि मैं आपके यहां अधिक दिन तक टिका तो मुझे आपके बाद आपके लड़के की गुलामी करनी होगी। मुझे शब्दों से बहलाने की कोशिश न करें। यदि आप छुट्टी नहीं दे सकते तो मेरा हिसाब कर दें।''

सेठ जी हैरत से किशन का मुंह देख रहे थे।

---

## दीवाली

राम के हिज्र में इक रोज़ भरत ने ये कहा
क़ल्ब-ए-मुज़्तर को शब-ओ-रोज़ नहीं चैन ज़रा

दिल में अरमाँ है कि आ जाएँ वतन में रघुबिर
याद में उन की कलेजे में चुभे हैं नश्तर

कोई भाई से कहे ज़ख़्म-ए-जिगर भर दें मिरा
ख़ाना-ए-दिल को ज़ियारत से मुनव्वर कर दें

राम आएँ तो दिए घी के जलाऊँ घर घर
दीप-माला का समाँ आज दिखाऊँ घर घर

तेग़-ए-फ़ुर्क़त से जिगर पाश हुआ जाता है
दिल ग़म-ए-रंज से पामाल हुआ जाता है

दाग़ हैं मेरे जले दिल पे हज़ारों लाखों
ग़म के नश्तर जो चले दिल पे हज़ारों लाखों

कह रहे थे ये भरत जबकि सिरी-राम आए
धूम दुनिया में मची नूर के बादल छाए

अर्श तक फ़र्श से जय जय की सदा जाती थी
ख़ुर्रमी अश्क हर इक आँख से बरसाती थी

जल्वा-ए-रुख़ से हुआ राम के आलम रौशन
पुर उमीदों के गुलों से हुआ सब का दामन


मोहनी शक्ल जो रघुबिर की नज़र आती थी
आँख ताज़ीम से ख़ल्क़ित की झुकी जाती थी

मुद्दतों बा%द भरत ने ये नज़ारा देखा
कामयाबी के फ़लक पर था सितारा चमका

दिल ख़ुशी से कभी पहलू में
उछल पड़ता था
हो मुबारक ये कभी मुँह से
निकल पड़ता था

■ आफ़ताब रईस पानीपती







































































प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188